सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 21 नवम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 131, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

वैश्विक बाजार में गिरावट के बीच सेंसेक्स 898 अंक उछला

बैंक शेयरों में खरीदारी, विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से सेंसेक्स 898 अंक उछल गया। } 12

टेलीमेडिसिन के महत्व पर दिया जाये जोर : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवा चिकित्सकों से पेशेवर नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाये रखने और स्वास्थ्य सेवाओं में करुणा, संवेदनशीलता तथा मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। } 12



संक्षेप

ओडिशा के तट से टकराया चक्रवात अकवान

भुवनेश्वर। ओडिशा में शुक्रवार सुबह गोपालपुर के पास तट से टकराए चक्रवात अकवान के कारण अब तक बड़े नुकसान या किसी की मौत की खबर नहीं है लेकिन इसके प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवात के दस्तक देने की प्रक्रिया सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई और पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर पूरी हुई। आईएमडी ने सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर जारी बुलेटिन में कहा चक्रवाती तूफान अकवान ने बीच 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं और 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक के झोंकों के साथ गोपालपुर के पास दक्षिणी तटीय ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश को पार किया।

बुलडोजर से लड़के की मौत मामले में पांच गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोडशो के बाद, 14 साल के लड़के की कथित तौर पर बुलडोजर से कुचलकर मौत के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात जेसीबी ड्राइवर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई 14 साल के लड़के की मौत के सिलसिले में की गई, जिसे गोरखपुर में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोडशो के बाद कथित तौर पर एक बुलडोजर ने कुचल दिया था। समाजवादी पार्टी के नेता साधु यादव को इस मामले में पूछताछ के लिए उनके घर से एम्स पुलिस थाने लाया गया। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर दावा किया कि पुलिसकर्मियों ने उनके घर को घेर लिया था। साधु यादव का नाम प्राथमिकी में दर्ज है। २२उनकी पत्नी चिंता यादव ने सपा के टिकट पर कैंपियरगंज से विधानसभा चुनाव लड़ा था। साधु यादव आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं और उन्होंने पार्टी से टिकट के लिए आवेदन भी किया है।

121 करोड़ का गबन, वीएफएस कैपिटल लिमिटेड पर मुकदमा

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को 121.78 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में वीएफएस कैपिटल लिमिटेड के निदेशकों से जुड़े कोलकाता और देहरादून स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में कंपनी और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई की प्रवक्ता बीना यादव ने एक बयान में बताया कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की शिकायत पर वीएफएस कैपिटल लिमिटेड, कंपनी के निदेशकों और गारंटरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर धोखाधड़ी के लिए आपराधिक साजिश रचने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पीएम मोदी का लखनऊ दौरा आज, सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध



शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को लखनऊ में आयोजित पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह-2026 में देशभर के आईटीआई के 52 मेधावी प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित करेंगे। इन सभी ने अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा (एआईटीटी) 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। बयान में कहा गया है कि यह समारोह गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। सम्मानित होने वालों में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के 37 प्रशिक्षार्थी (18 पुरुष और 19 महिलाएं) तथा शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना के 15 प्रशिक्षार्थी (सात पुरुष और आठ महिलाएं) शामिल हैं। उत्तर प्रदेश प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इस समारोह में उत्तर प्रदेश के छह मेधावी प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अनुसार, प्रधानमंत्री, मंच पर 10 मेधावी प्रशिक्षार्थियों को ...शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री योगी की मां का निधन, गांव पहुंचकर किये अंतिम दर्शन

प्रधानमंत्री मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

एजेंसी

कोटद्वार/देहरादून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का शुक्रवार को पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित उनके पैतृक गांव पंचूर में निधन हो गया। परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि वह 91 वर्ष की थीं, और पिछले काफी समय से बीमार थीं। उन्होंने सुबह करीब पौने ग्यारह बजे अंतिम सांस ली। उनकी माताजी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तरखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत देश-प्रदेश के सभी नेताओं ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और उनकी मां के निधन पर शोक व्यक्त किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में, सावित्री देवी के निधन



(फाइल फोटो)

पर दुख जताया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के स्वर्गवास का समाचार सुनकर मुझे दुख की अनुभूति हुई है। जीवन के किसी भी पड़ाव पर मां का साया उठ जाना सबसे बड़ा और असहनीय आघात होता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मां सावित्री देवी जी के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मां का निधन जीवन की ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे अत्यंत दुखद और हृदयविदारक समाचार बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि मां का स्नेह, आशीर्वाद और ममता जीवन की सबसे अनमोल पूंजी होती है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अराधना मिश्रा सहित विभिन्न विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सावित्री देवी के परिवार में चार बेटे और ...शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की माताजी सावित्री देवी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। इस कठिन समय में मेरी गहरी संवेदनाएं मुख्यमंत्री जी एवं उनके समस्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

विराज सागर दास
सदस्य, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, उप्र
प्रेसिडेंट, बीबीडी ग्रुप

नशे के सौदागरों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

○ युवाओं के करियर से खिलवाड़ करने वालों को करेंगे तबाह : योगी ○ 26 जनवरी तक वितरित होंगे नियुक्ति पत्र

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 23 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट प्रदान किए और योजना पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन भी किया। देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा की कि माफियाओं को कुचलने और संगठित अपराध को नष्ट करने के बाद अब प्रदेश सरकार नशे के सौदागरों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई प्रारंभ करने जा रही है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए चेतावनी दी कि युवाओं के करियर के साथ खिलवाड़ करने वालों को सरकार पूरी तरह तबाह कर देगी। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने टैबलेट पाने वाले युवाओं के साथ सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री ने दो दिन पूर्व गोरखपुर में सपा के जुलूस के दौरान दसवीं के छात्र को रौंदे जाने की घटना को यूपी की पहचान पर काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेने जा रहा वह छात्र चौरी-चौरा कांड के क्रांतिकारी पूजन सिंह का प्रपौत्र था। चुनाव के समय बिलों से निकलकर मचलने वाले अराजक तत्वों को पूरी तरह कुचल दिया जाएगा। विपक्ष को आंकड़ों के साथ जवाब



देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े नौ वर्ष में पौने दस लाख सरकारी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। हाल ही में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, पुलिस, खेल और राजस्व विभाग में 16 हजार से अधिक नियुक्तियां हुईं। अब 8 हजार लेखपालों, 32 हजार पुलिसकर्मियों और 42 हजार से अधिक होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 26 जनवरी तक औसतन हर पांच से सात दिन में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। पहले परीक्षाओं में मुन्ना भाई और सैफई सिंडिकेट हावी था, जबकि अब पेपर लीक पर आजीवन कारावास, एक करोड़ रुपये जुमार्ना व संपत्ति जब्ती के सख्त कानून के बीच टैलेंट के आधार पर फटाफट भर्ती हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में 60 लाख युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन मिले, जिसका लाभ आईआईएम लखनऊ के अध्ययन के अनुसार 3 करोड़ लोगों तक पहुंचा। दूसरे चरण में 25 लाख टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। इंफोसिस के 18 हजार से अधिक निःशुल्क कोर्स और 'युवा साथी ऐप' से युक्त यह टैबलेट चलता-फिरता विश्वविद्यालय है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को वायरल कंटेंट का फैक्ट चेक करने, डिजिटल सुरक्षा बरतने और रील देखने में 30 सेकंड के बजाय कौशल विकास पर तीन घंटे देने की सलाह दी। साथ ही टैबलेट से जनगणना 2027 की स्वगणना और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के लिए फॉर्म 6, 7 व 8 भरने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल स्किलिंग एंड एंप्लॉयमेंट जोन बनेगा, जहां युवाओं को जापानी और जर्मन भाषाओं तथा कौशल प्रशिक्षण देकर देश-विदेश के उद्योगों से जोड़ा जाएगा। प्रदेश में स्टार्टअप 120 से बढ़कर 25 हजार हो गए हैं, जिसके लिए एक हजार करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है। ओडीओपी, ओडीओसी और सीएम युवा योजना के तहत दो लाख युवाओं को पांच लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण, 67 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति और कॉलेज स्तर तक अभ्युदय कोचिंग से युवा जॉब क्रिएटर बन रहे हैं। यूपी की जीएसडीपी तीन गुना होकर 12 लाख करोड़ से 36 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों से 65 लाख युवाओं को रोजगार मिला और अकेले गीडा में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया। 60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे नेटवर्क, 17 एयरपोर्ट, गोरखपुर में एम्स व पांच विश्वविद्यालयों के साथ पूर्वांचल इंसेफेलाइटिस-मुक्त हो चुका है। सीएम ने कहा कि यूपी उपद्रव से उत्सव का प्रदेश बन गया है। देवोत्थान एकादशी पर अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा में 50 से 55 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। एचसीएल टेक के लखनऊ सेंटर में कर्मियों की संख्या 100 से बढ़कर 18 हजार हो ...शेष पृष्ठ 11 पर

बर्ड फ्लू की पहली वैक्सीन देश को समर्पित : शिवराज

भोपाल। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी) में विकसित बर्ड फ्लू (एच5एन1) की देश की पहली स्वदेशी चिकन वैक्सीन राष्ट्र को समर्पित की।

चौहान ने इस अवसर पर भोपाल में 300 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू के इस स्वरूप की दुनिया की पहली वैक्सीन भारतीय वैज्ञानिकों ने विकसित की है और इसकी एक खुराक की कीमत एक से दो रुपये के बीच होगी। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पोल्ट्री उद्योग और मुर्गीपालकों की आजीविका को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोविड-19 के बाद अब बर्ड फ्लू के खिलाफ स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर वैज्ञानिक क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने राहुल गांधी का बिना नाम लिए विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि विदेशों में जाकर देश की संवैधानिक संस्थाओं, वैज्ञानिकों और सेना की क्षमता ...शेष पृष्ठ 11 पर

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के दो पेंशन कानून किये रद्द

नियमित कर्मचारियों को बड़ी राहत देने का भी फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के सेवारत और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्चतम न्यायालय ने उन दो कानूनों को रद्द कर दिया है, जिनके तहत कार्य आधारित, अस्थायी दैनिक वेतनभोगी और मस्टर-रोल कर्मचारियों की सेवा अवधि को पेंशन के लिए जरूरी अर्हक सेवा की गणना में शामिल नहीं किया जाता था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उत्तर प्रदेश पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा तथा विधिमान्यकरण अधिनियम, 2021 तथा उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण अधिनियम, 2025 को असंवैधानिक घोषित कर दिया। अदालत ने 18 नवंबर को सुनाए गए 89



पन्नों के फैसले में कहा कि जिन कर्मचारियों की सेवाएं शुरुआत में कार्य आधारित, अस्थायी, दैनिक वेतनभोगी या मस्टर रोल के आधार पर ली गई थीं, लेकिन बाद में किसी विधिवत बनाई गई योजना के तहत उनकी सेवाएं नियमित कर दी गईं, उन्हें केवल शुरुआती नियुक्ति की प्रकृति के आधार पर पेंशन लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा यह स्पष्ट है कि विधिवत बनाई गई योजना के तहत नियमितीकरण होने के बाद कर्मचारी नियमित प्रतिष्ठान का हिस्सा बन जाता है और उसकी सेवा नियमित सेवा में शामिल हो जाती है। इसके साथ ही उसकी शुरुआती नियुक्ति की प्रकृति का महत्व समाप्त हो जाता है।

फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा नियमितीकरण के बाद, ऐसी नियुक्ति का शुरुआती स्वरूप कानूनी रूप से अप्रासंगिक हो जाता है। इसलिए, बाद में इसे इस आधार के रूप में फिर से नहीं उठाया जा सकता कि कर्मचारी को नियमित सेवा का हिस्सा होने के नाते मिलने वाले सेवा और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों से वंचित किया जाए या उन्हें कम किया ...शेष पृष्ठ 11 पर

दिल्ली पर मंडराया आतंकी खतरा, पैराग्लाइडर और ड्रोन उड़ाने पर लगी रोक

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा उपमंडल में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हैंग-ग्लाइडर और अन्य मानवरहित विमान प्रणालियों (यूएएस) के संचालन पर 60 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त (पालम उप-मंडल, आईजीआई हवाई अड्डा) प्रदीप कुमार मीणा द्वारा जारी प्रतिबंध आदेश 18 नवंबर से प्रभावी हुआ है और 16 जनवरी 2027 तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार, विश्वसनीय सूचनाओं पर आधारित लगातार मिल रही रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि आतंकवादी मानवरहित विमान प्रणाली (ड्रोन) से हमले कर सकते हैं। आदेश में कहा गया है, ...शेष पृष्ठ 11 पर

यूपी में नकली दवा नेटवर्क पर बड़ा शिकंजा

सात जिलों में 24 एफआईआर, चार राज्यों तक फैला अवैध कारोबार

आशीष मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नकली और काउंटरफिट दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय जांच में प्रदेश के भीतर और दूसरे राज्यों तक फैले नकली दवाओं के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। अभियान के तहत अब तक 7.57 करोड़ रुपये मूल्य की नकली एवं संदिग्ध दवाएं सीज की जा चुकी हैं, जबकि विभिन्न मामलों में 24 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं।

इनमें 45 फर्मों और 90 व्यक्तियों को नामजद किया गया है। अमरोहा और मुरादाबाद में आठ औषधि फर्मों के माध्यम से फर्जी बिलिंग और नकली दवाओं का कारोबार संचालित करने



के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एफएसडीए की जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क में नामचीन दवा कंपनियों के लोकप्रिय ब्रांड की पैकिंग और लेबल की नकल कर नकली दवाएं तैयार की जा रही थीं। इनकी आपूर्ति फर्जी बिलिंग के माध्यम से विभिन्न मेडिकल स्टोर और अन्य फर्मों तक की जा रही थी। अमरोहा-मुरादाबाद में सामने आए मामले ने नकली दवाओं के कारोबार का तरीका उजागर किया है। जांच में पता चला कि एक ही नाम और पार्टनरशिप के तहत आठ अलग-अलग औषधि फर्मों के लाइसेंस लिए गए थे। इनका इस्तेमाल वास्तविक ...शेष पृष्ठ 11 पर



आज का मौसम
अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- तमिलनाडु अपनायेगा लखनऊ का एबीसी मॉडल (पृष्ठ-02)
- सब्जी-फल उत्पादन में उत्तर प्रदेश बना अव्वल (पृष्ठ-02)
- रुपया 65 पैसे मजबूत होकर 92.67 प्रति डॉलर (पृष्ठ-12)
- सोना 1.29 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर (पृष्ठ-12)
- बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 10.9 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-12)

विशेष खबर स्वनिधि से समृद्धि में उप्र का प्रथम स्थान, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, प्रयागराज और वाराणसी भी पुरस्कृत

पीएम स्वनिधि सम्मान में यूपी को मिले आठ राष्ट्रीय पुरस्कार

आशीष मौर्य

लखनऊ। पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन और स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों के लिए उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर आठ पुरस्कार मिले हैं। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित पीएम स्वनिधि सम्मान अवार्ड-2026 समारोह में प्रदेश को राज्य और नगर निकाय स्तर पर सम्मानित किया गया। इनमें राज्य स्तर के तीन और नगर निकाय स्तर के पांच पुरस्कार शामिल हैं।

यह उपलब्धि स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के प्रयासों को रेखांकित करती है। राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश को 'स्वनिधि से समृद्धि' श्रेणी में प्रथम रैंक, ओवरऑल परफॉर्मेंस में द्वितीय रैंक और स्पेशल कैंपेन में द्वितीय रैंक प्राप्त हुई। वहीं, नगर निकाय स्तर पर अलीगढ़,



गाजियाबाद, मेरठ, प्रयागराज और वाराणसी को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक डॉ. राजागणपति आर. ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि सम्मान अवार्ड 2026 में उत्तर प्रदेश को मिली यह सफलता पूरी टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है।

एके शर्मा ने कहा कि इस सफलता के पीछे स्ट्रीट वेंडर भाई-बहनों का विश्वास, नगर निकायों के अधिकारियों- कर्मचारियों, नगर आयुक्तों और परियोजना अधिकारियों का समर्पण तथा सूडा की टीम की अथक मेहनत है। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर योजना से जुड़ें, उन्हें समय पर ऋण मिले और वे डिजिटल लेन-देन अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनें। उन्होंने भरोसा जताया कि आगे भी उत्तर प्रदेश इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा। यह सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा शहरी गरीबों और स्ट्रीट वेंडर्स के उत्थान ...शेष पृष्ठ 11 पर

बुलंदशहर : दाऊद गिरोह से जुड़ा गैंगस्टर मुठभेड़ में ढेर

जयसंदेश तिलक

लखनऊ। अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के गिरोह से कथित तौर पर जुड़े गैंगस्टर नसीम दुर्रानी को शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। वह दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के कैंप कार्यालय के बाहर हुई हत्या सहित कई मामलों में वांछित था।

○ दिल्ली पुलिस व यूपी एसटीएफ की साझा कार्रवाई

एसटीएफ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने लखनऊ में जारी एक बयान में कहा कि दुर्रानी दाऊद इब्राहिम के कुख्यात डी-कंपनी गिरोह का कथित सदस्य था। एसटीएफ के मुताबिक, दुर्रानी ने डी-कंपनी के प्रमुख सदस्य छोटा शकील के निर्देश पर पाकिस्तानी-कनाडाई स्तंभकार तारिक फतह और फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर छोटा राजन की हत्या की सुपारी ली थी। हालांकि वह इसे अंजाम नहीं दे सका। फतह का 2023 में निधन हो गया था। बयान के अनुसार, दुर्रानी दिल्ली में हत्या के दो अलग-अलग मामलों में वांछित था। इसके अलावा वह गाजियाबाद में हत्या के प्रयास के एक मामले में भी वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का ...शेष पृष्ठ 11 पर

सब्जी-फल उत्पादन में उत्तर प्रदेश बना अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

- आलू उत्पादन में 41.18 और मटर में 53.03 प्रतिशत योगदान
- बागवानी उत्पादकता राष्ट्रीय औसत से करीब दोगुनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने बागवानी के क्षेत्र में देशभर में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) के वर्ष 2025-26 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार प्रदेश बागवानी उत्पादन, कुल क्षेत्रफल और उत्पादकता में देश में पहले स्थान पर है। देश के कुल बागवानी उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 17.76 प्रतिशत है। वहीं, सब्जी उत्पादन में प्रदेश का योगदान 20 प्रतिशत और आलू उत्पादन में 41.18 प्रतिशत है। मटर उत्पादन में भी यूपी की हिस्सेदारी 53.03 प्रतिशत दर्ज की गई है।

प्रदेश में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 687.30 लाख मीट्रिक टन है, जबकि देश का कुल उत्पादन 3,869.15 लाख मीट्रिक टन दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश में बागवानी फसलों का क्षेत्रफल 26.50 लाख हेक्टेयर है, जो देश के कुल 297.21 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल का 8.92 प्रतिशत है। कम क्षेत्रफल के बावजूद उत्पादन में प्रदेश की अधिक हिस्सेदारी बेहतर उत्पादकता को दर्शाती है।

अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बाबू लाल मीणा के अनुसार, प्रदेश की बागवानी उत्पादकता 25.94 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि राष्ट्रीय औसत 13.02 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है। इस तरह यूपी की उत्पादकता राष्ट्रीय औसत से लगभग 1.99 गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के प्रयासों का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। सब्जी उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

प्रदेश में 454.65 लाख मीट्रिक टन सब्जियों का उत्पादन हुआ है, जबकि देश का कुल उत्पादन 2,272.68 लाख मीट्रिक टन है। इस प्रकार राष्ट्रीय सब्जी उत्पादन में यूपी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। आलू उत्पादन में प्रदेश ने 270 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ 41.18 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की है। देश का कुल आलू उत्पादन 655.70 लाख मीट्रिक टन रहा। मटर उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी देश के कुल उत्पादन का 53.03 प्रतिशत है। प्रदेश में 38.06 लाख मीट्रिक टन मटर का उत्पादन हुआ, जबकि राष्ट्रीय उत्पादन 71.78 लाख मीट्रिक टन रहा। फल उत्पादन में भी प्रदेश की स्थिति मजबूत है। आम उत्पादन 62.15 लाख मीट्रिक टन रहा, जो देश के कुल उत्पादन का 25.93 प्रतिशत है। वहीं, अमरूद उत्पादन में यूपी की हिस्सेदारी 21.08 प्रतिशत रही।

प्रदेश में 11.65 लाख मीट्रिक टन अमरूद का उत्पादन हुआ। शिमला मिर्च उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रदेश में 1.76 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ राष्ट्रीय उत्पादन में 22.06 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की गई। ये आंकड़े प्रदेश में बागवानी फसलों के विस्तार और उत्पादन क्षमता को रेखांकित करते हैं।

भाजपा लखनऊ महानगर ने आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की सूची की जारी

लखनऊ। भाजपा उत्तर प्रदेश, अवध क्षेत्र तथा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की सहमति से महानगर आईटी संयोजक उत्तम मिश्रा एवं महानगर सोशल मीडिया संयोजक टीआर जोशी ने नवनियुक्ति सदस्यों की सूची जारी की गई है। संगठनात्मक जिम्मेदारियों के तहत विधानसभा एवं मंडल स्तर पर पदाधिकारियों और सदस्यों का गठन किया है। महानगर आईटी संयोजक उत्तम मिश्रा ने लखनऊ महानगर की छह विधानसभाओं में प्रत्येक विधानसभा में एक संयोजक एवं दो सह संयोजक तथा भाजपा लखनऊ महानगर के 25 मंडलों में प्रत्येक मंडल में एक संयोजक एवं दो सह संयोजक नियुक्त किए हैं। वहीं, महानगर सोशल मीडिया संयोजक टीआर जोशी ने छह विधानसभाओं में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर एक संयोजक, एक सह संयोजक एवं तीन सदस्य नामित किए हैं। इसके साथ ही महानगर के 25 मंडलों में प्रत्येक मंडल में एक संयोजक एवं दो सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं। नई टीम के गठन के माध्यम से संगठन के डिजिटल प्रचार-प्रसार, पार्टी की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा विधानसभा और मंडल स्तर पर आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यों को अधिक सक्रिय और व्यवस्थित बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

औद्योगिक विकास के विजन को आगे बढ़ाने को तत्पर यूपीसीडा

विशेष संवाददाता (vol)



- नए सीईओ रवि कुमार एन.जी. ने कार्यभार ग्रहण किया
- एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए औद्योगिक अवस्थापना का सुदृढ़ीकरण और निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं होंगी प्राथमिकता

कानपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक एवं निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की मुहिम को और गति देने के लिए यूपीसीडा ने अपनी कार्ययोजना को नई धार देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एन.जी. ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को कानपुर स्थित प्राधिकरण मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि औद्योगिक विकास, निवेशकों का भरोसा, पारदर्शी कार्यप्रणाली और समयबद्ध सेवाएं प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता होंगी।

बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश और विकास के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने में यूपीसीडा की अहम भूमिका है। इसके लिए नए औद्योगिक क्षेत्रों एवं औद्योगिक पार्कों का विकास, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेश आकर्षित करना और उद्यमियों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, विद्युत, पेयजल, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। कहा कि औद्योगिक अवस्थापना से जुड़े विकास एवं अनुरक्षण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित हो रहे नए औद्योगिक अवसरों को देखते हुए उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, रक्षा एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही भूमि आवंटन, भवन मानचित्र स्वीकृति, पट्टा विलेख निष्पादन सहित विभिन्न विभागीय सेवाओं को अधिक सुगम बनाने के लिए डिजिटल एवं सिंगल विंडो प्रणाली को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों की समस्याओं और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। यूपीसीडा की कार्यप्रणाली को अधिक तकनीक आधारित, पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा, ताकि उद्यमियों को उद्योग स्थापना से लेकर संचालन और विस्तार तक हर स्तर पर बेहतर सहयोग मिल सके। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना, बेहतर समन्वय और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के औद्योगिक विकास के विजन के अनुरूप यूपीसीडा के सामूहिक प्रयास प्रदेश में निवेश आकर्षित करने, औद्योगिक अवस्थापना को मजबूत बनाने और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बिना जमानत के आरोपी दाखिल कर सकता है आरोपमुक्ति अर्जी : हाईकोर्ट

व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए भी अर्जी देने का अधिकार, ठोस आधार होने पर ट्रायल कोर्ट करेगा विचार

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी आपराधिक मामले में आरोपी को आरोपमुक्ति (डिस्चार्ज) की अर्जी दाखिल करने के लिए पहले जमानत लेना अनिवार्य नहीं है। आरोपी बिना जमानत प्राप्त किए भी ट्रायल कोर्ट में आरोपमुक्ति की अर्जी दाखिल कर सकता है। साथ ही, वह व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए भी आवेदन कर सकता है, बशर्ते इसके लिए ठोस और पर्याप्त आधार प्रस्तुत किए जाएं। न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह ने पंकज चौहान की ओर से दाखिल याचिका पर यह व्यवस्था दी। आरोपी ने महाराजगंज की विशेष पॉक्सो अदालत द्वारा 28 फरवरी 2026 को पारित समन आदेश और सात फरवरी 2026 की आरोपपत्र कार्रवाई को चुनौती दी थी। मामले में उस पर नाबालिग से दुष्कर्म समेत पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से कहा गया कि पीड़िता के बयानों में विरोधाभास हैं और उसके बालिग होने के पहलू की विवेचना में अनदेखी की गई। हालांकि, बाद में आरोपी के अधिवक्ता ने उसे ट्रायल कोर्ट में आरोपमुक्ति की अर्जी दाखिल करने की छूट देने का अनुरोध किया। राज्य सरकार ने इसका विरोध करते हुए कहा कि जमानत पर रिहा हुए बिना ऐसी अर्जी दाखिल नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति ने कहा कि जमानत से पहले व्यक्तिगत पेशी से छूट देने पर कोई पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस की धारा 355 के तहत आरोपी ठोस आधारों के साथ व्यक्तिगत पेशी से छूट की अर्जी दे सकता है। अदालत ने आरोपी को 15 दिन के भीतर आरोपमुक्ति और पेशी से छूट की अर्जी दाखिल करने की स्वतंत्रता देते हुए ट्रायल कोर्ट को कानून के अनुसार शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया।

सीजनल संग्रह अमीन की सेवा अवधि पेंशन में जोड़ने के मामले में राज्य सरकार को हाईकोर्ट से झटका

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीजनल संग्रह अमीन के रूप में की गई सेवा अवधि को पेंशन की गणना में शामिल करने के मामले में राज्य सरकार की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज कर दिए जाने के बावजूद हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की जा सकती है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून के प्रश्न को खुला रखने की टिप्पणी का लाभ उन्हीं पक्षकारों के बीच दोबारा नहीं उठाया जा सकता। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल सिविल रिव्यू याचिका पर यह फैसला सुनाया। मामले में याची यमुना प्रसाद गुप्ता की नियुक्ति पांच जून 1986 को सीजनल संग्रह अमीन के पद पर हुई थी। उनकी सेवाएं 16 जनवरी 2013 को नियमित की गईं और वर्ष 2016 में वह सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अपनी प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख से सेवा अवधि की गणना कर सेवानिवृत्तिक लाभ देने की मांग की थी। राज्य लोक सेवा अधिकरण ने उनके पक्ष में आदेश दिया था, जिसे हाईकोर्ट ने 30 अगस्त 2022 को बरकरार रखा था। इसके बाद राज्य सरकार की एसएलपी भी सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त 2023 को खारिज कर दी थी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि समान परिस्थितियों वाले अन्य कर्मचारियों को पहले ही सीजनल सेवा का लाभ दिया जा चुका है।

दाउदनगर में बनेगा कल्याण मंडप

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रियदर्शिनी कॉलोनी के सेक्टर-डी पार्क का भी होगा निर्माण



लखनऊ। फैजुल्लागंज के दाउदनगर में अब सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कल्याण मंडप की सुविधा उपलब्ध होगी। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने दाउदनगर स्थित खसरा संख्या-55 में प्रस्तावित कल्याण मंडप निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इसका निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से कराया जाएगा।

इस दौरान कल्याण मंडप से 60 फीट रोड की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग पर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा प्रियदर्शिनी योजना के सेक्टर-डी स्थित पार्क के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य की शुरूआत भी की गई। पार्क का निर्माण और कायाकल्प एलडीए द्वारा कराया जाएगा।

वहीं, डुडौली में मंदिर के पास एसएस तिवारी के मकान से राघवेंद्र सल्लू प्रजापति, अशोक मास्टर और अशोक चौरसिया के मकानों के आसपास तक संपर्क मार्ग पर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया। यह कार्य मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कराया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि कल्याण मंडप, सड़क, नाली और पार्क के सौंदर्यीकरण से क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलेंगी। विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि आमजन को इसका सीधा लाभ मिल सके।

इंटीग्रल विवि का 18वां दीक्षांत समारोह आज

लखनऊ। इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ का 18वां दीक्षांत समारोह 21 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के सफल छात्र-छात्राओं को उपाधियां एवं डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, उनकी मेहनत और समर्पण का उत्सव होने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी रेखांकित करेगा। समारोह में पद्मश्री डॉ. दिनेश सिंह, चांसलर, केआर मंगलम विश्वविद्यालय, जम्मू-कश्मीर राज्य उच्च शिक्षा परिषद के वाइस-चेयरमैन तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता इंटीग्रल विश्वविद्यालय के चांसलर एवं संस्थापक प्रो. सैयद वसीम अख्तर करेंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 6,300 उपाधियां एवं डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। इनमें 193 पीएचडी उपाधियां, 1,365 स्नातकोत्तर उपाधियां, 3,055 स्नातक उपाधियां, 186 डिप्लोमा, ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से 1,354 स्नातकोत्तर उपाधियां तथा 147 स्नातक उपाधियां शामिल हैं। समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कुल 295 पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें 2 विश्वविद्यालय टॉपर पुरस्कार, 14 फैकल्टीवार स्वर्ण पदक, 13 फैकल्टीवार रजत पदक, 120 प्रोग्रामवार स्वर्ण पदक तथा 109 प्रोग्रामवार रजत पदक शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने तेज की तैयारियां



लखनऊ। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवासी बैठक शुक्रवार को विश्वैश्वरैया प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी तथा मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने मातृशक्ति से सीधा सम्पर्क और संवाद स्थापित करने के लिए महिला विस्तारक बहनों के साथ संवाद किया। बैठक में गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, बिहार, झारखंड, राजस्थान एवं महाराष्ट्र सहित आठ राज्यों से 403 महिला विस्तारक बहनों ने सहभागिता की।

बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने महिला विस्तारक बहनों का मार्गदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित योजनाओं को मातृशक्ति के बीच पहुंचाने और आगामी चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत पुण्यात्मा की शांति तथा शोकाकुल मुख्यमंत्री एवं उनके परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में महिला विस्तारक बहनों को प्रवास के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क अभियान को गति देना है। बहनों को घर-घर पहुंचकर आमजन एवं मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। महिलाओं को संगठन से जोड़कर बूथ स्तर तक भाजपा की पहुंच और प्रभाव को और अधिक मजबूत बनाना है।

लखनऊ के एबीसी मॉडल को अपनायेगा तमिलनाडु

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में संचालित पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम की कार्यप्रणाली अब दूसरे राज्यों के लिए भी अध्ययन का विषय बन रही है। इसी क्रम में तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) ट्रेनिंग सेंटर एवं अइउ सेंटर का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल में तमिलनाडु सरकार की सचिव अनु जॉर्ज, डायरेक्टर एनिमल हसबेंडरी एच. कृष्णनुन्नी सहित पशुपालन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

भ्रमण के दौरान लखनऊ नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने अधिकारियों को केंद्र की व्यवस्थाओं, आधारभूत सुविधाओं, प्रशिक्षण व्यवस्था और पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के संचालन की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र में कुत्तों के उपचार, नसबंदी, टीकाकरण और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। नगर निगम के अनुसार, लखनऊ में संचालित अइउ कार्यक्रम और यहां के मॉडल की उच्चतम न्यायालय की ओर से सराहना की गई थी। इसी के मद्देनजर तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की कार्यप्रणाली को समझा और विभिन्न व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य लखनऊ में संचालित अइउ कार्यक्रम के अनुभवों और सफल व्यवस्थाओं को समझना है, ताकि तमिलनाडु में भी इस कार्यक्रम का विस्तार और प्रभावी संचालन किया जा सके।

प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ मॉडल की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी लेकर उन्हें अपने राज्य में लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया।

जाति, धर्म के नाम पर बांटने से देश हुआ कमजोर : आराधना मिश्रा

लखनऊ/शाहजहांपुर। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने शाहजहांपुर मे मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ये धरती राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां की धरती है, अमर शहीदों के बलिदान से देश आजाद हुआ। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह आप लोगों को हर प्रकार से प्रताड़ित किया गया लेकिन आप लोगों ने तिरंगा अपने सीने से लगाए रखा, आज आपकी बहन आपको विश्वास दिलाती है कि जब भी कोई चुनौती आपके सामने होगी आपकी बहन आपके आगे खड़ी रहेगी, सरकार तो बनेगी, लेकिन आज भी कार्यकर्ता के सम्मान में कोई कमी नहीं आने पायेगी। उन्होंने कहा कि जब जब इस देश को जाति, धर्म के नाम पर बांटने का काम किया गया तब तब देश कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग सत्ता मे हैं, संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।

भाजपा ने योगी की माता जी के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित भाजपा परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। मां का जाना जीवन की ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ की माताजी सावित्री देवी का स्वर्गवास अत्यंत दुःखद एवं हृदय को व्यथित करने वाला है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी सावित्री देवी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मातृशक्ति का स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे अनमोल धरोहर होती है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

योगी आदित्यनाथ की माता जी के निधन पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, प्रियंका रावत, दुर्विजय शाक्य, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल, शंकर गिरी, कामेश्वर सिंह, डॉ कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय, आलोक गुप्ता, प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, उपेन्द्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल, राजेश चौधरी, प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे, बसंत त्यागी, शिवभूषण सिंह, सहजानंद राय, अंकुर शर्मा, अनिल यादव, अवधेश श्रीवास्तव, विजय राजभर, प्रमेन्द्र जांगड़ा विश्वकर्मा, किरण लोधी निषाद, राकेश बिंद, संचिता सिंह चौहान, रंजनी पाण्डेय, राहुल वाल्मीकि, महामेधा नागर, मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला, कार्यालय मंत्री भारत दीक्षित, कार्यालय सह-मंत्री अतुल अवस्थी व लक्ष्मण सिंह सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की।

अनिल दुबे ने जताया शोक

लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी सावित्री देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि यह अत्यंत दुःखद एवं मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि मां का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी पीड़ाओं में से एक है। इस कठिन एवं दुःखद समय में मेरी संवेदनाएं मुख्यमंत्री और उनके समस्त परिवार के साथ हैं।

सुशांत गोल्फ सिटी के 5 हजार आवंटियों को राहत की उम्मीद

यूपी-राजस्थान परियोजनाओं के लिए अलग-अलग चलेगी दिवालिया प्रक्रिया

लखनऊ। अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की उत्तर प्रदेश और राजस्थान स्थित परियोजनाओं के लिए अब अलग-अलग दिवालिया समाधान प्रक्रिया चलेगी। राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) ने दोनों राज्यों की परियोजनाओं के लिए अलग-अलग रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) नियुक्त करने का आदेश दिया है। इस फैसले से लखनऊ की सुशांत गोल्फ सिटी टाउनशिप के करीब पांच हजार आवंटियों को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, शहीद पथ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी हाईटेक टाउनशिप को पूरा करने के लिए एलडीए को सौंपने पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। इस मामले में 25 नवंबर को होने वाली सुनवाई में स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

एनसीएलटी के आदेश के मुताबिक, राजस्थान की परियोजनाओं के लिए मौजूदा रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल नवनीत कुमार गुप्ता ही जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि उत्तर प्रदेश की परियोजनाओं के लिए सुरेंद्र राज गंग को नया आरपी नियुक्त



किया गया है। इससे पहले दोनों राज्यों की परियोजनाओं के लिए एक ही आरपी काम कर रहे थे। पिछली सुनवाई में एलडीए की ओर से परियोजनावार अलग-अलग आरपी नियुक्त करने की मांग की गई थी।

प्राधिकरण का तर्क था कि इससे टाउनशिप को अपने अधीन लेने और संबंधित देनदारियों के भुगतान की प्रक्रिया में दिक्कतें नहीं आएंगी। अब अधिकरण ने यूपी और राजस्थान के लिए अलग-अलग आरपी नियुक्त करने का आदेश दिया है। दोनों राज्यों के लिए अलग-अलग कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स (सीओसी) भी गठित होगी। ये समितियां परियोजनावार या संयुक्त समाधान योजना पर विचार कर सकेंगी। अधिकरण ने स्पष्ट किया है कि लखनऊ की परियोजनाओं को एलडीए के अधीन लेकर पूरा करने और आवास विकास परिषद की संपत्तियों को दिवालिया समाधान प्रक्रिया से बाहर रखने संबंधी आवेदनों पर अलग से सुनवाई होगी। इन दोनों मामलों में अभी कोई अंतिम फैसला नहीं दिया गया है। एनसीएलटी के अनुसार, अलग-अलग प्रक्रिया से घर खरीदारों और अन्य लेनदारों के हितों की रक्षा के साथ परियोजनाओं का पारदर्शी समाधान करने में मदद मिलेगी। एनसीएलटी ने दोनों रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के कामकाज में समन्वय और निगरानी के लिए मुकुल सिंघल को साझा सुपरवाइजर नियुक्त किया है। वह हर 90 दिन में अधिकरण को संयुक्त प्रगति रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके लिए उन्हें प्रतिमाह दो लाख रुपये मानदेय दिया जाएगा। आदेश के तहत मौजूदा आरपी को चार सप्ताह के भीतर उत्तर प्रदेश की परियोजनाओं से जुड़े सभी रिकॉर्ड, दावे और वित्तीय जानकारियां नए आरपी को सौंपनी होंगी। इसके बाद दोनों आरपी को अपनी-अपनी परियोजनाओं की संपत्ति, देनदारी, बैंक खातों और खर्च का पूरा विवरण शपथ पत्र के साथ एनसीएलटी में प्रस्तुत करना होगा। सुशांत गोल्फ सिटी हाईटेक टाउनशिप के निवेशक और आवंटी गगन टंडन ने बताया कि एनसीएलटी का फैसला घर खरीदारों के हित में है। उनके मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी इसी दिशा में थे। अब तक उत्तर प्रदेश की एक और राजस्थान की तीन परियोजनाओं के लिए एक ही आरपी होने से देनदारियों के भुगतान और समाधान में व्यावहारिक दिक्कतें आ रही थीं। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों की परियोजनाओं के नियम, दायरे और रेरा कानून अलग-अलग हैं। ऐसे में अलग-अलग आरपी होने से संबंधित परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिए जा सकेंगे। इससे एलडीए के लिए भी टाउनशिप को अपने अधीन लेकर उसे पूरा करने की प्रक्रिया आसान हो सकती है। शासन स्तर से इस संबंध में पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। अब एलडीए देनदारियों का भुगतान कर टाउनशिप को टेकओवर करने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

नौकरी तलाशने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें युवा : डॉ. राजेश्वर सिंह

जयपुरिया इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों से साझा किए प्रबंधन और प्रशासनिक अनुभव

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेज

एलडीए में चार साल में पास नक्शों की होगी ऑडिट

- पार्किंग नियमों के उल्लंघन पर कसेगा शिकंजा
- वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक के भवन मानचित्र व शमन प्रकरण की होगी जांच

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में पिछले चार वर्षों के दौरान स्वीकृत भवन मानचित्रों और योजनाओं की ऑडिट जांच होने जा रही है। प्रधान महालेखाकार कार्यालय की टीम वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक के रिकॉर्ड खंगालेगी। जांच के दायरे में पार्किंग व्यवस्था, स्वीकृत मानचित्रों के विपरीत हुए निर्माण और शमन के जरिए नियमित किए गए मामलों को शामिल किया गया है। टीम इसी महीने जांच के लिए आने वाली है।

जांच में खास तौर पर यह देखा जाएगा कि भवनों में निर्धारित मानकों के मुताबिक पार्किंग की व्यवस्था की गई या नहीं। मॉडल बिल्डिंग बायलॉज-2016 और एलडीए की भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों के तहत आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत और मिश्रित उपयोग वाली इमारतों में नियमानुसार पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक सड़कों पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग रोकना और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। प्रधान महालेखाकार कार्यालय ने एलडीए से वर्षवार स्वीकृत योजनाओं और भवन मानचित्रों की संख्या मांगी है। यह जानकारी भी मांगी गई है कि कितने मामलों में पार्किंग मानकों यानी ईसीएस का पालन हुआ। कितने प्रकरणों में पार्किंग मानकों में छूट दी गई और कितने भवनों के शमन मानचित्र स्वीकृत किए गए। इन छूटों और शमन की अनुमति देने का विधिक आधार भी स्पष्ट करने को कहा गया है।

एलडीए को निर्धारित प्रारूप में प्रमाणित अभिलेखों के साथ यह जानकारी लेखापरीक्षा दल को उपलब्ध करानी होगी, ताकि ऑडिट रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा सके। महालेखाकार कार्यालय ने भवन निर्माण पूरा होने के बाद मौके पर किए गए भौतिक सत्यापन का ब्योरा भी मांगा है। इसमें पूछा गया है कि कितने भवनों की स्थल पर जांच की गई और क्या यह सुनिश्चित किया गया कि पार्किंग की जगह स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही विकसित की गई है। इसके अलावा यह भी जांच के दायरे में रहेगा कि पार्किंग के लिए निर्धारित बेसमेंट या अन्य स्थान का इस्तेमाल दुकान, गोदाम अथवा किसी दूसरे व्यावसायिक काम के लिए तो नहीं किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, शहर में करीब 50 हजार ऐसी इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हो रहा है, लेकिन वहां पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इनमें करीब 30 हजार इमारतें ऐसी बताई जा रही हैं, जिनके नक्शे आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत हैं, जबकि उनका इस्तेमाल व्यावसायिक रूप से किया जा रहा है। वहीं, व्यावसायिक नक्शे पर बनी कुछ इमारतों में भी पार्किंग की जगह का उपयोग दूसरे कार्यों के लिए किए जाने की शिकायतें हैं। शहर में अवैध निर्माण और पार्किंग के दुरुपयोग के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। दिल्ली और अलीगंज अग्निकांड के बाद एलडीए ने करीब चार महीने पहले अवैध इमारतों

जोनल इंचार्ज से अभद्रता के विरोध में सुएज कर्मियों ने बांधी काली पट्टी

लखनऊ। जोनल इंचार्ज के साथ कथित अभद्रता और मारपीट के प्रयास के विरोध में शुक्रवार को सुएज इंडिया के सीवर सफाई कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया, लेकिन शहर में सीवर सफाई और सीवर नेटवर्क के रखरखाव से जुड़े कार्यों को प्रभावित नहीं होने दिया। सभी कर्मचारी नियमित रूप से अपने काम में जुटे रहे। मामला नगर निगम के जोन-4 स्थित रफी अहमद किदवई वार्ड का है। आरोप है कि वार्ड के पूर्व पार्षद राम किशन यादव ने जोन-4 के जोनल इंचार्ज महेंद्र पाल सिंह को अपने आवास पर बुलाया और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। आरोप यह भी है कि पूर्व पार्षद ने उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। घटना के बाद जोनल इंचार्ज महेंद्र पाल सिंह ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर सुएज इंडिया के कर्मचारियों में नाराजगी फैल गई। इसके विरोध में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया।

के खिलाफ अभियान चलाया था।

इस दौरान 150 भवन सील किए गए थे। इनमें कई इमारतों के बेसमेंट नक्शे में पार्किंग के लिए निर्धारित थे, लेकिन मौके पर वहां रेस्टोरेंट, किचन, लॉन्ड्री और दुकानें संचालित होती मिली थीं। कुछ स्थानों पर पार्किंग की जगह बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां भी चल रही थीं।

हालांकि, कई मामलों में शमन और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब महालेखाकार की जांच में स्वीकृत नक्शों, शमन की प्रक्रिया और मौके पर वास्तविक स्थिति का मिलान होने से यह स्पष्ट हो सकेगा कि नियमों का पालन कहां हुआ और कहां लापरवाही या अनियमितता बरती गई।

प्रधानमंत्री के आगमन पर राजधानी में चला विशेष चेकिंग अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री के आगमन के चलते शुक्रवार को राजधानी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके तहत जनपद के विभिन्न होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, रेलवे स्टेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सभी प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी/बीट इंचार्ज अपने क्षेत्र में होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट , बस स्टेशन , रेलवे स्टेशन इत्यादि स्थानों पर सघन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान के अंतर्गत शहर के सभी पाँच जोनों–पश्चिमी, मध्य, उत्तरी, पूर्वी एवं दक्षिणी– में पुलिस उपायुक्त के नेतृत्व में, संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी की टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। होटल एवं रेस्टोरेंट में ठहरने वाले व्यक्तियों के पहचान पत्र, आगंतुक रजिस्टर, कर्मचारियों का सत्यापन तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा सभी होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों में

सुरक्षा व्यवस्था के किये गये व्यापक प्रबंध

लखनऊ। प्रधानमंत्री के शुक्रवार को लखनऊ आगमन पर प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए लखनऊ पुलिस और प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। विभूतिखंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित 05वें कौशल दीक्षांत समारोह में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री/विधायकगण व अन्य आमंत्रित महानुभावगण भी सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार शुक्रवार को विशेष वायुयान से अमौसी एयरपोर्ट पर आगमन कर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, सुरक्षा फ्लीट के माध्यम से निर्धारित सड़क मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आगमन करेंगे, \सुरक्षा फ्लीट के माध्यम से निर्धारित सड़क मार्ग होते हुए अमौसी एयरपोर्ट पहुंचकर विशेष वायुयान द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल और संवेदनशील क्षेत्रों को जोन और सेक्टर में विभाजित किया गया है। फील्ड डिप्लॉयमेंट के अंतर्गत कुल 4400 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। अमौसी एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक के मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है।

सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखें, आगंतुकों का विवरण रजिस्टर में अंकित करें तथा संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

निरंतर रेलवे स्टेशन व बस अड्डों की भी चेकिंग की जा रही है तथा उपरोक्त स्थानों पर यात्रियों, उनके सामान एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए सुरक्षा जांच की जा रही है। अन्य देश, प्रदेश व जनपद से आये हुए सभी आगन्तुकों की सोशल मीडिया प्रोफाइलिंग की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक/संदिग्ध गतिविधि पर कार्यवाही की जा रही है। स्डॉग स्क्वॉड एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों से चेकिंग की जा रही है । इसके अतिरिक्त संवेदनशील स्थानों पर समुचित पुलिस बल की तैनाती कर, पैदल गश्त कर निगरानी की जा रही है। सभी जोनों में कुल 735 होटल व ढाबे व 4433 अपार्टमेंट, साथ ही 1912 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी।

संस्कृत लोकगीतों की कार्यशाला 26 से

लखनऊ। संगीत के माध्यम से संस्कृत भाषा और लोक संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम के तत्वावधान में लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा 26 नवम्बर से दस दिसम्बर तक निःशुल्क पन्द्रह दिवसीय संस्कृत लोकगीत गायन कार्यशाला सृज नव संसारम का आयोजन किया जा रहा है। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने बताया कि संगीतज्ञ श्रीमती आशा श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रतिभागियों को संस्कृत लोकगीतों के गायन, शुद्ध उच्चारण, स्वर एवं लय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला सायंकाल महात्मा गांधी मार्ग स्थित म्यूनिसिपल चिल्ड्रेन पैलेस स्कूल परिसर में होगी। इच्छुक प्रतिभागी जानकारी एवं पंजीकरण मोबाइल नंबर 6387779125 पर कर सकते हैं।

उत्तराखंड महोत्सव में भक्तिमय भजन संध्या



लखनऊ। 14 दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव के बारहवें दिन गोमती तट स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रही विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के कलाकारों ने दोपहर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला में प्रथम वंशिका, द्वितीय कृतिका, तृतीय सान्वी तथा निर्णायक हीरा बिष्ट एवं कल्पना उप्रेती रहीं। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम देवांश, द्वितीय प्रबुद्ध, तृतीय आध्या तथा निर्णायक रेनू कांडपाल, आशा बनौला रहे और यह प्रतियोगिताएं महिला शाखा अध्यक्ष पुष्पा वैष्णव, सुनीता कनवाल, मीनू अधिकारी, रेनू कांडपाल की देख रेख में संपन्न हुई। महोत्सव स्थल पर आज उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी सावित्री देवी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर शोक सभा की गई। इस अवसर पर महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हरिश्चंद्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, राजेश बिष्ट, गोविन्द बल्लभ फुलारा, महेश चन्द्र सिंह रौतेला, केएस चुफाल, पूरन भदौला, मधन सिंह बिष्ट, युवा शाखा अध्यक्ष नवीन, रमेश चन्द्र सिंह अधिकारी, अवधेश कोठारी पंकज खर्कवाल, लाल सिंह, पूरन जोशी, सुरेश जोशी, त्रिभुवन जोशी, शेर सिंह भाकुनी महिला शाखा के पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, सदस्य एवं विशाल जनसमूह उपस्थित रहा।

पत्नी की मौत पर ससुरालीजनों पर मुकदमा

लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र के अचरामऊ गांव में सुनीता (32) की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। परिजनों ने पति, दो देवर और भाभी पर विवाहिता की हत्या करके शव जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक इटौंजा के उदावतपुर गांव पिता पांचू ने बताया कि बेटी सुनीता की शादी आचरामऊ के किसान अशोक से की थी। सोमवार रात सुनीता पति व अन्य परिजनों के साथ बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के आद्या लॉन में गोद भराई कार्यक्रम में गई थी। आरोप है कि वहां से लौटने के बाद देर रात दंपति के बीच विवाद हुआ। आरोपियों ने सुनीता की हत्या कर शव जला दिया। पिता का आरोप है कि बेटी का शव जलाने के बाद ससुरालीजनों ने मायके वालों को सूचना दी कि सुनीता ने खुदकुशी कर ली है। जब तक वह ससुराल पहुंचे, तब तक बेटी का शव जल चुका था। डीसीपी दक्षिणी अमित कुमार आनंद के मुताबिक पिता पांचू की तहरीर पर अशोक, उसके भाई विनोद व सतीश और सतीश की पत्नी के खिलाफ बीकेटी थाने में एफआईआर कराई है।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। शुक्रवार को थाना महिगवां पर शिवांश मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी ग्राम इन्दारा ने सूचना दी कि उनके पिता अशोक मिश्रा ने फांसी लगा ली है। इस सूचना पर थाना प्रभारी महिगवां राधेश्याम मौर्या के निर्देश पर उपनिरीक्षक सतीश सिंह ने मृतक की पहचान अशोक मिश्रा (52) पुत्र सत्यनारायण मिश्रा निवासी ग्राम इन्दारा थाना महिगवां के रूप में हुई।

प्रधान पति के खिलाफ मुकदमा

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में प्रधान पति ने चौकीदार को जाति सूचक गलियां दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी, इस संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्राम जबरौली, थाना मोहनलालगंज लखनऊ में चौकीदार रविकान्त रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि 13 नवम्बर को मोहल्ले में बैठा था, तभी प्रधान पति विवेक अवस्थी उर्फ गौरव राधे मोहन के साथ अपनी कार से आए और अपनी कार में ही शराब पीने लगे। कुछ देर बाद दोनों लोग जाति सूचक शब्दों से गलियां देने लगे। विरोध करने पर गाड़ी से कुल्हाड़ी निकाल कर मार डालने की धमकी दी। चौकीदार ने थाने पर तहरीर दी है।

25 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। ओडिशा से गांजा लाकर राजधानी में सप्लाई करने वाले दो तस्कर को अपराध शाखा ने आपरेशन नारको हंट के तहत गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब 25 लाख कीमत का गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 48.80 किलोगांजा बरामद मिला है। गांजे को 43 पैकेट में पैक कर लाल रंग की कार में रखा गया था। गिरफ्त में आये प्रकाश दुबे जनपद प्रयागराज व जय आनन्द मिश्रा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ हैं। पुलिस ने कार के अन्दर रखे दो एंड्रॉयड मोबाइल और 540 रुपये नकद भी कब्जे में लिए गए हैं। इस संबंध में थाना अलीगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में पता चला है कि वे ओडिशा से गांजा लाकर स्थानीय स्तर पर सप्लाई करते थे। उनकी कार की तलाशी में 43 पैकेट में कुल 48.80 किलो अवैध गांजा, 02 मोबाइल व 540 नकद बरामद हुए।

अहमामऊ में कैब चालक से लूट

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बुधवार रात चार नशेड़ी युवकों ने कैब चालक को पीटकर मोबाइल व नकदी लूट ली। पीड़ित के भाई ने थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मनोज तिवारी निवासी पालपुर, थाना कुमारगंज, जिला अयोध्या ने बताया कि उनका भाई शिवा तिवारी लखनऊ में रहकर अपनी कार से ओला-उबर चलाता है। गुरुवार रात करीब 8 बजे शिवा अहमामऊ से चारबाग की ओर जा रहा था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने विपरीत दिशा से आए चार युवकों ने अचानक गाड़ी के सामने ब्रेक मार दी, जिससे टक्कर हो गई। आरोप है कि चारों युवक नशे में धुत थे। गाली-गलौज व विवाद के बाद शिवा का ओपो मोबाइल और जेब के रुपये छीन लिए।

डम्पर व ट्रक के बीच कार फंसने से युवती की मौत, चार जख्मी

- पीजीआई के हरिकंशगढ़ी के पास की घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई क्षेत्र में गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब शादी समारोह से लौट रहे कार सवार आगे चल रहे एक डम्पर से टकरा गई। इसी बीच पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। दोनों भारी वाहनों के बीच फंसने से कार पिचक गई। उसमें मां-बेटी समेत सवार पांच लोग फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से चार घायलों को कार से बाहर निकाला गया, लेकिन युवती को बाहर नहीं निकाला जा सका। पुलिस ने मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, पीजीआई के वृंदावन निवासी राजेश सिंह अधिवक्ता हैं। परिवार में उनकी पत्नी गीता और बेटी समीक्षा है। गुरुवार रात पत्नी गीता, बेटी समीक्षा और पड़ोसी शिखर, उनकी पत्नी सुकृति और मां आशा के साथ मोहनलालगंज के शिवगढ़ रिसॉर्ट शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 12 बजे लौटते वक्त हरिकंशगढ़ी के पास पहुंचते ही एकाएक सामने डम्पर आ गया। शिखर स्टेयरिंग से नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच दोनों वाहनों के बीच कार फंसकर पिचक गई। समीक्षा मुम्बई में जियो कम्पनी में काम करती थी। उसने हैदराबाद से एमबीए किया था। वह दीपावली की छुट्टिदयों में आई हुई थी। पुलिस ने बताया कि कार सीएनजी की थी। इसलिए रेस्क्यू के दौरान सिलेण्डर में ब्लॉस्ट की आशंका बनी रही। समीक्षा को बाहर निकालने में बाद एहतियातन कार से सीएनजी सिलेण्डर अलग कर दिया गया। हादसे के बाद डम्पर ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने अल्ट्राटेक गिट्टी प्लांट से निकलने वाले भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर चिंता जताई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कैदी अवनीश की मौत का कारण हैंगिग

लखनऊ। जिला कारागार में गुरुवार को विचाराधीन कैदी अवनीश जायसवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, इस मामले में जेल वार्डर हरिओम को निलंबित किया गया है। इसके अलावा चार हेड जेल वार्डर पर भी विभागीय कार्यवाही की जा चुकी है। जेल अधिकारियों के मुताबिक बैरक में तैनात चौकीदार भी घटना के समय सो रहे थे, जिन्हें अलग-अलग बैरकों में स्थानान्तरित कर दिया गया था। इसके अलावा अहतियातन बैरक नम्बर 13/83 में रहे एक अन्य हत्यारोपी कैदी तौहीद उर्फ भूरा का लखीमपुर जेल ट्रांसफर कर दिया गया है। अवनीश की की मौत को लेकर उसके परिजनों ने जेल में हत्या का आरोप लगाया है। जेल सूत्रों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टरों ने अवनीश की मौत का कारण हैंगिग बताया गया है।

- जेल के शौचालय में पड़ा मिला था बंदी का शव
- समरीन हत्याकांड में जेल गया था प्रेमी अवनीश

विदित हो कि 12 अक्टूबर को सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित होटल में 10वीं मंजिल से गिरकर हुई समरीन की मौत के आरोपित उसके प्रेमी जनपद सुल्तानपुर दोस्तपुर निवासी अवनीश जायसवाल (26) का शव गुरुवार को जेल के शौचालय में मिला था। उसके हाथ में तौलिया था। जेल प्रशासन ने उसी तौलिये खुद ही गला कसकर आत्महत्या की बात कही थी। जेलर और अन्य पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। अन्य बंदियों से भी पूछताछ की थी।

दुपहिया वाहनों संग तीन नाबालिग चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



- चोरी की एक स्कूटी संग दस बाइकें बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने गुरुवार देर शाम मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीखेड़ा से ईको गार्डन की तरफ जाने वाले मार्ग से तीन नाबालिग चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की एक स्कूटी समेतं दस बाइक बरामद कर थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई करते हुए बाल संरक्षण गृह भेज दिया।

आशियाना थाना प्रभारी गजेंद्र कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 11 नवंबर को अरहम खान पुत्र फिरोज खान निवासी मोहल्ला कटरा बिजनौर लखनऊ ने एलडीए कॉलोनी शारदा नगर योजना रतन खंड स्थित प्रियम प्लाजा के निकट स्थित एनीटाइम फिटनेस जिम से बाइक चोरी होने की शिकायत दी थी, जिसका मुकदमा 18 नवंबर को दर्ज किया गया था।

दर्ज मुकदमे में बाइक चोर की तलाश की जा रही थी कि गुरुवार शाम को पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर देवीखेड़ा पुल से ईको गार्डन की तरफ जाने वाले मार्ग से तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर देवीखेड़ा रोड के पीछे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई चोरी की एक स्कूटी समेत दस बाइक बरामद कर, थाने में दर्ज मुकदमे के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों बाल अपचारियों को बाल संरक्षण गृह भेज दिया। पकड़े गए चोरों में एक किशोर शातिर किस्म का चोर है, जो पूर्व में भी आशियाना थाने से चोरी के मुकदमे में बाल संरक्षण गृह भेजा जा चुका है।

तकनीकी सलाहकार सोते रहे, अधिकारी कर रहे मनमानी

- पीडब्ल्यूडी में चर्चा, ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के नियम के बावजूद अधिकारी बचाने में जुटे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में एक ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार की जमानत राशि वापस करने का प्रकरण इस समय काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। विभाग में कर्मचारियों के बीच चर्चा इसलिए और भी जोर पकड़ रही है क्योंकि विभाग में जो तकनीकी सलाहकार के रूप में अधिकारी तैनात है, उन्होंने ही तत्कालीन विभागाध्यक्ष के रूप में निम्न स्तर का काम करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त नियम बनाया था, जिसमें जिम्मेदार ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करते हुए उसके विरूद्ध सीधे मुकदमा लिखाने का निर्णय लिया गया था लेकिन कुछ अधिकारी वीके सिंह के तकनीकी सलाहकार रहते हुए मनमानी कर में लगे हुए है।

रोड साइनेज के अंतर्गत कार्यों को गुणवत्ता विहीन कार्य करने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट/डिबार करने का परिपत्र वीके सिंह, तत्सम वर्ष 2019 में निर्गत किये गये। तकनीकी सलाहकार वीके सिंह ने प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष रहते हुए 8 फरवरी 2019 को एक नियम बनाया था, जिसमें जारी



आदेश के अनुसार था कि पिछले एक वर्ष में थर्मोप्लास्टिक से किये गये, जिन स्थानों पर खराब हो गये है। विजीविलिटी कम होने के कारण उनकी उपयोगिता समाप्त हो गयी है, के लिए ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट/डिबार करने की कार्यवाही की जाये। इसका उत्तरदायित्व मुख्य अभियंता का होगा। यदि भविष्य में इस प्रकार की शिथिलता के कारण रोड यूजर्स की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की संभावना हो जाये, तो अनुबन्धित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट/डिबार करने के साथ-साथ विधिक कार्यवाही (एफआरआर) भी की जाये।, के अनुसार कार्यवाही की जाये।

कर्मचारियों के बीच चर्चा है कि ठेकेदार शालिनी दीक्षित को ब्लैक लिस्ट किया गया, लेकिन एफआई आर परिपत्र 08-02-2019 व कूट रचित दस्तावेज पाये जाने पर भी अब तक क्यों नहीं लिखी गई है जबकि यह विभाग मुख्यमंत्री के पास है और उनकी जीरो टॉलरेंस नीति का धता बताकर अधिकारी मनमानी कर रहे है। इस ठेकेदार की सिक्योरिटी जब्त करने की बजाय कौन-कौन से अफसर क्लीन चिट देने में लगे है। इसमें केवल डीके कुरील-एसएसओ ही है। वहीं, सूत्रों की माने तो विस्तृत जांच होने पर कई अफसर फसेंगे। चर्चा यह भी है कि डीके कुरील को मोहरा बनाकर सिक्योरिटी वापस करने को लेकर उच्च अधिकारी मुख्यालय स्तर से क्यों मुख्य अभियंता स्तर-1 के अधिकारी व प्रमुख अभियंता जांच करने से क्यों बच रहें है। वर्तमान में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारी के ट्रांसफर की संस्तुति क्यों एचओडी को किसकी शह पर करनी पड़ी। स्पष्ट है कि जो सिक्योरिटी को नियमानुसार रोकेगा, उसे पटल से हटा दिया जाएगा।

विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि जांच समिति दो अधिकारियों की प्रमुख अभियंता, परिकल्प नियोजन ने बनवा दी है। एचओडी अपने कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर ठेकेदार की सिक्योरिटी मामले में पत्राचार क्यों कर रहे। जबकि ठेकेदार का कार्य व डीके कुरील-एसएसओ (सामान्य) की जवाबदेही एचओडी को न होकर प्रमुख अभियंता, परिकल्प नियोजन के पास है। चर्चा यह भी हो रही है कि ठेकेदार के दबाव में प्रमुख अभियंता (परिकल्प नियोजन) से कार्यवाही न कराकर सीधे एचओडी क्यों ले रहे संज्ञान, यह यक्ष प्रश्न है। फिलहाल विभाग में इस प्रकरण को लेकर चर्चाएं हर स्तर पर हो रही है। वहीं, एसोसिएशन ने भी कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है।

दस साल तक चार्जशीट दाखिल न करने पर सरकार पर 25 हजार का हर्जाना

- हाईकोर्ट ने कहा दोषी पुलिसकर्मियों से वसूली जा सकेगी धनराशि

विधि संवाददाता

लखनऊ। प्रतापगढ़ में वर्ष 2015 में दर्ज मुकदमे में दस साल से अधिक समय तक चार्जशीट दाखिल न करने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश सरकार पर 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए इसे कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही करार दिया। कोर्ट ने कहा कि पुलिस महकमा याचिकाकर्ता के अदालत पहुंचने के बाद ही नींद से जागा। खंडपीठ ने प्रदेश सरकार को चार सप्ताह में याचिकाकर्ता को 25 हजार रुपये बतौर सांकेतिक हर्जाना देने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सरकार चाहे तो देरी के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों से इस धनराशि की वसूली कर सकती है।

मामले के अनुसार, मार्च 2015 में प्रतापगढ़ में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 323, 452, 504 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा कि दस साल से अधिक समय बीतने के बावजूद पुलिस ने न तो विवेचना पूरी की और न ही संबंधित अदालत में चार्जशीट दाखिल की। सरकार की ओर से बताया गया कि चार्जशीट 24 अप्रैल 2015 को भेजी गई थी। आपत्तियों के बाद दोबारा विवेचना कर 10 जून 2023 को भेजी गई, लेकिन केस डायरी और संबंधित अभिलेख गुम हो गए। कोर्ट ने पाया कि मामले की जांच भी याचिका की जानकारी मिलने के बाद 25 सितंबर 2026 को शुरू की गई। बाद में छह अक्टूबर 2026 को चार्जशीट संबंधित अदालत में दाखिल की गई और 14 अक्टूबर को अदालत ने संज्ञान भी ले लिया। इस मामले में हेड कांस्टेबल विष्णु कांत सिंह के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई। 16 नवंबर को सुनवाई के दौरान एसपी ने अभिलेख गुम होने का हवाला देते हुए बिना शर्त माफी मांगी। हालांकि, कोर्ट ने इसे संतोषजनक नहीं माना।

खंडपीठ ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दायित्व है कि वे विवेचनाओं की नियमित निगरानी करें। अदालत के हस्तक्षेप के बाद ही पूरी मशीनरी का सक्रिय होना गंभीर चिंता का विषय है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस की उदासीनता के कारण किसी याचिकाकर्ता को अनिश्चितकाल तक न्याय की प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

मोंट फोर्ट स्कूल के 920 नन्हे खिलाड़ियों ने इनविक्टस में दिखाया दमखम

खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है: डॉ. आनंदेश्वर पांडेय







विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महानगर स्थित मोंटफोर्ट स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह इनविक्टस बियॉन्ड लिमिट्स के आयोजन का शुभारंभ किया गया। खेल समारोह कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों में पहले दिन 920 नन्हे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेक्रेटरी जनरल साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन और यूपी ओलंपिक एसोसिएशन डॉ. आनंदेश्वर पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि अयोध्या के रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर अनिमेश सक्सेना उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य ने रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर खेल भावना एवं शांति का संदेश दिया। स्कूल कैबिनेट और चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य, विभिन्न ड्रिल और मानव पिरामिड की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। फेदर्स ऑफ ग्लोरी, विंग्स ऑफ ग्रेस, थ्रेड्स ऑफ एलिगेंस, मैजिक इन द एयर और एक्वा ऑरा जैसी थीम आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। विभिन्न कक्षाओं के बीच आयोजित दौड़ प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

विजेता प्रतिभागियों को पदक और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अति

क्षीर सागर में शयन से जागे श्री हरि, मंदिरों व घरों में हुई पूजा





अनिल द्विवेदी (vol)

लखनऊ। देवउठनी एकादशी पर आज भक्तों ने विष्णु भगवान की पूजा-अर्चना की। वहीं कई जगह भक्तों ने आज ही सालिग्राम और तुलसी विवाह कर सुख समृद्धि की कामना की।

व्रती महिलाओं ने प्रातःकाल स्नानादि से निवृत्त होकर आंगन में चौक बनाया। उसके बाद भगवान विष्णु के चरणों को अल्पना से बनाएं और उन्हें ढक दिया, चौक के चारों ओर गन्ने लगा दे इसके बाद चौक पर सारे फल और सब्जियां रखकर और देवउठनी एकादशी की रात में सुभाशित स्त्रोत का पाठ, भगवत कथा और पुराणादि का पाठ और भजन कीर्तन किया गया। भगवान विष्णु जी भी इस दिन चार माह के शयन के बाद उठते हैं और शुभ कार्य शुरु हो जाता है। वहीं कुछ भक्तों ने घरों में तुलसी-विष्णु की विवाह के लिए मंडप सजाया। मां तुलसी और भगवान सालिगराम की शादी की गई। तुलसी के संग शालिग्राम की स्थापना की गई। गमले के चारों ओर गन्ने का मंडप बनाकर। तुलसी को ओढ़नी ओढ़ाए और गमले को साड़ी पहनाकर श्रृंगार हुआ।

मंदिरों में उत्सव जैसा रहा माहौल: चार महीने तक महालक्ष्मी के साथ क्षीर सागर में अखंड निद्रा लेने वाले भगवान विष्णु शनिवार को भक्तों की आराधना के बाद जाग गए। भगवान के जागने के साथ ही कार्तिक में मास पर्यंत चलने वाले दीपोत्सव की छटा और चटख हो गई। वहीं हरि प्रबोधनी एकादशी होने की वजह से भोर में ही गंगा तटों पर स्नानार्थियों का रेला उमड़ पड़ा। भक्तों ने भगवान को जगाने के लिए आराधना शुरू कर दी। वैसे गंगा तटों पर दीपदान और अर्घ्य देने का सिलसिला भोर में ही शुरू हो गया था। तुलसी से भगवान विष्णु के विवाह की रस्म पूरी की जाने लगी। राजधानी लखनऊ के मंदिर में उत्सव जैसा माहौल था। शहर के कई मंदिरों से भव्य बारात निकाली गई। गोमती घाट पर भव्य समारोह में मंत्रोच्चार के बीच तुलसी के साथ भगवान की शादी रचाई गई। मनकामेश्वर घाट की ओर से भी तुलसी विवाह का उत्सव मनाया गया।

भगवान को गन्ने का लगा भोग: देवउत्थान एकादशी को भगवान को नये गन्ने का भोग अर्पित किया गया। सीजन का यह पहला भोग खेतों से काट कर लाया गया। इस दौरान बाजार में गन्ना, सकरकंद व सिंघाड़े खरीदने की होड़ मची रही।

बाजारों में गन्ने व सिघाड़ा की खूब हुई बिक्री: देवोत्थान एकादशी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। घरों से लेकर मंदिरों तक देवी-देवताओं का पूजन किया गया।



घरों में तुलसी पूजन का भी आयोजन किया गया। लखनऊ के बाजारों में गन्ना, सिघाड़ा, मूली और गुड़ की खूब बिक्री हुई। मान्यता है कि देवोत्थान एकादशी पर सभी देव जागृत हो जाते हैं, इसलिए के साथ सभी शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाती है। शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक लोगों ने व्रत रखकर सिघाड़ा, शकलकंदी, गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया।

शालिग्राम संग आये बाराती धूमधाम से हुआ तुलसी विवाह: वगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देव उत्थान एकादशी के शुभावसर पर दुर्गा जी मंदिर में तुलसी जी और सालिग्राम जी का विवाह धूम धाम से संपन्न हुआ। बारातियों को एकादशी के कारण फलाहारी भोजन कराया गया। नगरवासियों एवं भक्तगणों ने इस अवसर पर अनेक उपहार भी तुलसी जी को भेंट किये जो बारातियों के साथ अयोध्या धाम भेजे जायेंगे। दुर्गा जी मंदिर हिन्दू संस्कृति की रक्षा के लिए सभी धार्मिक परम्पराओं का निर्वहन करता रहा है। इस अवसर पर विदुषी एवं कथावाचक पूज्य कल्याणी देवी ने इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्र और कथाओं को मूर्त रूप देने का दुर्गा जी मंदिर का ये कार्य अति प्रसंशनीय है।

खाटू श्याम जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



लखनऊ। श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कोलकाता के कामना सिद्धि दरबार की तर्ज पर वहां से आए 15 कारीगरों द्वारा बाबा का भव्य, दिव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया, जिसकी आकर्षक सजावट और दिव्य छटा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मध्य रात्रि से ही भक्त बाबा के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे।

मध्य रात्रि में मंदिर परिसर में जोरदार आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। जन्मोत्सव पर मंदिर को सुबह जल्दी खोल दिया गया, जिसके बाद सुबह से ही बाबा के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में श्रीश्याम भक्त अपने घरों और मोहल्लों से हाथों में श्रीश्याम निशान लेकर मंदिर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक बाबा को निशान समर्पित किए। भक्त हाथों में गुलाब, मोर पंख और प्रसाद लेकर बाबा के दर्शन के लिए आतुर दिखाई दिए। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। कार्यकारी अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि सायं 8 बजे श्रीश्याम परिवार के सदस्यों द्वारा 101 किलो मेवे का भव्य केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। केक के प्रसाद को भक्तों में वितरित किया गया। जन्मोत्सव पर लाखों भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। श्रद्धालु गुलाब, मोर पंख एवं प्रसाद लेकर बाबा के दरबार में पहुंच रहे थे और अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे थे। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 नवंबर को सायं 7 बजे कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक रवि बेरीवाल बाबा के दरबार में भजनों की प्रस्तुति देंगे। भजन संध्या में भक्त बाबा के भजनों के माध्यम से उन्हें रिझाएंगे। इस अवसर पर विजय अग्रवाल करिश्मा, विकास अग्रवाल, पंकज मिश्रा, लवकेश अग्रवाल, अनिल गुप्ता सहित श्री श्याम परिवार के भक्तों सहयोग किया।

पारम्परिक गीतों के साथ संपन्न हुआ तुलसी विवाह

लखनऊ। हरि ओम मंदिर में 17 नवंबर से शुरू हुए आठ दिवसीय गुरु नानक जन्मोत्सव के चौथे दिन 20 नवंबर की शुरूआत असा दी वार, भजन कीर्तन से हुई। आज तुलसी कथा के बाद तुलसी विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसार पर पारम्परिक विवाह गीत सोहर आदि गाये गए। इसके साथ ही एकादशी व्रतकी कथा भी की गई। श्रद्धालुओं ने तुलसी विवाह के अवसर पर दीप हाथों में लेकर तुलसी के 7 विवाह फेरे लिए अंत में आरती व पल्लव किया गया। आज के लंगर में एकादशी व्रत का प्रसाद वितरित किया गया जिसको समस्त सैकड़ो श्रद्धालुओंने प्रेम से छका। इस कार्यक्रम में लखनऊ शहर के गणमान्य सिंधी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़

संख्या : 790/न.पं.लालगंज-2026 **दिनांक: 20 नवम्बर, 2026**

साधारण/ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त मद अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष मा. अध्यक्ष महोदया की प्राप्त अनुमति के अनुपालन मे नीचे लिखे विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना है। जिस हेतु रजिस्टर्ड/पंजीकृत ठेकेदारों से क्रम संख्या 01 से 17 तक साधारण निविदा एवं क्रम संख्या 18 से 22 तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो को वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय मे किसी भी कार्यदिवस मे प्राप्त कर सकते है। ई-निविदा सूचना के माध्यम से प्रकाशित किये जा रहे कार्यो को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी मे निहित होगा। ई-निविदा से संबंधित निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि निकाय के बैक ऑफ इण्डिया की शाखा लालगंज प्रतापगढ़ के खाता संख्या 703110110011091 आई.एफ.एस.सी. कोड BKID0007031 मे जमा कराते हुए पावती निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड़ करना अनिवार्य होगा। साधारण निविदा हेतु निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 8 से 11 दिसम्बर 2026 तक कार्यालय में होगी। निविदा प्रपत्र को 14 दिसम्बर, 2026 को कार्यालय में रखे गये निविदा बाक्स में 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

निविदा प्रकाशित होने की तिथि	21 नवम्बर 2026	
निविदा डाउनलोड करने की तिथि	21/11/2026 से 14/12/2026 तक	09:00 बजे से 05:00 बजे तक
निविदा भरने की तिथि	21/11/2026 से 14/12/2026 तक	09:00 बजे से 05:00 बजे तक
निविदा बन्द होने की तिथि	14/12/2026	05:00 बजे सायं
निविदा खुलने की तिथि	15/12/2026	12:00 बजे मध्यान्ह

ई-निविदा

क्र. सं.	कार्य का विवरण	निविदा मूल्य	धरोहर धनराशि	कार्य अवधि
1	सांगीपुर वार्ड में शेष तिवारी के घर से नीलमणि द्विवेदी के घर तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	641.00	9882.00	तीन माह
2	सांगीपुर वार्ड में मनोज पाण्डेय के मकान के सामने से एल.आई.सी. आफिस के पीछे से शिव कुमार मिश्रा के घर के आगे तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	518.00	7981.00	तीन माह
3	जैनपुर वार्ड में प्राथमिक विद्यालय जैनपुर की अवशेष बाउण्ड्रवाल एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	891.00	13726.00	तीन माह
4	खालसा सादात वार्ड में मोनू मौर्या के घर से विनोद रजक के घर तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	173.00	2658.00	तीन माह
5	अझारा वार्ड में रामकृष्ण मिश्रा के घर के सामने सी.सी. रोड का अवशेष भाग का निर्माण कार्य।	304.00	4677.00	तीन माह
6	दीवानी वार्ड में प्रभाकर ओझा के घर से शिवम पाण्डेय के घर तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	518.00	7984.00	तीन माह
7	गौतमपुर वार्ड में इण्टरलाकिंग से प्रेमा देवी के घर तक इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	298.00	4597.00	तीन माह
8	सांई की कुटी वार्ड के चकौडिया में आयुश शुक्ला के घर से राजेश शुक्ला के घर के आगे तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	638.00	9838.00	तीन माह
9	सांई की कुटी वार्ड के उदियापुर में राजेन्द्र दुबे के खेत से काली माता मन्दिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	422.00	6514.00	तीन माह
10	सांगीपुर वार्ड में माँ चतुभुर्जी देवी एवं महादेवन धाम के पास दर्शनार्थी विश्रामालय का निर्माण कार्य।	702.00	10397.00	तीन माह
11	पूरे हरिकिशुन वार्ड में प्रतापगढ़ रायबरेली मुख्य मार्ग से समसपुर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	261.00	4014.00	तीन माह
12	सांई की कुटी वार्ड में राकेश के घर से नागेशदत्त पब्लिक स्कूल तक ढक्कन सहित आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	333.00	5131.00	तीन माह
13	गौतमपुर वार्ड में निशा तिवारी के घर से शुक्ला जी के घर तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	574.00	8851.00	तीन माह
14	निकाय सीमान्तर्गत ब्रिक वाली नाली के ऊपर चटिया रखे जाने हेतु 700 नग ढक्कन ढलाई का कार्य।	972.00	14980.00	तीन माह
15	निकाय सीमान्तर्गत सी.सी. नाली के ऊपर चटिया रखे जाने हेतु 300 नग ढक्कन ढलाई का कार्य।	521.00	8024.00	तीन माह
16	सांई की कुटी वार्ड में पप्पन बेडिया के घर से तालाब तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	270.00	4144.00	तीन माह
17	नगर पंचायत सीमान्तर्गत प्रमुख स्थलों पर अलाव जलाये जाने हेतु जलावन लकड़ी की आपूर्ति कार्य। (1000 कुन्तल) (दर 840 रूपया प्रति कुन्तल मय जी.एस.टी. सहित) मात्रा को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता है।	950.00	14238.00	आवश्यकता अनुसार
18	शीतलमऊ वार्ड में मेन रोड से विवेक पाण्डेय के घर से राजन सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	1436.00	22110.00	तीन माह
19	सांगीपुर वार्ड में सौरभ शास्त्री के घर से मोनू शुक्ला के घर तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	1433.00	22080.00	तीन माह
20	सांई की कुटी वार्ड में जलेशरगंज हाइवे से इण्टरलाकिंग तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	1555.00	23965.00	तीन माह
21	सांई की कुटी वार्ड में सामुदायिक शौचालय से जलेशरगंज हाइवे तक अवशेष ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य।	1480.00	22793.00	तीन माह
22	नेताजीपुरम् वार्ड में लखनऊ-वाराणसी मार्ग से कालाकांकर मार्ग तक सी.सी. रोड एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण कार्य।	1608.00	22780.00	तीन माह

नियम एवं शर्ते:-

1- निविदादाता के फर्म की जी.एस.टी. रजिस्टर्ड होने का प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2- निविदादाता हैसियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3- निविदादाता को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के सदस्यों का होगा।
4- निविदादाता द्वारा निविदा प्रत्रत्र की हार्डकापी, धरोहर धनराशि, निविदा शुल्क, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूलप्रति नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ में रखे गये निविदा पेटिका में निर्धारित समय के अन्दर जमा करना अनिवार्य है।
5- सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
6- निविदा स्वीकृति के पश्चात नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों के व्यय पर अनुबन्ध लिखना अनिवार्य होगा।
7- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
8- कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/प्रशासक/अपरजिलाधिकारी(वि/रा)/जिलाधिकारी व लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ के सक्षम अधिकारी का होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों का सत्यापन न कर दिया जाय।
9- मा. उच्च न्यायालय में पारित आदेशानुपालन में कार्यो हेतु निर्धारित जमानत धनराशि के अनुसार ई-स्टाम्प कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
10- इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
11- यह समस्त कार्य ठेकेदार द्वारा नियत समय पर पूर्ण करना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने की दशा में निकाय प्रशासन विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने पर बाध्य होगा।
12- उक्त समस्त कार्य शासनादेश में उल्लिखित शर्तो के अनुसार ही कराया जाना है।

इन्द्र प्रताप
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।

अनीता द्विवेदी
अध्यक्ष
नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़।

संक्षेप

आग से झुलसने पर शिक्षिका की मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा मोहल्ला ब्रह्मदेव कॉलोनी में किराए के मकान पर रह रही एक शिक्षिका की गैस लीकेज के चलते आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गई थी।जिसकी इलाज के दौरान 7 दिन बाद दिल्ली के सरकारी अस्पताल में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार बरेली मोहल्ला सुभाष नगर निवासी रुचि कश्यप विगत 10 वर्षों से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय महमदपुर दिन में खेलकूद शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी।जो मोहल्ले के धर्मेंद्र कश्यप के मकान में किराए पर कमरा लेकर रह रही थी।13 नवंबर की रात 11 बजे करीब कमरे में रखी गैस लीकेज हो रही थी। दूध गरम करने को लेकर गैस चूल्हा जलाते समय पूरे कमरे में आग लग गई जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी।।

एकादशी पर बाजारों में उमड़ी भीड़

फतेहपुर। देवउठनी एकादशी का पर्व शुक्रवार को जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही शहर के बाजारों और प्रमुख चौराहों पर रौनक देखने को मिली। वहीं भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए लोगों ने पूजन सामग्री, फल, फूल और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की जमकर खरीदारी की। सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई, जो देर तक बनी रही। शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर मोहल्लों और कस्बों तक जगह-जगह सड़क किनारे दुकानें सजाई गई थीं। देवउठनी एकादशी पर पूजा में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की विशेष मांग रही। बाजारों में पालक, मूली, बैंगन, चना का साग, गन्ना और सिंघाड़ा की जमकर बिक्री हुई। खासकर गन्ना और सिंघाड़ा खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। वहीं चना का साग, पालक और बैंगन की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी खासी संख्या देखने को मिली। दुकानदारों ने सड़कों के किनारे और बाजारों में जगह-जगह दुकानें लगाकर सामान की बिक्री की। पर्व के चलते सुबह से शाम तक बाजारों में चहल-पहल बनी रही और दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा के बाद जागते हैं। इसी के साथ चातुर्मास समाप्त हो जाता है और हिंदू धर्म में मांगलिक कार्यों की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन घरों में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। कई स्थानों पर तुलसी विवाह का आयोजन भी किया जाता है।

पति पर पत्नी और साले को लाठी-डंडों से पीटने का आरोप

सीतापुर। सात फेरों के साथ जीवनभर साथ निभाने का वादा करने वाला पति ही अगर प्रताड़ना की वजह बन जाए तो एक महिला की जिंदगी मुश्किलों में घिर जाती है। हरगांव थाना क्षेत्र के रौना गांव में ऐसा ही मामला सामने आया है। दो बच्चों की मां रिंकी सिंह ने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के मुताबिक, वह अपने मायके से भाई जसवंत सिंह के साथ घर लौटी थी। आरोप है कि घर पहुंचते ही पति भानू सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। बहन को बचाने पहुंचे भाई को भी कथित तौर पर मारपीट का सामना करना पड़ा। रिंकी का आरोप है कि पति आए दिन उसे प्रताड़ित करता है और दूसरी शादी करने की धमकी देकर घर छोड़ने का दबाव बनाता है।

सकरन ब्लॉक में निर्माण अधूरा , 7.31 लाख रुपये का हुआ भुगतान



सीतापुर। सरकारी धन के इस्तेमाल में जिम्मेदारों की कार्यशैली का अजब नमूना विकासखंड सकरन में सामने आया है। यहां ओपन जिम का निर्माण अभी पूरा भी नहीं हुआ और जिम्मेदारों ने 7.31 लाख रुपये का पूरा भुगतान कर दिया। ब्लॉक परिसर में जिम के नाम पर फिलहाल दीवारें और बीम ही नजर आ रहे हैं, जबकि निर्माण पूरा होने से पहले ही सरकारी खजाने से पूरी रकम निकल चुकी है।

मामला सामने आने के बाद भुगतान प्रक्रिया और जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, विकासखंड परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से ओपन जिम निर्माण का प्रस्ताव करीब चार माह पूर्व पास हुआ था। निविदा प्रक्रिया के बाद इसका ठेका राकेश वर्मा निवासी बरछता को मिला था। निर्माण कार्य की कुल लागत 7 लाख 31 हजार 574 रुपये निर्धारित की गई थी। करीब एक माह पहले निर्माण शुरू हुआ और अभी तक काम अधूरा है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण पूरा होने से पहले ही भुगतान की पूरी प्रक्रिया निपटा दी गई। आठ नवंबर को राकेश वर्मा की फर्म को 2 लाख 71 हजार 914 रुपये का भुगतान किया गया। इसके अगले ही दिन नौ नवंबर को संदीप द्विवेदी लखनऊ की फर्म के खाते में 4 लाख 59 हजार 660 रुपये भेज दिए गए। इस तरह दो दिनों में ही परियोजना की पूरी धनराशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि मौके पर ओपन जिम तैयार नहीं है। ब्लॉक में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी बिना काम कराए भुगतान किए जाने के आरोप लगते रहे हैं। कुछ ग्राम प्रधानों का आरोप है कि ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य पूरा होने के कई महीने बाद भी भुगतान के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि यहां अधूरे निर्माण पर ही पूरा बजट जारी कर दिया गया। ऐसे में भुगतान की जल्दबाजी और उसकी प्रक्रिया पर सवाल उठना लाजिमी है। मामले पर अवर अभियंता सुभाष वर्मा ने बताया कि उन्हें अभी तक सामग्री के भुगतान की जानकारी है। पूरे भुगतान की जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं, खंड विकास अधिकारी संगीता यादव ने कहा कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय वर्मा ने बताया कि जिम की मशीनें लगवाने के लिए बाहर के लोगों को बुलाया गया था, लेकिन उनके नहीं आ पाने के कारण समय से काम पूरा नहीं हो सका।

डीएम प्रथमेश कुमार ने किया डमी मतदान



सीतापुर। विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से रूबरू कराने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत जिले में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए गए हैं। शुक्रवार से शुरू हुए इन केंद्रों पर पहुंचकर लोग न केवल ईवीएम की कार्यप्रणाली समझ रहे हैं, बल्कि खुद मशीन का इस्तेमाल कर डमी मतदान के जरिए वोट डालने का अनुभव भी ले रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर और विधानसभा स्तर पर तहसील मुख्यालयों में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी प्रथमेश कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम संचालन और मतदान की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा स्वयं डमी मतदान कर पूरी व्यवस्था को परखा। प्रदर्शन केंद्रों पर आम नागरिकों को ईवीएम की बारीकियां समझाई जा रही हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि मतदान के दौरान मशीन का इस्तेमाल कैसे किया जाता है और किस तरह अपने पसंदीदा प्रत्याशी के सामने लगे बटन को दबाकर मत दर्ज किया जाता है। लोग मशीन पर बटन दबाकर मतदान की प्रक्रिया का स्वयं अभ्यास भी कर रहे हैं। इससे पहली बार मतदान करने वाले युवाओं सहित अन्य नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक होने और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने का अवसर मिल रहा है। निर्वाचन आयोग की इस पहल का उद्देश्य चुनाव से पहले मतदाताओं की झिझक दूर करना और उन्हें मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना है। ये प्रदर्शन केंद्र 20 नवंबर 2026 से विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की कार्यक्रम घोषणा तक संचालित रहेंगे। इस दौरान कोई भी नागरिक निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर ईवीएम की कार्यप्रणाली समझ सकता है और डमी मतदान कर सकता है।

दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के टीपीआरएस एजुकेशन इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि मनोज गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार शर्मा ने किया अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक आनंद गुप्ता और मुख्य अतिथि में संयुक्त रूप से मां वीणा पाणि चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया है। प्रबंधक ने मुख्य अतिथि को पुष्प देकर सम्मानित किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ध्वज के साथ ग्राउंड पर मुख्य अतिथि को सलामी दी है। वही खेलों का शुभारंभ मशाल जलाकर किया है। आयोजित खेलों में खो खो, क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर, बैडमिंटन, वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया वहीं छात्र-छात्राओं ने योग के कई आसनों को लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा अनुशासन जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल प्रतियोगिताओं से शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होता है जो आपसी सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी आए अतिथियों का आभार जताया है।

मतदान की पाठशाला बना कलेक्ट्रेट, डीएम ने किया ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ

लखीमपुर खीरी। लोकतंत्र की मजबूती का आधार जागरूक मतदाता

- विधानसभा चुनाव-2027 से पहले मतदाताओं को जागरूक करने की पहल, ईवीएम और वीवीपैट की बारीकियों से रूबरू होंगे नागरिक



और निष्पक्ष मतदान है। इसी उद्देश्य से आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन कर इस पहल की शुरूआत की।

कलेक्ट्रेट में स्थापित प्रदर्शन केंद्र अब मतदाताओं के लिए लोकतंत्र की कार्यशाला बनेगा। यहां आमजन को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझने तथा मतदान प्रक्रिया की बारीकियों को जानने का अवसर मिलेगा। मतदाता यह समझ सकेंगे कि उनका मत किस प्रकार दर्ज होता है और वीवीपैट के माध्यम से उसकी पुष्टि कैसे की जाती है। इस पहल का मकसद मतदान प्रक्रिया को लेकर किसी भी तरह की भ्रांति दूर करना, निर्वाचन व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत करना और नागरिकों को जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ब्रजपाल सिंह, एसडीएम अर्चना ओझा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद, तहसीलदार सदर मुकेश कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

48 घंटे में पुलिस ने हत्या का किया खुलासा

हत्या में शामिल अभियुक्त व महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लखीमपुर खीरी। थाना संपूर्णानगर पुलिस द्वारा व्यक्ति की हत्या की घटना का 48 घंटे के अंदर खुलासा कर आला-कत्ल के साथ मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी युवक को किया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन पर थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर द्वारा अपनी सहयोगी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यक्ति की हत्या की सनसनीखेज घटना का 48 घंटे के भीतर खुलासा कर हत्या की घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्ता मृतक की पत्नी व उसकी पत्नी के प्रेमी हत्यारोपी को घटना में प्रयुक्त आला-कत्ल लोहे का बाँका व लोहे की पाइप एवं आला-जरब खून से सनी शर्ट, लोअर,जैकेट, जूता के साथ गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तारशुदा अभियुक्त व अभियुक्ता के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण 17 नवंबर 2026 को रात्रि समय करीब 09 बजे अभियुक्त गुरजीत सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम निषादनगर घोला थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी द्वारा मृतक हरेन्द्र के घर जाकर मृतक की पत्नी अनीता देवी से मृतक हरेन्द्र को खेतों की तरफ बुलाकर योजना बनाकर अभियुक्त गुरजीत प्रेमी व मृतक की पत्नी अनीता देवी उपरोक्त द्वारा मिलकर हरेन्द्र उपरोक्त को गांव के ही सूबेदार के गन्ने के खेत के पास चक मार्ग तिराहे पर धारदार हथियार व लोहे की पाइप से मारकर हत्या कर देने के सम्बंध में थाना संपूर्णानगर पर मु0अ0सं0 166/2026, धारा 3(5)/103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

घटना का कारण अभियुक्ता अनीता देवी (मृतक की पत्नी) का गांव के ही गुरजीत सिंह पुत्र शेर सिंह (अभियुक्त) से करीब 06 वर्षो से अवैध सम्बन्ध होना तथा मृतक द्वारा विरोध करने पर मृतक की पत्नी (अभियुक्ता अनीता देवी) व उसका प्रेमी अभियुक्त गुरजीत सिंह द्वारा योजना बनाकर गांव के बाहर सूबेदार के खेत के कच्चा चकमार्ग तिराहे के पास मृतक हरेन्द्र को बुलाकर बांका व लोहे की पाइप से मारकर निर्मम हत्या कर देना।

मुखबिर की सूचना पर 20 नवंबर 2026 को थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर व पुलिस टीम द्वारा सम्पूर्णानगर पलिया मार्ग पर स्थित बहादुरनगर तिराहे से अभियुक्त गुरजीत सिंह व अभियुक्ता अनीता देवी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कृष्ण कुमार थानाध्यक्ष थाना सम्पूर्णानगर, उ0नि0 जय प्रकाश यादव, का0 राहुल त्यागी, का0 दुष्यन्त कुमार, का0 शिवम यादव, का0 ऋषभ, का0 रोहित भास्कर म0का0 नीतू, म0का0 पारूल शामिल रही।

तीन सड़क हादसों में दो की मौत, तीन घायल

सीतापुर। जिले में शुक्रवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। मछरेहटा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी, वहीं अटरिया क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े ट्रक में कार घुस गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरी घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा और बेटी घायल हो गए।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र के ददेवरा गांव निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा (50) शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे साइकिल से घर जा रहे थे। गांव के बाहर बिजली का सामान लादकर जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

खड़े ट्रक में घुसी कार, चालक की मौके पर मौत

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे बलवंतपुर रेलवे क्रासिंग के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी। हादसे में कार चालक आकाश बाजपेई (38) पुत्र प्रभात नारायण बाजपेई निवासी शिव थाना मानपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वह कार से लखनऊ जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक उसमें फंस गया। सूचना पर थाना प्रभारी लालबहादुर मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रेस्क्यू कर शव बाहर निकाला और हाईवे पर लगा जाम खुलवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा और बेटी घायल

सीतापुर। हाईवे पर कुंवरपुर बाजार के निकट शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। लखनऊ के टेढ़ी पुलिया निवासी समीर पुत्र छोटन्ने अपनी मां शाहीन और बहन मातिश के साथ बाइक से लखनऊ से लहरपुर जा रहे थे। कुंवरपुर बाजार के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

कृषि बिल माफी योजना से 13,222 किसान अब भी दूर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि बिल माफी योजना का लाभ लेने में निजी नलकूप उपभोक्ता पीछे हैं। विद्युत वितरण मंडल गोला में अब तक 13,902 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है, जबकि 13,222 किसान अभी भी योजना से बाहर हैं। इन अपंजीकृत उपभोक्ताओं पर कुल 71.96 करोड़ रुपये का बकाया है। विभाग ने पंजीकरण न कराने वालों को छूट का लाभ न मिलने के साथ बकाया वसूली की कार्रवाई की चेतावनी दी है। अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार झा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 से कृषि बिल माफी योजना लागू की है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2023 तक का पूरा बकाया जमा करना होगा। इसके बाद पंजीकरण कराने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बिजली बिल में छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया अभी जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं का बकाया यथावत रहेगा। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ अन्य बकायेदारों की तरह नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें बिजली कनेक्शन काटने के साथ धारा-3 के तहत कार्रवाई और आरसी जारी करने की प्रक्रिया भी शामिल है। विद्युत वितरण खंडवार आंकड़ों के अनुसार गोला में 3,624, मोहम्मदी में 7,668 और पलिया में 1,930 निजी नलकूप उपभोक्ताओं का पंजीकरण होना शेष है। सबसे ज्यादा उपभोक्ता मोहम्मदी खंड में पंजीकरण से वंचित हैं। अधीक्षण अभियंता ने किसान संगठनों, ग्राम प्रधानों, सभासदों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्रों के किसानों को योजना की जानकारी देकर पंजीकरण के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक किसान बिजली बिल में छूट का लाभ उठा सकें।

नाबालिग किशोरी के अपहरण और नकदी जेवरात ले जाने का मामला, पीड़ित परिवार ने लगायी गुहार

फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बेटी की बरामदगी, आरोपी की गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, कल्याणपुर का थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव का ही युवक अभिषेक पटेल बीती 18 सितंबर 2026 की रात करीब एक बजे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़िता का आरोप है कि जाते समय किशोरी अपने साथ दो तोले की सोने की चेन, दो तोले का सोने का हार, पांच ग्राम सोने के झाले, दो तोले का सोने का मंगलसूत्र, 250 ग्राम चांदी की पायल, 250 ग्राम चांदी की हाफ पेटी और 2,50,000 रुपये नकद भी ले गई। इस संबंध में पीड़िता की शिकायत पर थाना कल्याणपुर में मु.अ.सं. 208/2026 के तहत बीएनएस की धारा 137(2) व 87 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। हालांकि, पीड़िता का कहना है कि वह कई बार थाने के चक्कर लगा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे वह और उसका परिवार बेहद परेशान हैं तथा अनहोनी की आशंका से डरे हुए हैं। पीड़िता ने यह भी बताया कि इससे पहले 24 सितंबर 2026 और 5 अक्टूबर 2026 को उन्होंने स्वयं मिलकर व पंजीकृत डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 11 अक्टूबर 2026 को आरोपी के मामा और एक अन्य व्यक्ति ने पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि बेटी उनके कब्जे में है और यदि कहीं शिकायत की गई तो बेटी तथा पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता ने आज एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की है कि अभियुक्त अभिषेक पटेल को शीघ्र गिरफ्तार कर पुत्री को सकुशल बरामद किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वह मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से करने को बाध्य होंगी।

देवउठनी एकादशी पर निकली निशान यात्रा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति की ओर से निशान यात्रा निकाली गई। त्रिलोकी नाथ मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देवस्थान कंजा पहुंची, जहां धार्मिक उल्लास के बीच यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में श्रद्धालु हाथों में बाबा श्याम के निशान लेकर शामिल हुए। इस दौरान जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। निशान यात्रा में गोला विधायक अमन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा और धर्मेंद्र गिरि मोंटी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर समिति के सदस्य सुधीर गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, सूरज सिंह, चिंटू सोनी, राजन गुप्ता, मृदुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, किशन गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, पुनीत गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अखिलेश जायसवाल, आदित्य गुप्ता, अशोक जोशी और अनूप गुप्ता सहित नगर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बजाज चीनी मिल पलिया के नवीन पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

पलियाकलां खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया का नवीन पेराई सत्र 2026-27 के लिए शुक्रवार प्रातः काल चीनी मिल में स्थित भगवान शिव जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान जी मंदिर आदि में पूजन किया। उसके उपरांत डोंगा पर पूजन हवन किया गया।वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई मुहुर्त का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल क्षेत्र के सैकड़ों किसान व संभ्रांत नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे। चीनी मिल के पुजारी रामेन्द्र मिश्रा ने आज विधिवत हवन पूजन यूनिट हेड ओ पी चौहान द्वारा कराया गया। मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति में हवन यज्ञ किया गया। उपजिलाधिकारी पुष्पक, यूनिट हेड ओ पी चौहान, तहसीलदार कमलेन्द्र सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष विकास कपूर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ज्ञान प्रकाश तिवारी, गन्ना समिति सचिव अविनाश तिवारी, भीरा समिति अध्यक्ष राकेश कुमार सहित सैकड़ों किसानों ने डोगें मे गन्ना डाल कर मिल का शुभारंभ के लिए पूजन अर्चन किया। केन हेड राजीव तोमर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

सुदामा की निस्वार्थ मित्रता पर भावविभोर हुए श्रद्धालु, कृष्ण भक्ति में डूबा नैमिषारण्य

सीतापुर। पावन तीर्थ नैमिषारण्य में व्यासपीठाधीश अनिल शास्त्री के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथाव्यास रंजीत जी महाराज ने सुदामा चरित्र, द्वारका लीला और राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनाया। सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महाराज श्री ने कहा कि सच्ची मित्रता में धन, पद और प्रतिष्ठा का कोई स्थान नहीं होता। सुदामा की निर्धनता के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण ने उनका जिस प्रेम से स्वागत किया, वह मित्रता की अनुपम मिसाल है। भगवान ने सुदामा के चरण पखारे और उनकी लाई चावल की पोटली प्रेमपूर्वक स्वीकार की। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त की भेंट नहीं, उसके भाव देखते हैं। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका लीलाओं और राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनाया गया। व्यासपीठाधीश अनिल शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत मनुष्य को भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार का मार्ग दिखाती है। समापन पर हरिनाम संकीर्तन, सामूहिक आरती और पुष्पांजलि हुई। मुख्य यजमान सुधा जी एवं श्याम सुंदर अटल परिवार इंदौर सहित विभिन्न प्रदेशों से आए यजमानों ने आरती की। प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर शिवानंद भाई श्री महाराज, गोपिका नंदन, महंत मोहनी दास, राज दीक्षित, अरिंजय चौधरी, बॉलीवुड अभिनेता दीपक हरपाल सिंह, रामकिंकर पांडे, कपिल शास्त्री, कोमल दीक्षित, कामिनी दीक्षित, रीना तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



बजाज मिल में पेराई शुरू, किसानों ने मांगा बकाया भुगतान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला चीनी मिल में शुक्रवार को बैलों और तौल कांटों का पूजन कर पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया गया। पहले दिन बैलगाड़ी और ट्रॉली से गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को शाल ओढ़ाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। पेराई शुरू होते ही राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने मिल प्रबंधन के सामने बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाते हुए जल्द भुगतान की मांग की।

पहली बैलगाड़ी लेकर पहुंचे पच्चापुर के गंगाराम और तुकीखेड़ा के हरद्वारी लाल का सम्मान किया गया। ट्रॉली से गन्ना लाने वाले गिरधरपुर के जमुना प्रसाद, अजान के सर्वेश कुमार और लक्ष्मीपुर के मोहनलाल मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। सिसनौर क्रय केंद्र से ट्रक में गन्ना लेकर आए चालक को केन हेड पीएस चतुवेर्दी ने शाल ओढ़ाकर और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति सचिव बलवंत चैधरी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा और यूनिट हेड राकेश यादव मौजूद रहे। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि संगठन ने पिछले दिनों मिल अधिकारियों का घेराव कर इंडेंट जारी करने और पेराई शुरू कराने की मांग की थी। इसके बाद इंडेंट जारी हुआ और समिति ने किसानों की पर्चियां जारी कीं। पेराई शुरू होने के बाद संगठन के किसानों ने यूनिट हेड राकेश यादव और एजीएम लीगल अवनि कुमार पांडे से पिछले सत्र का बकाया भुगतान जल्द कराने की मांग की। वहीं, एक अन्य किसान संगठन से जुड़े कुछ किसानों ने मिल परिसर में दरी बिछाकर धरना दिया।

यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि इस सत्र में किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से पर्ची की सूचना भेजी जाएगी। वैध तिथि की एसएमएस पर्ची दिखाने पर ही मिल गेट और बाह्य क्रय केंद्रों पर गन्ना लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से निर्धारित तिथि पर ही गन्ना लाने और साफ-सुथरा गन्ना आपूर्ति करने की अपील की।

प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना का जगह-जगह हुआ स्वागत



सीतापुर। 26 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने सीतापुर में संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के जिले में पहुंचने पर सिधौली, खैराबाद टोल, खगेसियामऊ और महोली में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह हुए स्वागत से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। इसके बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी अब्दुल हन्नान की मौजूदगी में संगठनात्मक बैठक हुई। इसमें 26 नवंबर को संविधान दिवस पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। पार्टी नेतृत्व ने जिले से अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठन को पूरी ताकत से जुटने का संदेश दिया। सह-प्रभारी अब्दुल हन्नान और जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और क्षेत्र-क्षेत्र तक पहुंचकर लोगों को रैली के उद्देश्य से अवगत कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ जुटें और बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर रैली को सफल बनाएं। बैठक में संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन की मजबूती को लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस की इस सक्रियता को आगामी राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर जिले में संगठन की ताकत परखने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भ

संक्षेप

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राज मार्ग पर शुक्रवार सुबह सोनावा गांव के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान सोनावा निवासी सुरेश चंद्र मिश्रा (52) पुत्र विद्याधर मिश्रा के रूप में हुई। वह सुबह खेत देखने गए थे। लौटते समय सोनावा आरा मशीन के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक उन्हें कुछ दूर तक रौंदता चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। मृतक की पत्नी सरोजा की चार माह पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बेटे पवन (27), शुभम (23) और तीन बेटियां शालिनी (32), शिवांगी (26) व शिखा (18) हैं। सबसे छोटी बेटी शिखा की अभी शादी नहीं हुई है। थाना प्रभारी राजकुमार वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर बवाल, सीएमएस को डीएम का नोटिस

रायबरेली। जिला पुरुष चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठने के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। शहर स्थित राणा बेनी माधव बक्स सिंह जिला अस्पताल का पूरा मामला है। बताया जा रहा है कि भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी और सीएमएस के बीच नोकझोंक हुई थी। विवाद के बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार पर प्रशासन सख्त हो गया। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिन में साक्ष्यों सहित लिखित जवाब देने का फरमान सुनाया गया है। निरीक्षण के दौरान कथित गैर-जिम्मेदाराना बातचीत पर प्रशासन नाराज है। सीएमएस के बयान को पद की गरिमा के विपरीत माना गया है। ड्यूटी में लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

सीएम की मां के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोना व सांसद प्रमोद ने जताया दुःख

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी के आकस्मिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गहरा दुःख जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं पीसीसी अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सीएम योगी अपनी मां से बहुत ज्यादा आत्मीय रूप से जुड़े थे। नेताद्वय ने कहा कि उनकी माता जी मृदुभाषी, सौम्य स्वभाव तथा सादगी भरे जीवन के साथ एक विदुषी महिला के रूप में अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित किया। नेताद्वय का संयुक्त बयान शुक्रवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

रामनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

50 लाख श्रद्धालुओं ने की पंचकोसी परिक्रमा



अयोध्या। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर रामनगरी अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा का भव्य आयोजन भोर से ही शुरू हो गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अनुमान जताया है कि इस बार करीब 50 लाख श्रद्धालु पंचकोसी परिक्रमा में शामिल हुए हैं। परिक्रमा शुरू होते ही पंचकोसी मार्ग पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष के साथ करीब 15 किलोमीटर की परिक्रमा पूरी करते दिखे। परिक्रमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि श्रद्धालु जिस स्थान से यात्रा शुरू करते हैं, उसी स्थान पर लौटकर इसे पूर्ण करते हैं। पहले पंचकोसी परिक्रमा संकरी गलियों से होकर होती थी, लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार में अब यह फोर लेन मार्ग पर सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रही है। श्रद्धालुओं ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की। सुरक्षा से लेकर सुविधा तक हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया है। परिक्रमा मार्ग के किनारे स्वयंसेवी संस्थाओं और विभिन्न संगठनों द्वारा सेवा कैंप लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं को जल, प्रसाद, चिकित्सा सहायता और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई गई। पंचकोसी परिक्रमा के साथ-साथ राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में भी बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही लग गईं। श्रद्धालु रामलला के दर्शन के बाद हनुमानगढ़ी पहुंचकर बजरंगबली के समक्ष शीश झुका रहे हैं। आस्था का यह संगम पूरे शहर को भक्तिमय बना रहा है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद लखनऊ जोन के एडीजी प्रवीण कुमार ने संभाली है। उन्होंने रातभर परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर अपनी टीमों के साथ लगातार मैदान में मौजूद रहे। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी नेटवर्क के जरिए पूरे मार्ग की निगरानी की जाती रही।

ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ वत्स ने 65 यूपी बटालियन एनसीसी का किया निरीक्षण



अयोध्या। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ वत्स ने शुक्रवार को अयोध्या स्थित 65 यूपी बटालियन एनसीसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बटालियन की प्रशासनिक व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण गतिविधियों और कैडेटों के अनुशासन का जायजा लिया। बटालियन परिसर पहुंचने पर एनसीसी कैडेटों की सुसज्जित टुकड़ी ने ग्रुप कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बटालियन की विभिन्न प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय, उप कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ब्रिगेडियर सौरभ वत्स ने एनसीसी अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों (जेसीओ), एनसीओ तथा कैडेटों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने प्रशिक्षण के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा बटालियन की समग्र तैयारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कैडेटों को देशसेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। ग्रुप कमांडर ने बटालियन के 36 एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) और केयरटेकर को संबोधित करते हुए कैडेटों के सर्वांगीण विकास एवं एनसीसी के उत्थान के लिए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम प्रशिक्षण केंद्र का किया शुभारम्भ



रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के प्रति आमजन एवं मतदाताओं को जागरूक करने तथा मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आज जनपद की समस्त विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाली तहसीलों में ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित जनपद स्तरीय ईवीएम प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को ईवीएम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के साथ ही मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की समस्त तहसीलों में संचालित ईवीएम प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, जिससे अधिकाधिक नागरिक इन केंद्रों पर पहुंचकर ईवीएम के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) / उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह, उप जिलाधिकारी वीर सिंह, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

जिला जज व डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



रायबरेली।जनपद न्यायाधीश सै0 माऊज बिन आसिम व जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उनके समयबद्ध एवं नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा बंदियों के मुकदमे में जमानत, गवाही व आरोप के संबंध में भी पूछताछ की गयी तथा बैरकों में प्रथमदृष्टया बीमार बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में उनको जिला कारागार के चिकित्सक द्वारा उचित उपचार देने के संदर्भ में आवश्यक-निर्देश दिये गये। उन्होंने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा सुरक्षा से जुड़े अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज शुक्ला, जेलर हिमांशु रौतेला सहित जेल के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

सपा ने तेज की 2027 चुनावी तैयारी

बूथ स्तर पर मतदाता सूची दुरुस्त करने का अभियान शुरू



अयोध्या। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मिल्कीपुर विधानसभा के पांच नंबर चैराहे पर सांसद एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद तथा जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, सेक्टर, जोन एवं बूथ अध्यक्षों सहित पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नई मतदाता सूची पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को उपलब्ध कराई गई। साथ ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत मतदाता सूची के गहन निरीक्षण और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना बेहद जरूरी है। पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची का निरीक्षण करें। कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहने पाए।

यह केवल संगठन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य है। जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ जुट जाए। विशेष अभियान दिवसों 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची का बारीकी से अवलोकन करें तथा जिन पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं हैं, उनके नाम जुड़वाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ की मजबूती से तय होती है और इस अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सपा प्रवक्ता लवलेश पाण्डेय ने बताया कि बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से विशेष अभियान दिवसों को गंभीरता से लेते हुए जनसंपर्क करने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।

तीन साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को थाना बार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 94/2022 में वांछित अभियुक्त ग्राम गिरार निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत थाना बार में मुकदमा दर्ज है। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(व्ही) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को दी गई दीपांजलि

ललितपुर। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर अधिवक्ता संवाद, मानव ऑर्गनाइजेशन एवं गोपुत्र सेना के संयुक्त तत्वावधान में कचहरी चैराहे पर दीपांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राष्ट्रभक्ति के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। वक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और देशभक्ति को याद करते हुए कहा कि वीरांगना लक्ष्मीबाई केवल 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका ही नहीं, बल्कि भारतीय नारी शक्ति, स्वाभिमान और संघर्ष की अमर प्रतीक हैं। उन्होंने अपने अदम्य साहस और वीरता से अंग्रेजी हुकूमत का मुकाबला कर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, आत्मसम्मान बनाए रखने और राष्ट्रहित में समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इस दौरान एड. पुष्पेन्द्र सिंह चैहान, एड. अंकित जैन, एड. रवींद्र घोष, दीपक राजपूत, आकाश झा, निधि सिंह, तनिष्का जैन, मास्टर अरुणी घोष, मास्टर वैष्णवी, गीतांजलि राजपूत, बलराम कुशवाहा, शासकीय अधिवक्ता रमेश कुमार सिंह, पूर्व शासकीय अधिवक्ता इन्द्रपाल सिंह यादव, कमलेश रिछारिया, ब्रजेश श्रीवास्तव, सुभाष रावत, गौरव रावत, अर्जुन बेसरा, कमलेश कुशवाहा, गौ पुत्र मनीष दुबे, गौ पुत्र अनुज शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, उमेश सोनी, पुजारी बद्रीप्रसाद, देवसिंह राजपूत, यश लोहिया, धर्मेंद्र रजक, शशिकांत राजपूत, हरदयाल लोधी एवं अजय राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कचहरी चैराहे के आसपास गुमटियां लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नीलकंठ मंदिर के बाहर भिक्षा मांगने वाले साधु की मौत



इटावा। शहर कोतवाली क्षेत्र की अस्तल चैकी के अंतर्गत प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर के गेट के बाहर प्रतिदिन भिक्षा मांगने वाले एक साधु की आज सुबह जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अस्तल चैकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक यहां अपना असली नाम छिपाकर राजेश पुत्र गंगाराम, निवासी ग्राम रीतौर, थाना इकदिल बताकर भिक्षा मांगता था। पुलिस ने जब उसके बताए गांव पहुंचकर जानकारी जुटाई तो उसकी पहचान प्रमोद कुमार उर्फ सुनामी उम्र 55 वर्ष पुत्र नेकराम के रूप में हुई। जांच में पता चला कि मृतक का परिवार गांव छोड़कर गुरुग्राम, हरियाणा में रह रहा है। पुलिस ने उसके भाई विनोद कुमार को घटना की सूचना दी। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराएगी। मृतक के पास काफी जमीन और संपत्ति थी। ऐसे में संपन्न परिवार से जुड़े व्यक्ति के मंदिर के बाहर साधु के रूप में रहकर भिक्षा मांगने के पीछे क्या वजह थी, यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों से जानकारी मिलने के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जरूरतमंद बिटिया के विवाह के लिए ट्रस्ट ने दिए 31,501 रुपये



जसवंतनगर, इटावा। सहयोगी मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित बिटिया विवाह आर्थिक सहयोग योजना के तहत उपासना प्रजापति के विवाह के लिए 31,501 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सिसहाट रोड स्थित एक मैरिज होम में आयोजित कार्यक्रम में यह धनराशि उपासना की माता गीता देवी और पिता प्रमोद कुमार प्रजापति निवासी मोहन की मड़ैया को सौंपी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट मणिशंकर गुप्ता ने कहा कि बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग करना समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। ट्रस्ट की यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए सराहनीय और अनुकरणीय है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटी का विवाह बड़ी चुनौती होता है। ऐसे में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग परिवारों को संबल प्रदान करता है। सभासद प्रतिनिधि अनिरुद्ध मोनू दुबे ने कहा कि बेटियों के विवाह में सहयोग करना किसी परिवार की खुशियों में सहभागी बनने जैसा है। मात्र 100 रुपये के मासिक अंशदान से इतनी बड़ी मुहिम संचालित करना प्रेरणादायक है। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि हेमू शाक्य और शिवशंकर प्रजापति भी मंचासीन रहे। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित कुमार जोशी ने संस्था की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बिटिया विवाह आर्थिक सहयोग योजना का लाभ ट्रस्ट के सदस्यों को दिया जाता है। इसके लिए प्रतिमाह 100 रुपये का अंशदान अनिवार्य है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रितिक गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट अब तक नौ लाभार्थी सदस्यों को कुल 2,73,050 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुका है। इस अवसर पर मनोज यादव, विशाल प्रजापति, शेर सिंह राठौर, सुनीता देवी, पूनम, रेखा सहित करीब एक सैकड़ा सदस्य मौजूद रहे।

महिला आयोग की सदस्य ने सुनी पीड़िताओं की समस्याएं



इटावा। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित ऑडिटोरियम में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 16 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं, शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बे-झिझक टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर शिकायत कर सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर निश्चित ही महिला आयोग से समस्या से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को न्याय मिलेगा। इस अवसर पर सीओ जसवन्तनगर आयुषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल, परियोजना अधिकारी यूपीनेड प्रिया शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं उपस्थित रहे।

भुगतान में देरी से महिलाओं की आजीविका प्रभावित, सैकड़ों महिलाओं ने डीएम से लगाई गुहार



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। जिले में संचालित टीएचआर (टेक होम राशन) इकाइयों के भुगतान में लगातार देरी और कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं उठाईं। पांचों टीएचआर प्लांट से जुड़ी समूह महिलाओं ने जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर अपनी आपबीती सुनाई। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी से भी मिलकर शिकायत दर्ज कराई और भुगतान प्रक्रिया में सुधार तथा बकाया धनराशि दिलाने की मांग की। जिले में संचालित सौभाग्य प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर जयसिंहपुर, प्रगति प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर दुबेपुर, संकल्प प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर मगरावा कादीपुर, उद्यमिता प्रेरणा महिला लघु उद्योग टीएचआर देहली बाजार धनपतगंज सहित अन्य इकाइयों की महिलाओं ने भुगतान में देरी, बिल सत्यापन में लापरवाही और भुगतान में कटौती का आरोप लगाया।महिलाओं का कहना है कि आईसीडीएस से प्राप्त लाभार्थियों की संख्या के अनुसार टीएचआर सामग्री का उत्पादन कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण किया जाता है। इसके बाद बिल बाल विकास परियोजना अधिकारी के सत्यापन के उपरांत भुगतान के लिए जिला स्तर पर प्रस्तुत किए जाते हैं। नियमानुसार भुगतान एक सप्ताह के भीतर होना चाहिए, लेकिन कई बार चार से पांच माह तक भुगतान लंबित रहता है। इससे प्लांट संचालन और उत्पादन व्यवस्था प्रभावित होती है। शिकायतकताओं ने आरोप लगाया कि बिल सत्यापन में भी 10 से 15 दिन की देरी की जाती है। भुगतान लंबित रहने के बावजूद उत्पादन जारी रखने का दबाव रहता है, जबकि बाद में बिलों में कटौती कर दी जाती है। महिलाओं का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में समूह की महिलाओं की कोई गलती नहीं होने के बावजूद उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि भुगतान की मांग करने पर अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जाता है। शिकायत में प्लांट स्थापना के नाम पर समूहों से 30 हजार रुपये प्रति समूह लिए जाने का मामला भी उठाया गया। समूह महिलाओं ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से मांग की कि टीएचआर इकाइयों के भुगतान में हो रही देरी, बिल सत्यापन और कटौती के मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। पूर्व में जिन बिलों में कटौती की गई है, उनका भुगतान वापस कराया जाए और भविष्य में भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। सैकड़ों महिलाओं के जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने से टीएचआर इकाइयों में भुगतान और संचालन व्यवस्था को लेकर मामला चर्चा में आ गया है। महिलाओं ने प्रशासन से जल्द समाधान कर उनकी आजीविका को संकट से बचाने की मांग की है।

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2026-27/ दिनांक 20.11.2026

अल्पकालीन निविदा

विकसित भारत जी.राम.जी. योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 27.11.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टाबल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	RANGI LAL KE GHAR SE RAMU KE GHAR TAK INTERLOCKING VA NALI NIRMAN KARYA	24.32 घन मी.	16424 नग	45.45 घन मी.	15960 नग	208 बैग	11.38 घन मी
2	PRATHMIK VIDHYALAY SE VINAY KUMAR KE GHAR TAK INTERLOCKING VA NALI NIRMAN KARYA	24.32 घन मी.	16424 नग	45.45 घन मी.	15960 नग	208 बैग	11.38 घन मी

नियम शर्तें

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत शाहपुर के कार्यालय में 21.11.2026 से 27.11.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत शाहपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 21.11.2026 से दिनांक 27.11.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जावेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत शाहपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 27.11.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

मुन्ना लाल, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड धौरहरा

उदय प्रताप सिंह, ग्रा.वि.अधिकारी, ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड धौरहरा

शंखनाद के बीच देश भर में हुई श्रीराम कथा की गूंज



ज्ञानप्रकाश शुक्ल

प्रतापगढ़। हिन्दुत्व, हिन्दू, हिन्दुस्तान के सनातनी शंखनाद के बीच गंगा की लहरों को स्पर्श करते कुण्डा के बेंती राजभवन परेड ग्राउण्ड पर श्रीराम कथा की गूंज राष्ट्रीय संस्कृति एवं दर्शन को प्रवहमान बना गयी। शनिवार को तीन दिवसीय कथा के चौथे दिन बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में भी रामनाम का जयघोष आसमां की फिजाओं में बुलंदी लिए दिखा। कथा के संयोजक एवं जनसत्ता लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया प्रतापगढ़ के एक सफल आध्यात्मिक महोत्सव के प्रशंसनीय किरदार में दिखे। जिले-जिलों से लाखों का हिन्दू मानस बेंती परेड ग्राउण्ड की कथा में सहभागिता के साथ हिन्दुत्व के पैनी धार में एक नई निखार की सफलता में अभिभूत भी दिखा। बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने भी हिन्दू सनातन संस्कृति का राजा भइया को ध्वजवाहक के रूप में सनातनी पगड़ी का अलंकरण सौंपने से खुद को रोक न सके दिखे। वहीं देश प्रदेश के कोने कोने से आये नामचीन साधू महात्माओं, संगीत साधकों, सियासी दिग्गजों, भक्तों को भी राष्ट्रीय स्तर पर सफल सनातनी श्रीराम कथा भव्य महोत्सव को लेकर राजा भइया की प्रशंसा के सुर में प्रसन्न भाव में देखा गया। श्रीराम कथा के तीनों दिनों जिस तरह से बेंती परेड ग्राउण्ड पर लाखों श्रद्धालुओं का संगम उमड़ता घुमड़ता दिखा उसे देख स्वयं राजा भइया भी भक्ति साधना में ग

योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन लेकर कार्य करें: सांसद

जिला संवाददाता (वीओएल)

बिजनौर। सांसद नगीना चंद्रशेखर ने दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को संवेदनशील होकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाये तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार कराएं।

सांसद नगीना चंद्रशेखर ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में दिशा समिति की बैठक में कहा कि अधिकारी आमजन की शिकायतों के निस्तारण के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन लेने तथा जनप्रतिनिधियों व आमजन के फोन कॉल अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि किसानों, श्रमिकों व आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाए। सांसद चंद्रशेखर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि मरीज व तीमारदारों को बाहर से दवाई लेने के लिए सरकारी चिकित्सक न लिखें। उन्होंने व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के निर्देश भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। संसद में धामपुर में नगीना चैराहे पर हाईवे पर स्थित कट को आमजन की सुविधा के लिए थोड़ा पहले कट करने के लिए कहा। सांसद ने पर्यटन विभाग के अधिकारी वन्य अधिकारियों से कहा कि पर्यटन विभाग की तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित योजना जनपद बिजनौर में भी लागू होनी चाहिए इसके लिए सक्षम स्तर पर संपर्क व पत्राचार किया जाए वह स्वयं भी इसके लिए प्रयास करेंगे। विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश ने चांदपुर के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने के लिए अधिकारियों से कहा। सांसद बिजनौर चंदन चैहान के प्रतिनिधि विजय चैहान ने सांसद के क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को रखा। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि बैठक के दौरान सांसद व अन्य जन प्रतिनिधियों ने जो दिशा निर्देश दिए हैं उसका संबंधित विभागीय अधिकारी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत चैथी स्कीम संचालित है जिसमें पांच आबादी वाले मार्गों की डीपीआर व दो पुलों की डीपीआर भेजी गई थी जिसमें से दो मार्गों की डीपीआर भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है इसके लिए निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 1089 दावे प्राप्त हुए थे जिसके सापेक्ष 18 लाख 30 हजार रुपए का भुगतान संबंध किसानो को किया गया है। बैठक के दौरान नगर विकास विभाग के अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया गया कि वह पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराए तथा जनता को स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत जनपद में 23551 आवास स्वीकृत किए गए थे जिसके सापेक्ष 22650 को पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 37451 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 10639 पात्र पाए गए हैं इस पर कार्य चल रहा है। बिलाई स्थित बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल पर गन्ना मूल्य भुगतान का 17 करोड़ से ज्यादा का भुगतान लंबित है इसके इसी माह किसानों को भुगतान करने के निर्देश गन्ना विभाग के अधिकारी को दिए गए। इस अवसर पर विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला वन अधिकारी सहित अन्य विभाग अधिकारी मौजूद रहे।

जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें अधिकारी : जिलाधिकारी



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ करने के पश चातअपनी फरियाद लेकर आए लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि अधिकारी जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फरियादी बहुत उम्मीद के साथ अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं। ऐसे में उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जब पोर्टिको में अपनी समस्याओं को लेकर बैठे लोगों को देखा तो वह सीधे उनके बीच पहुंच गए। उन्होंने एक-एक फरियादी के प्रार्थना पत्र को हाथ में लेकर गंभीरता से पढ़ा और फरियादियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा फरियादियों को उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने हेतु आश्वस्त किया।

तुलसी विवाह में पूजन के बाद निकली बारात, झूमीं महिलाएं



बांदा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में आज देवउठनी एकादशी धूमधाम से मनाई गई एकादशी पर महिलाओं ने अपने घरों में तुलसी पूजन किया। श्रद्धा के साथ त्योहार को मनाया गया। महिलाओं में इस पूजन को लेकर उत्साह देखा गया। सुबह से ही महिलाएं पूजा की सामग्री एकत्रित करघरों में तुलसी के पौधे का पूजन किया गया। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से भी तुलसी माता की विशेष पूजा अर्चना की गई। तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह श्रृंगार कर सजाया गया। महिलाएं बाराती की तरह सज धज कर मंदिर पहुंची और शालिग्राम जी की बारात में बड़ी संख्या में शामिल होकर नृत्य किया। पंडित सिल्लू अवस्थी ने विधि पूर्वक शहर के महेश्वरीदेवी मंदिर में महिलाओं से तुलसी पूजन करवाया। महिलाओं ने तुलसी विवाह से संबंधित गीत गाए। झूमते भक्तों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। तुलसी माता की पूजा अर्चना कर धूमधाम के साथ तुलसी विवाह मनाया गया।

22 महिलाओं का हुआ नसबंदी ऑपरेशन

बांदा। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बीते दिवस जसपुरा में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 महिलाओं का सफलतापूर्वक नसबंदी ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन की प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग की टीम की देखरेख में हुई। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. दीपक यादव, सर्जन डा. देव तिवारी ने ऑपरेशन की जिम्मेदारी संभाली। शिविर को सफल बनाने में लैब इंचार्ज शैलेंद्र यादव कायोगदान रहा। फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्सों ने भी सक्रिय भूमिका में दिखे। स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य विभाग की टीम के समन्वित प्रयास से शिविर का आयोजन हुआ। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में 22 महिलाओं ने नसबंदी ऑपरेशन कराया।

उर्वरक वितरण में अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित, जया ट्रेडर्स को नोटिस जारी

देवरिया। जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया है कि दिनांक 19 नवंबर, 2026 को जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान मेसर्स नमन सेवा कृषि उपज संवर्धन सहकारी समिति लिमिटेड, सोनाड़ी मोड़ द्वारा किसानों को उर्वरक वितरण में अनियमितता पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में अम्बरीष कुमार मिश्र, अपर जिला कृषि अधिकारी, देवरिया एवं बृजेश राय, अपर जिला सहकारी अधिकारी, तहसील बरहज द्वारा संयुक्त रूप से उर्वरक प्रतिष्ठान की जांच की गई।जांच के उपरांत अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर मेसर्स नमन सेवा कृषि उपज संवर्धन सहकारी समिति लिमिटेड, सोनाड़ी मोड़ का उर्वरक लाइसेंस निलंबित करते हुए उर्वरक व्यवसाय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही, इसके सहयोगी प्रतिष्ठान मेसर्स जया ट्रेडर्स, सोनाड़ी मोड़ को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने जनपद के कृषकों से कहा है कि वे अपने नजदीकी उर्वरक प्रतिष्ठान पर आधार कार्ड एवं फार्मर आईडी लेकर जाएं तथा अपनी जोत एवं फसलों की संस्तुति के अनुसार पीओएस मशीन से प्राप्त बिक्री रसीद के आधार पर निर्धारित मूल्य का भुगतान कर ही उर्वरकों का क्रय करें। उन्होंने बताया कि जनपद में उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी एवं निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

डीएम जोगिन्दर सिंह की पहल, क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुलेगा जनगणना पोर्टल



बिजनौर। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत संचालित स्व गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विशेष क्यूआर कोड तैयार कराया गया है। इसके माध्यम से आमजन अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे स्व गणना से संबंधित निर्धारित पोर्टल पर पहुंच सकते हैं तथा स्वयं एवं अपने परिवार से संबंधित आवश्यक विवरण आसानी से दर्ज कर सकते हैं जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने शुक्रवार को मीडिया के माध्यम से जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे जनगणना के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित पोर्टल के माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की स्व गणना अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराने का उद्देश्य स्व गणना की प्रक्रिया को अधिक सरल, सुगम एवं सुलभ बनाना है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना विवरण स्वयं दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकार को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। इसके माध्यम से जनसंख्या से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त होती हैं, जो भविष्य की विकास योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों के बेहतर नियोजन में सहायक होती हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व गणना का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसके उपरांत 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से निर्धारित समयावधि में स्व गणना पूर्ण करने तथा प्रगणकों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया।

ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का शुभारंभ



महोबा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में जनपद के नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक करने तथा मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से 20 नवंबर 2026 को जनपद महोबा में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन जिलाधिकारी प्रभाष कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं ईवीएम के माध्यम से डेमो वोट डालकर मशीनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इसी क्रम में जनपद की तीनों तहसीलों महोबा सदर, चरखारी एवं कुलपहाड़ में संबंधित उप जिलाधिकारियों द्वारा तहसील परिसरों में ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इन केंद्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर नए एवं युवा मतदाताओं को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। प्रदर्शन केंद्रों पर आने वाला कोई भी नागरिक स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर मॉक वोट डाल सकता है तथा वीवीपैट की स्क्रीन पर अपने द्वारा चयनित उम्मीदवार का नाम एवं चुनाव चिह्न सात सेकंड तक देख सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन केंद्रों पर तैनात मास्टर ट्रेनर्स एवं निर्वाचन कर्मियों द्वारा नागरिकों को ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन की जानकारी दी जाएगी तथा मशीनों को लेकर उनके मन में उत्पन्न होने वाली शंकाओं एवं भ्रांतियों का व्यावहारिक ढंग से समाधान किया जाएगा।

बिना अनुमति मध्य प्रदेश से ढाई सौ गोवंश लाने का आरोप

बांदा। नरैनी तहसील क्षेत्र में बीते दिवस मध्य प्रदेश से करीब 250 गोवंश बिना अनुमति के लाए जाने के आरोप है। विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने दस लोगों के खिलाफ नरैनी कोतवाली में तहरीर दी है। 220 गोवंश पनगरा गांव के खेल मैदान में सुरक्षित रखे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। तहरीर में बताया गया कि बिसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत चैसड़ के प्रधान पुत्र सहित कुछ लोग गोवंश के साथ मौके पर मौजूद थे। ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी लेने पर पता चला कि मध्य प्रदेश से गोवंश लाने के संबंध में पंचायत की ओर से कोई आदेश जारी नहीं किया गया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि गोवंश बिना अनुमति और पशु चिकित्सा जांच के लाए जा रहे थे। गो सेवा प्रमुख एवं तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया, तहसीलदार सतीश कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ओझा और लेखपाल रविशंकर ने जांच की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

डीएम और एसपी ने ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगवाए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप



बहराइच। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत कोहरे व धुंध से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने अन्य अधिकारियों के साथ पारले चीनी मिल परसेंडी के पेराई सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर गन्ना मिल में आने वाले कृषकों के ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाते हुए मिल प्रबन्धन को निर्देश दिया कि गन्ना ढुलाई कार्य में लगे हुए सभी टैज्क्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवायें। इस अवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौजूद किसानों व आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, बाईक राईडिंग करते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। डीएम ने कहा कि यातायात सम्बन्धी नियमों की जनजागरूकता के माध्यम से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है।

मरीमाता मंदिर का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



बहराइच। 24 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री मरीमाता मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के आवागमन, पार्किंग स्थल, साफ-सफाई एवं संपर्क मार्ग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य मार्ग से मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित विभाग को मार्ग की आवश्यक मरम्मत समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो पुलिस विभाग को मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम को लेकर मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने की पहल

रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र ब्लाक बाबागंज में मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह तथा बाल एवं महिला उत्पीड़न जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बाबागंज स्थित कार्यालय पर एक समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में ट्रस्ट के अध्यक्ष यशस्वी एस.पी. सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव तस्करी, बाल श्रम और बाल विवाह समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं इन घटनाओं को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक और जिम्मेदार बनना होगा विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है ट्रस्ट उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम और मानव तस्करी के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया शुभारम्भ

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ई.वी.एम. (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वी.वी.पैट हेतु व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मतदाताओं को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एवं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में अवस्थित सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ई.वी.एम. व वी.वी. पैट प्रदर्शन केन्द्र सथापित किये गये हैं। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में स्थापित किये गये ई.वी.एम. व वी.वी. पैट प्रदर्शन केन्द्र का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने प्रदर्शन केन्द्र पर तैनात कार्मिकों को निर्देश दिया कि प्रदर्शन केन्द्र में आने नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया के साथ-साथ ईवीएम की पारदर्शिता के सम्बन्ध में भी जागरूक किया जाय।

कोर्ट ने जारी किए झोलाछाप अशरफ के खिलाफ समन, 23 को होगी पेशी

जिला संवाददाता (वीओएल)

नगीना, बिजनौर। बिना डिग्री के अवैध प्रेक्टिस करने के मुकदमे में चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट ने झोलाछाप चिकित्सक अशरफ अंसारी के खिलाफ कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। कोर्ट में मुकदमा शुरू होने से गलत दवाईयां देकर लोगो की जान से खिलवाड करने वाले झोलाछाप अशरफ अंसारी की उल्टी गिनती शुरु हो गई है।



जानकारी के अनुसार थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी कुमारी शगुफ्ता अंजुम ने 30 मार्च 2026 को जिलाधिकारी बिजनौर के समक्ष पेश होकर थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम मंझेडा सकरु में बिना डिग्री के गलत दवाईयां देकर लोगों की जान से खिलवाड करने वाले झोलाछाप डा0 अशरफ अंसारी पुत्र लियाकत निवासी ग्राम कल्याणपुर द्वारा संचालित अवैध क्लीनिक को सील कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए एक शिकायती पत्र दिया था। जिलाधिकारी के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप चिकित्सक के अवैध क्लीनिक को सील करते हुए नोडल अधिकारी डॉ0 केपी सिंह की ओर से झोलाछाप चिकत्सक अशराफ अंसारी पुत्र लियाकत के खिलाफ गंभीर धाराओं में थाना नगीना में मुकदमा अपराध संख्या 127/26 दर्ज कराया गया था। मुकदमें की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक दीपक शर्मा ने शिकायतकर्ता शगुफ्ता अंजुम के बयान एंव अन्य साक्ष्यों के आधार पर झोलाछाप चिकित्सक अंशराफ अंसारी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट नगीना ने संज्ञान लेते हुए आरोपी झोलाछाप चिकित्सक अशरफ अंसारी के खिलाफ समन जारी करते हुए 23 नवम्बर 2026 को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिए है। कानून के जानकार वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा के अनुसार बिना डिग्री अवैध प्रेक्टिस कर गलत दवाईयां देकर लोगो की जान से खिलवाड करना एक गंभीर अपराध है ऐसे मांमलों में कोर्ट का रुख बहुत सख्त होता है और कडी से सजा का प्रवधान है। कोर्ट में मुकदमा शुरू होने से गलत दवाईयां देकर लोगो की जान से खिलवाड करने वाले झोलाछाप अशरफ अंसारी की उल्टी गिनती शुरु हो गई है।

पुलिस लाइन परेड ग्राउंड का निरीक्षण



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तवद्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन करते हुए उच्च कोटि की वर्दी धारण करने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं मधुर व्यवहार बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही परेड में अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल कराई गई।परेड के उपरान्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा (एमटी), क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, शस्त्रागार, आरटीसी मेस, यूपी-112 कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव एवं अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। पुलिस मॉडर्न स्कूल, बहराइच में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सुविधा हेतु निमार्णाधीन पुस्तकालय तथा पुलिस लाइन स्थित आवासों के समीप बेरिया माता मंदिर की ओर चल रहे निर्माण कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

कालिंजर मेले की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



बांदा/कालिंजर। एतिहासिक व धार्मिक स्थल कालिंजर में प्रदेश सहित सीमावर्ती मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा है। कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले पांच दिवसीय मेले में लगभग पांच से छह लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान प्रशासन ने लगाया है। तैयारियों को लेकर थाना कालिंजर परिसर में एसडीएम नवीन कुमार और सीओ नरैनी ने अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। दुर्ग मार्ग की बदहाली को मेला शुरू होने से पहले दुरुस्त कराने और परिसर से मलबा हटाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भीड़ और यातायात नियंत्रण के लिए बांदा, सतना, पन्ना, बघेलावारी-चित्रकूट और किला मार्ग पर बैरियर लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए जल निगम के टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। कालिंजर दुर्ग जाने वाले मार्ग की बदहाली का मुद्दा भी लोगों ने उठाया। पहाड़ की ओर दीवार निर्माण के चलते सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पर एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़क की सफाई कराने और आवागमन सुचारु करने के निर्देश दिए। मेला परिसर में पड़ी निर्माण सामग्री तत्काल हटाने को कहा गया। ग्राम प्रधान दयाराम सोनकर ने सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस बार मेले के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने दुकानदारों से दोहरी वसूली का मामला भी उठाया। बताया कि दुकानदारों से मकान मालिक और मेला कमेटी दोनों शुल्क लेते हैं। बैठक के बाद एसडीएम और सीओ ने मेला परिसर व कालिंजर दुर्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

जौराबाजार, कुशीनगर। चौरा खास थाना क्षेत्र के बलियवा गांव में बुधवार के देर रात्रि चार पहिया वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होता न देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बुधवार की रात्रि करीब दस बजे के आसपास पटहेरवा थाना क्षेत्र के जोगिया सुमाली पट्टी निवासी रितेश खरवार (22) पुत्र रामेश्वर खरवार अपने ही गांव के निवासी आकाश पाठक (20) पुत्र मनोज पाठक के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चौराखास थाना क्षेत्र के बलियवा गांव के सामने पीछे से एक चार पहिया वाहन के चपेट में आकर सड़क के बगल में लगे बिजली के पोल से टकरा गए ,जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने सरकारी एंबुलेंस से दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

जौराबाजार, कुशीनगर। थाना चौराखास क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, छठू कटैया निवासी शैलेश प्रसाद पुत्र स्वर्गीय सुभाष प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 6 नवंबर 2026 को शाम करीब 6:30 बजे उनके पिता सुभाष प्रसाद पुत्र स्वर्गीय वंशी प्रसाद अपने दरवाजे के सामने खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। तहरीर में चालक की पहचान अनिल आर्य पुत्र शिवरथ दुसाद, निवासी अरुसवा, थाना चौराखास के रूप में बताई गई है।हादसे में सुभाष प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल पडरौना रेफर कर दिया। वहां से भी उन्हें गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

100 से अधिक गांव में पसरा अंधेरा

जौराबाजार, कुशीनगर। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है पिछले 12 घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद बिजली की रोशनी नसीब नहीं हुई बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कसया से फाजिलनगर के बीच 33 हजार लाइन फाल्ट होने से 100 से अधिक गांव गावों में अंधेरा छा गया है। बिजली विभाग की टीम सुबह से ही फाल्ट ढूढ़ने में लगी है लेकिन अभी तक फाल्ट का पता नहीं चल सका है। मोबाइल फोन चार्ज नहीं होने से संपर्क व्यवस्था प्रभावित है, घरों में अंधेरा पसरा है और बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है।

डीएम और एसपी ने किया गन्ना पेराई का शुभारंभ

बहराइच। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2026-27 का शुभारम्भ किया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल गेट पर पहली तौल कराने बैलगाड़ी से आए तहसील कैसरगंज के ग्राम मूसेपुरवा निवासी माधवराज व ट्रैक्टर से आए तहसील महसी के ग्राम पढुहिया के पेशकार वर्मा के ट्रैक्टर व बैलगाड़ी का पूजनकर किसानों को सम्मानित किया गया तथा कांटे की पूजा कर पेराई सत्र के लिए गन्ना तौल का श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं भी दी।

जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से क्षेत्रीय कृषकों विशेषकर गन्ना कृषकों की आर्थिक उन्नति होने से इस क्षेत्र का विकास हुआ है।

मि

बजट की तैयारियां

चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसके बावजूद अगर 7-8 फीसद की दर से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, तो यह इसकी अन्तर्निहित क्षमता है। लेकिन इस आंतरिक शक्ति को और मजबूत करने के लिए यह जरूरी है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ें। लोगों की आय बढ़े ताकि उनकी क्रय शक्ति बनी भी रहे और बढ़ती भी रहे। बिना क्रय शक्ति के मांग प्रेरित वृद्धि को लंबे समय तक जारी रखना कठिन है। इसलिए सरकार को पीएलआई स्कीम में एमएसएमई सेक्टर को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज बड़े उद्यम ऑटोमेटिव हो रहे हैं और उनमें रोजगार बढ़ने की गति उत्पादन की तुलना में बहुत कम है। जबकि एमएसएमई सेक्टर को रोजगार के लिहाज से सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है। इसलिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को अपने प्री. बजट कंसलटेशन में एमएसएमई सेक्टर की जरूरतों को पूरी तरह समझना चाहिए और संबंधित सभी स्टॉक होल्डर से विमर्श कर इस सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बजटीय आवंटन के जरिए बूस्टर डोज देना चाहिए। देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए लागू उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत निवेश और उत्पादन में वृद्धि देखने को मिली है। लेकिन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को इनका अपेक्षित प्रत्यक्ष



लाभ नहीं मिल पाया है। अधिकांश लाभ अप्रत्यक्ष रूप से मिले है। नीति आयोग और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद की ओर से किए गये इन योजनाओं के मध्यावधि आकलन में यह बात सामने भी आ चुकी है। यह स्थिति तब है, जब इन योजनाओं के तहत 14 विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश और उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2026 तक (पीएलआई कार्यक्रम की आधी अवधि पूरी होने पर) इन योजनाओं के तहत करीब 2.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिला है, जो पूरी योजना अवधि के निवेश लक्ष्य का 76 फीसदी है। वहीं, करीब 22.66 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ, जो निर्धारित लक्ष्य का 64 फीसदी है। लेकिन रोजगार सृजन के मामले में प्रदर्शन कमजोर रहा। इस अवधि तक करीब 8.49 लाख रोजगार पैदा हुए, जो करीब 30.2 लाख रोजगार के लक्ष्य का महज 28 फीसदी है। वहीं, करीब 1.91 लाख करोड़ रुपये के कुल आवंटन में से 35,354 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए गये जो कुल आवंटन का 18.5 फीसदी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पीएलआई योजनाओं को मुख्य रूप से एमएसएमई के लिए नहीं बनाया गया था। छोटी कंपनियों को इनसे मिलने वाला लाभ मुख्य रूप से बड़ी एंकर कंपनियों द्वारा तैयार की गई आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ने, सहायक विनिर्माण, तकनीक के प्रसार और बाजार तक पहुंच के जरिए मिलेगा। एमएसएमई को इन लाभों को हासिल करने के लिए तकनीक, वित्त, कौशल और बाजार तक पहुंच से जुड़ी सुविधाओं में भी सुधार करने की आवश्यकता होगी। दरअसल अलग-अलग क्षेत्रों की कंपनियों पर गौर करें तो स्पष्ट है कि लगभग सभी सेक्टर्स में पीएलआई का लाभ बड़ी कंपनियों को ही मिला है। दवा क्षेत्र में पीएलआई योजना के तहत कुल उत्पादन में बड़ी कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 61 फीसदी रही। मध्यम आकार की कंपनियों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत ठीक रहा। लेकिन एमएसएमई को उत्पादन, रोजगार और विशेष रूप से निर्यात के मोर्चे पर सीमित लाभ मिला। आकलन के अनुसार, छोटी कंपनियों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने और बाजार तक पहुंच बनाने में कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण वे पीएलआई योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रही हैं और प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में पीछे रह जाती हैं। इसलिए सरकार को छोटे उद्यमों के लिए अलग से इंसेंटिव लाना चाहिए ताकि इनका विकास हो, बड़ी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा में टिक सकें और रोजगार के अपेक्षित मौके भी सृजित कर सकें।

विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

नये शक्ति संतुलन की लिखी जा रही पटकथा ?

नरेन्द्र शर्मा



सामयिक

अमेरिका, चीन और रूस के राष्ट्राध्यक्षों की पहली औपचारिक त्रिपक्षीय बैठक ने वैश्विक कूटनीति में एक नया अध्याय खोल दिया है। परमाणु हथियारों, संयुक्त राष्ट्र में सुधार, ऊर्जा आपूर्ति और अंतर्राष्ट्रीय न्याय व्यवस्था पर बनी सहमति के बीच यूक्रेन और ईरान युद्ध जैसे सबसे जटिल सवाल अनुत्तरित रह गए हैं। 19 नवंबर 2026 को चीन के शेनझेन में दुनिया की तीन सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों अमेरिका, चीन और रूस के राष्ट्राध्यक्षों की ऐतिहासिक त्रिपक्षीय बैठक हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहली औपचारिक त्रिपक्षीय शिखर बैठक थी। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीई सी) शिखर सम्मेलन के इतर आयोजित इस बैठक का महत्व इसलिए भी असाधारण था; क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद निर्मित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में इन तीनों देशों की निर्णायक भूमिका रही है। बैठक लगभग 90 मिनट चली और इसके बाद तीनों देशों ने चार प्रमुख बिंदुओं पर आधारित शांति घोषणा जारी की।

आखिर क्यों महत्वपूर्ण है यह बैठक ?

शीतयुद्ध के बाद अमेरिका एकमात्र महाशक्ति के रूप में उभरा था, लेकिन पिछले दो दशकों में चीन की आर्थिक एवं सैन्य शक्ति तथा रूस की सामरिक सक्रियता ने वैश्विक राजनीति को अधिक बहुध्रुवीय बनाया है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, तकनीक, ताइवान तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर प्रतिस्पर्धा है, जबकि रूस और पश्चिमी देशों के संबंध यूक्रेन युद्ध के कारण अत्यंत तनावपूर्ण हैं। ऐसे में तीनों नेताओं का एक मंच पर आना इस बात का संकेत है कि वैश्विक प्रतिद्वंद्विता के बावजूद महाशक्तियां कुछ साझा हितों पर बातचीत करने को तैयार हैं।

चीन के लिए यह बैठक अपनी बढ़ती वैश्विक कूटनीतिक हैसियत प्रदर्शित करने का अवसर थी। रूस के लिए पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और यूक्रेन युद्ध के बीच अंतर्राष्ट्रीय अलगाव की धारणा को तोड़ने का मौका था। वहीं ट्रंप के लिए चीन और रूस के साथ सीधे संवाद के जरिए परमाणु जोखिम, युद्ध और ऊर्जा सुरक्षा जैसे सवालों पर अमेरिकी नेतृत्व प्रदर्शित करने का अवसर था।

> भारत की विदेश नीति का मूल आधार रणनीतिक स्वायत्तता है। ऐसे में तीन महाशक्तियों के बीच किसी भी नए समझौते का प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा खरीद, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक व्यापार पर पड़ सकता है।

चार बिंदुओं की शांति घोषणा: बैठक का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम चार विषयों पर बनी सहमति रही। संयुक्त राष्ट्र में सुधार- तीनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रभावी बनाने और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए सुधारों की आवश्यकता स्वीकार की। उल्लेखनीय है कि अमेरिका, रूस और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में शामिल हैं। इनके पास वीटो शक्ति भी है। हालांकि घोषणा में सुधारों का कोई विस्तृत खाका अथवा समय सीमा नहीं दी गई। ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाना- तीनों देशों ने परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाने तथा वैश्विक ऊर्जा प्रवाह स्थिर रखने पर सहमति जताई। पश्चिम एशिया के संघर्षों और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की संवेदनशीलता को देखते हुए इसका आर्थिक और सामरिक महत्व है।

परमाणु जोखिम कम करना

तीनों नेताओं ने दोहराया कि परमाणु युद्ध जीता नहीं जा सकता इसलिए इसे कभी लड़ा नहीं जाना चाहिए। परमाणु जोखिम घटाने और परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए संवाद करने पर सहमति बनी। हालांकि परमाणु हथियारों की संख्या घटाने, निरीक्षण व्यवस्था या निरस्त्रीकरण की कोई बाध्यकारी समय सीमा घोषित नहीं की गई। अंतरराष्ट्रीय न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र पर आपत्ति- तीनों देशों ने राज्य अधिकारियों की प्रतिरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता के सिद्धांत को महत्वपूर्ण बताया। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) और ऐसी संस्थाओं द्वारा अधिकार क्षेत्र के कथित दुरुपयोग का विरोध किया। यह बिंदु विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी ने 2023 में यूक्रेन युद्ध से जुड़े कथित युद्ध अपराधों के आरोपों पर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

किन मुद्दों पर नहीं बन सकी सहमति ?

इस बैठक की वास्तविक परीक्षा उन मुद्दों पर थी, जिन पर तीनों देशों के हित एक-दूसरे से टकराते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान से जुड़ा संघर्ष इसकी प्रमुख मिसाल हैं। ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में चीन और रूस की भूमिका की बात की, जबकि पुतिन ने क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान में तीनों देशों की साझा जिम्मेदारी का उल्लेख किया। लेकिन जारी शांति घोषणा में यूक्रेन और ईरान युद्ध का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं था, न ही युद्धविराम, शांति समझौते या सैन्य तनाव कम करने का कोई ठोस कार्यक्रम सामने आया। परमाणु निरस्त्रीकरण पर भी बड़ी उपलब्धि नहीं मिली। अमेरिका और रूस के पास चीन की तुलना में कहीं अधिक बड़े परमाणु शस्त्रागार हैं, जबकि चीन अपनी परमाणु क्षमता का विस्तार कर रहा है। इस असमानता के कारण चीन समान शर्तों पर परमाणु हथियारों में कटौती की बातचीत के प्रति सतर्क रहा है।

वैश्विक शक्ति-संतुलन पर संभावित प्रभाव

इस बैठक का सबसे बड़ा संदेश यह है कि वैश्विक राजनीति अब केवल अमेरिका बनाम रूस अथवा अमेरिका बनाम चीन के द्विपक्षीय समीकरणों से संचालित नहीं हो रही। तीनों महाशक्तियां अपने-अपने हितों के लिए सहयोग और प्रतिस्पर्धा दोनों का रास्ता अपना सकती हैं। चीन को मेजबान के रूप में कूटनीतिक प्रतिष्ठा मिली, रूस को वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिला और अमेरिका को दोनों प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के साथ संवाद का मंच मिला। हालांकि इसे दुनिया के तीन हिस्सों में बंटवारे या किसी नए सैन्य गठबंधन की शुरूआत मानना जल्दबाजी होगी। इस घोषणा में चारों सहमतियों के लिए ठोस लक्ष्य, निगरानी तंत्र और समय सीमा नहीं है। इसलिए इसका महत्व फिलहाल बाध्यकारी समझौते से अधिक राजनीतिक संकेत और कूटनीतिक संवाद की शुरूआत के रूप में है।

भारत के लिए इसके क्या हैं मायने ?

भारत के लिए यह घटनाक्रम विशेष महत्व रखता है। अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी, रूस के साथ रक्षा और ऊर्जा संबंध तथा चीन के साथ सीमा विवाद और व्यापारिक निर्भरता तीनों अलग-अलग आयाम हैं। भारत की विदेश नीति का मूल आधार रणनीतिक स्वायत्तता है। ऐसे में तीन महाशक्तियों के बीच किसी भी नए समझौते का प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा खरीद, हिंद-प्रशांत क्षेत्र, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और वैश्विक व्यापार पर पड़ सकता है। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और अपनी स्थायी सदस्यता की मांग करता रहा है। यदि तीनों स्थायी सदस्य वास्तव में सुधार के लिए गंभीर होते हैं, तो यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। लेकिन सुधारों का वास्तविक स्वरूप और वीटो व्यवस्था पर उनकी सहमति अभी स्पष्ट नहीं है।

सोशल मीडिया



मा.सीएम योगी जी की पूज्य माता श्रीमती सावित्री देवी जी का निधन अति दुखद है। प्रभु श्रीहरि दिवंगत पुण्यात्मा को श्री चरणों में स्थान व परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ओपी राजभर.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की पूज्य माताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। विनम्र श्रद्धांजलि के साथ उनकी आत्मा की शांति के लिए हम प्रार्थना करते हैं। अखिलेश यादव



प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को पंचायत राज चुनावों में भारी जीत दिला कर भाजपा सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि उसके जाने का समय आ गया है। अशोक गहलोत.

आस्था के विविध रूप

हमारी आस्था विविध रूपों में प्रकट होती रहती है। जैसे ईश्वर के प्रति एक भक्त की आस्था उसकी साधना से प्रकट होती है। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है।

इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

हारने पर रोटी के लाले पड़ेंगे



व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बुद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।



पूरन सरमा

क्यों बदल रहा भारत आने वाले प्रवासी पक्षियों का समय



वन्य जीवन

के. पी. सिंह

सर्दियों के दस्तक देते ही हर साल उत्तर भारत के आसमान में परिंदों के बड़े-बड़े झुंड दिखायी देने लगते हैं। ये सामान्य पक्षी नहीं है बल्कि हजारों किलोमीटर की यात्रा करके भारत पहुंचने वाले प्रवासी या मेहमान पक्षी होते हैं। साइबेरिया, मध्य एशिया, यूरोप, मंगोलिया और हिमालय के ऊंचे इलाकों से आने वाले ये पक्षी भारतीय झीलों, नदियों, दलदली क्षेत्रों और समुद तटीय आर्द्रभूमियों को अपना अस्थायी बसेरा बनाते हैं। लेकिन इस सदियों पुरानी प्राकृतिक परंपरा में अब बदलाव के संकेत देखने को मिल रहे हैं। कहीं पक्षी पहले वाले समय से पहले पहुंच रहे हैं, तो कहीं उनकी आमद में पहले के मुकाबले काफी देरी हो रही है। कुछ प्रजातियां अपने पुराने पड़ावों को छोड़ रही हैं, तो कुछ की प्रवास यात्रा की अब अवधि बदल रही है। सवाल है आखिर सदियों से भारत आने वाले इन मेहमान पक्षियों का आखिरकार टाइम कैलेंडर क्यों बदल रहा है?

दरअसल पक्षियों का प्रवास प्रकृति की एक अत्यंत व्यवस्थित जैविक प्रक्रिया है। क्षेत्र विशेष का तापमान, दिन और रात की अवधि, भोजन की उपलब्धता तथा प्रजनन का समय उनके प्रवास को नियंत्रित करता है। सर्दियों में जब उत्तरी गोलार्ध के कई हिस्सों में पानी जमने लगता है और भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है, तब पक्षी अपेक्षाकृत गर्म क्षेत्रों की ओर उड़ान भरते हैं। भारत की भौगोलिक विविधता और विशाल आर्द्रभूमियां उन्हें अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराती हैं। राजस्थान की सांभर झील, ओडिसा की चिलिका झील, उत्तर प्रदेश की सूर सरोवर झील, गुजरात का नल सरोवर और जम्मू कश्मीर की वुलर झील प्रवासी पक्षियों के लिए ऐसे ही महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन ने इस प्राकृतिक व्यवस्था को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण सर्दियों का समय, तीव्रता और दिन की अवधि बदल रही है। जिन इलाकों में पहले नवंबर तक कड़ाके की ठंड पड़ने लगती थी, वहां अब तामपान अपेक्षाकृत अधिक रहने लगा है। इसका असर पक्षियों के प्रस्थान और आगमन दोनो पर पड़ रहा है। कुछ प्रजातियां अपने पारंपरिक समय से पहले प्रवास शुरू कर रही हैं, जबकि कुछ के लिए अनुकूल परिस्थितियां देर से बन रही हैं। हालांकि सभी पक्षियों पर इसका असर एक जैसा भी नहीं है। क्योंकि पक्षियों की अलग-अलग प्रजातियों की भोजन संबंधी जरूरतें, उड़ान क्षमता और प्रजनन चक्र अलग होते हैं। प्रवासी पक्षियों के बदलते कैलेंडर की दूसरी बड़ी वजह भारत सहित पूरी दुनिया में आर्द्रभूमियों का सिकुड़ना है। झीलों पर लोगों का बढ़ता अतिक्रमण, इंसानी गतिविधियों के कारण दिन पर दिन बढ़ता जल प्रदूषण, अनियंत्रित होता पर्यटन, जल निकासी और निर्माण गतिविधियां उन प्राकृतिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा रही हैं, जहां ये पक्षी भोजन और विश्राम के लिए रुकते हैं। प्रवास के दौरान पक्षियों को लगातार उड़ान भरने की बजाय बीच-बीच में ऐसे सुरक्षित पड़ाव चाहिए होते हैं, जहां उन्हें पर्याप्त भोजन और पानी मिल सके। लेकिन यदि कोई बीच का महत्वपूर्ण पड़ाव नष्ट हो जाता है, तो पक्षियों के लिए लंबा रास्ता तय करना मुश्किल हो जाता है। इससे उनकी ऊर्जा का खर्च बढ़ता है और जीवित रहने की संभावना प्रभावित होती है। एक और महत्वपूर्ण पहलू प्रवास के दौरान पक्षियों के भोजन की उपलब्धता का है। पक्षियों के उड़ान का समय और उनके भोजन के प्राकृतिक स्रोतों का विकास यदि एक दूसरे से मेल न खाये तो उनके सामने गंभीर चुनौती पैदा हो जाती है। यदि किसी क्षेत्र में तापमान बढ़ने से कीटों के निकलने, जलीय वनस्पतियों के विकसित होने और मछलियों के प्रजनन का समय बदल जाता है, तो ऐसे में वहां पहुंचने वाले पक्षियों को उनकी उम्मीद के मुताबिक पर्याप्त भोजन नहीं मिलता। इसे परिस्थिति असंतुलन यानी इकोलॉजिकल मिस मैच कहते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इसलिए चिंता का विषय है, क्योंकि इसका असर पक्षियों के प्रजनन, उनकी शारीरिक क्षमता और अगली पीढ़ी के अस्तित्व पर भी पड़ता है। इस बदलाव के संकेत प्रवासी पक्षियों की सर्वाधिक प्रिय ओडिसा की चिलिका झील में देखने को मिल रहा है। अक्टूबर 2026 के शुरूआती हफ्तों में यहां यूरेशियन विजन, उत्तरी पिंटेल, गैडवाल और शोवलर जैसे प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी दर्ज की गई। हालांकि चिलिका में अक्टूबर के दूसरे या तीसरे पखवाड़े की शुरूआत में पक्षियों का पहुंचना पहले भी देखा गया है। इसलिए इसे पूरी तरह से असाधारण बदलाव कहना तो सही नहीं होगा, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रवासी पक्षियों के आगमन और प्रस्थान के समय में उतार-चढ़ाव और उनके पयार्वास की बदलती परिस्थितियों पर लगातार नजर रखने की जरूरत है।

आपकी बात

सड़कों की मरम्मत

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

महिलाओं के विरुद्ध अपराध

देश में महिलाओं की सुरक्षा दिनोंदिन एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। यह देश के लिए बड़े चिंता और शर्म की बात है। कड़े कानून के बावजूद अपराध कम नहीं हो रहे हैं। हाल के वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक के बाद एक कानून पास किये गये हैं ताकि घर से लेकर कार्य स्थलों तक महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता बनाया जा सके। लेकिन देखने में आ रहा है कि दिनोंदिन महिलाओं के खिलाफ अपराध न सिर्फ बढ़ रहे हैं बल्कि अपराध क्रूर से क्रूरतम एवं नृशंस होते जा रहे हैं। दुराचार, हत्या, दहेज हत्या से लेकर घरेलू हिंसा और कार्य स्थलों तक पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा के लिए न सिर्फ कानून का स्पष्ट और कठोर होना जरूरी है बल्कि सुरक्षा लायक माहौल बनाने के लिए भी रचनात्मक प्रयास करने की जरूरत है। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न तो बहुत आम बात हो चुका है। हालांकि विशाखा गाइड लाइन से लेकर तमाम कानून बने हैं जिसमें महिलाओं को प्रसूति लाभ आदि भी शामिल है लेकिन यह सब केवल सरकारी जगहों पर या कुछ बड़े कारपोरेट नौकरियों में ही मिलता है। अधिकतर में सरकारी कानूनों का कोई पालन नहीं होता है। प्रसूति अवकाश की बात तो दूर सामान्य अवकाश भी ठीक से नहीं मिलता है। बेरोजगारी इतनी अधिक है कि लोगों की नौकरी करना मजबूरी होती है और इसी मजबूरी का फायदा उठाकर नियोक्ता महिलाओं को उनके वाजिब अधिकार नहीं देते हैं। दहेज हत्या और घरेलू हिंसा भी बड़ी समस्या है, यह भी अपराध का बड़ा कारण बन गया है।

प्रदीप श्रीवास्तव, बाराबंकी.

सियासत चमकाने का जरिया

आरक्षण के नाम पर राजनीति चमकाने की कला देश में बहुत पुरानी है। संविधान में सीमित अवधि के लिए आरक्षण का प्रावधान इसलिए किया गया था ताकि सामाजिक भागीदारी शासन-प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर इस तरह से हो कि सभी वर्गों को आगे आने का मौका मिले। लेकिन राजनीति ने इसे इतना विकृत कर दिया है कि आज आरक्षण सामाजिक भागीदारी, आर्थिक विकास और वंचित तबकों को आगे लाने के बजाय नेताओं की अकर्मण्यता छिपाने का माध्यम बन गयी है। जो पार्टियां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती हैं वे आरक्षण के नाम पर जातिवाद का कार्ड खेलती हैं। इससे प्रभावित होकर लोग उन पार्टियों को वोट देते हैं जिनका 'पॉलिटिक्स ऑफ परफार्मेंस' में जरा भी भरोसा नहीं है। दरअसल आरक्षण कमजोर वर्गों के उत्थान के लिया था नेताओं का न कि राजनीति चमकाने के लिए नहीं लाया गया था। इसलिए आरक्षण पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और इसमें समय-समय पर सुधार होना चाहिए।

प्रेम कुमार कुशवाहा, लखनऊ.

संक्षेप

चार महिलाओं को पीटकर किया घायल

जोनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरगावां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों द्वारा चार महिलाओं को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।तथा घर का दरवाजा भी तोड़ दिया गया। तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया। उक्त गांव निवासी गायत्री देवी पत्नी रामू ने आरोप लगाया कि 18 नवंबर की रात करीब 11 बजे उनके पट्टीदार दिनेश कुमार,अमन कुमार,अमूल कुमार ने एक साथ होकर उन्हें गालियां देनी शुरू कर दिया।जब उसने विरोध किया तब उन लोगों ने गायत्री देवी, सोनिया देवी, अनिता व सीमा को लाठी-डंडे से मारपीट दिया। आरोप है कि सभी ने घर का दरवाजा भी तोड़ दिया।गायत्री की तहरीर पर पुलिस ने दिनेश, अमन, अमूल, सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

डीएम ने किया जनगणना सेल का निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनगणना सेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी से समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। लोगों को प्रेरित करने के लिए डीएम ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से खुद अपनी ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की।उन्होंने बताया कि स्व-गणना की तिथि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल पर 40 प्रश्नों के उत्तर देकर परिवार की जानकारी दर्ज कर स्व-गणना आईडी प्राप्त की जा सकती है। घर-घर सत्यापन प्रक्रिया 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 के बीच घर-घर पहुँचने वाले प्रगणकों को यही स्व-गणना आईडी उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे स्व-गणना की निर्धारित अवधि में अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करें तथा प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जनगणना में प्रत्येक परिवार एवं प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे, जो भविष्य में विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं को नई दिशा देंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वेद प्रिय आर्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्या, नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा, जिला जनगणना प्रभारी मथुरा मृगेंद्र बहादुर सिंह, सह जिला प्रभारी मथुरा अभिषेक पाण्डेय तथा जिला जनगणना सहायक कपिल यदुवंशी व अंकुर सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

22 परीक्षा केंद्रों पर शामिल होंगे परीक्षार्थी

जौनपुर। भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता, रुचि एवं समझ विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा ह्यभारत बौधिक्स ह्ल का आयोजन 21 नवंबर को किया जाएगा। यह परीक्षा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देशन में आयोजित की जा रही है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के नोडल अधिकारी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा का आयोजन शनिवार को जौनपुर एवं गाजीपुर जनपदों के कुल 22 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। इनमें जौनपुर के 16 तथा गाजीपुर के 6 केंद्र शामिल हैं।

चंद्रोदय मंदिर के कार्तिक उत्सव का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। कार्तिक मास की आध्यात्मिक महिमा एवं भक्ति की सनातन परंपरा को समर्पित तीन दिवसीय कार्तिक उत्सव का शुक्रवार को वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में भव्य शुभारंभ हुआ। उत्सव के प्रथम दिवस पर आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक अगम अग्रवाल एवं मंदिर के भक्तों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने संपूर्ण मंदिर परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने हरिनाम संकीर्तन में सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति का आनंद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में चंद्रोदय मंदिर के भक्तों ने भगवान श्रीश्रीराधा-वृंदावन चंद्र के श्रीचरणों में अपने लोकप्रिय भजनों एवं संगीतमय प्रस्तुतियों की भावपूर्ण सेवा अर्पित की। वृंदावन प्यारो वृंदावन सहित लोकप्रिय कृष्ण भजनों ने श्रद्धालुओं को वृंदावन की दिव्य भक्ति एवं प्रेममयी संस्कृति से भावविभोर कर दिया। मधुर संगीत, हरिनाम संकीर्तन एवं भक्तिमय वातावरण ने मंदिर परिसर को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया।

कार्तिक मास में भगवान श्रीराधा-दामोदर की आराधना एवं दीपदान का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। इसी परंपरा के अंतर्गत भजन संध्या के पश्चात मंदिर परिसर में दीपदान का आयोजन किया गया।इस दौरान भक्तों ने सामूहिक रूप से श्री दामोदराष्टकम का भावपूर्ण गान करते हुए अपने आराध्य श्रीश्री राधा वृन्दावनचंद्र के श्रीचरणों में दीप अर्पित किए तथा उनका मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। दीपों की दिव्य आभा एवं दामोदराष्टकम के भक्तिमय स्वरों से संपूर्ण मंदिर परिसर आध्यात्मिक प्रकाश एवं भक्तिभाव से आलोकित हो उठा।

वृंदावन चंद्रोदय मंदिर द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय कार्तिक उत्सव श्रद्धालुओं को भक्ति, आध्यात्मिक साधना एवं श्रीराधा-वृंदावन चंद्र की दिव्य लीलाओं से जुड़ने का विशेष अवसर प्रदान कर रहा है। उत्सव के आगामी दो दिनों में भी विविध भक्तिमय एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इनमें श्रीश्री राधा वृन्दावनचंद्र का भव्य नौका विहार एवं शोभायात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

डीएम ने किया ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन, मतदाता लेंगे मॉक पोल का अनुभव

मथुरा। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2 027 के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने खुद



ईवीएम के जरिए मॉक पोल (मतदान का डेमो) कर प्रक्रिया का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा जनपद की सभी पाँचों तहसीलों (छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बल्देव) में भी ईवीएम प्रदर्शन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मास्टर ट्रेनर और अधिकारी मौजूद रहेंगे, जहाँ आम नागरिक ईवीएम व वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझकर डेमो दे सकेंगे। कुल 136 ईवीएम मशीनों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षित रखवाया गया है, जिनका उपयोग जन-जागरूकता और मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण में होगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इन केंद्रों पर पहुँचकर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

श्री श्याम जयंती महोत्सव पर विविध कार्यक्रम 22 को

आजमगढ़। श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ द्वारा श्री श्याम जयंती महोत्सव के अवसर पर भव्य संकीर्तन एवं प्रसाद का आयोजन 22 नवंबर 2026 को पहाड़पुर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में शाम 6:15 बजे से किया गया है। जिसमे अनुपम श्रृंगार, पावन ज्योत, छप्पन भोग के साथ-साथ श्रद्धा भाव, समर्पण का अनूठा समागम होगा। साथ ही साथ महोत्सव में भावपूर्ण भजनामृत रस प्रवाह होगा। महोत्सव में श्याम भक्त गीतकार अमोल-शुभम परासर (कोलकत्ता) व कृष्णा अग्रवाल (धनबाद) सहित कई नामचीन गायक श्री श्याम के गीतों से समा बांधेंगें। उपरोक्त जानकारी श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ अध्यक्ष शोभित खण्डेलिया ने दी। इस दौरान श्री श्याम भक्त मंडल आजमढ़ के प्रदीप बैरासिया, नीरज गोयनका, गोपाल डालमिया, कन्हैया डालमिया, अतुल रूगंटा, देवप्रकाश बैरासिया, सोमंत डिडवानिया आदि ने सभी श्यामभक्तों से उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील किया।

देवोत्थान एकादशी पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

आजमगढ़। देवोत्थान एकादशी के पर्व पर शुक्रवार को सुबह ही श्रद्धालुओं ने नदियों के संगमों और पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। स्नान कर लोगों ने मंदिरों पर पूजन-अर्चन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना किये। देवोत्थान एकादशी पर शुक्रवार को अलसुबह ही श्रद्धालुओं ने नगर के गौरी शंकर घाट, फूलपुर स्थित दुवार्सा, निजामाबाद के दत्तात्रेय, चंद्रमा आश्रम स्थित सिलनी नदी के संगम और महराजगंज के भैरो बाबा, रानी की सराय के अवंतिकापुर आदि पवित्र सरोवरों पर पहुंच कर आस्था की डुबकी लगायी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों पर विधि विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किये। मंदिरों पर दिन भर दर्शन पूजन का दौर चलता रहा। वहीं बाजारों में गन्ना, शकरकंद, सिंघाड़ा की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी थी।

46 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण मिला



जौनपुर। विकासखण्ड बक्शा में आयोजित एलिम्को शिविर में सिकरारा ब्लॉक के 46 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 36 एमआर किट, पांच व्हील चेयर, दो हियरिंग एड, एक ट्राइसाइकिल, एक रोलेटर और एक क्रच शामिल हैं। शिविर में डॉ. पी. डी. तिवारी, डॉ. प्राची, जिला समन्वयक शशिधर उपाध्याय व एलिम्को टीम का मुख्य योगदान रहा। प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में जिलाध्यक्ष अमित सिंह की उपस्थिति में स्पेशल एजुकेटर रामजीत मौर्य ने विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान किए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उनकी पढ़ाई और दिव्यांगता से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए ये सामग्रियां दी गई हैं, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि इससे बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल होंगे और उनकी नियमित पढ़ाई-लिखाई सुचारू रूप से हो सकेगी। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर दीपक राव, विजय सिंह व रुचि यादव उपस्थित रहे।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने की जनसुनवाई



जौनपुर। विकास भवन स्थित सभागार, में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह सहित पुलिस विभाग व अन्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। महिला जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना तथा महिलाओं को न्याय एवं सुरक्षा उपलब्ध कराना है।

मानक ताख पर रखकर निर्माण का आरोप

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव के नई बाजार वार्ड में सीसी रोड़ निर्माण कार्य चल रहा है।जिसमें घटिया सामग्री का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है। जिसका



वीडियों व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यहां नागरिकों का आरोप है कि उक्त सीसी रोड़ का कार्य मानक के विपरीत कराया जा रहा है। सीसी रोड़ निर्माण में प्रयोग की जा रही दोयम दर्जे का ईट तथा लाल व सफेद बालू मिक्स का फोटो ग्राफ व विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब इस प्रकार के कारनामा के बारे में उस समय ठेकेदार से शिकायत किया गया तो ठेकेदार ने उसी समय लोगों से कहा कि जो यह खराब ईंट है।उसको बदल दिया जाएगा लेकिन ठेकेदार के द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं किया गया।जब मौके से स्थानीय लोग वहां से चले गये तो उसी दोयम दर्जे के ईंट को पुनः लगाकर सीसी रोड़ के अगल-बगल बनने वाला साइट वाल में लगवा दिया गया। जिसका वीडियो व फोटो वायरल होते ही एक बार फिर नगर पंचायत कजगांव अपने कारनामा के चलते चर्चा में आ गया है। बताया जाता हैं कि यह एक ऐसा नगर पंचायत है जो अपने कारनामा के चलते हमेशा चर्चा में बना रहता है। विडियों व फोटो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। मानक को ताख पर रखकर ठेकेदार इस सीसी रोड़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस सीसी रोड़ निर्माण के प्रति नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित सभी जिम्मेदार लोगों में उदासीनता बनी हुई है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में 18 वादों पर सुनवाई, 10 दिसंबर अगली तारीख

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में करीब ढाई घंटे तक सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की अदालत में कुल 18 वादों पर सुनवाई की गई। इस दौरान अदालत ने कुछ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया, जबकि कुछ प्रार्थना पत्रों पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के हिंदू पक्षकार एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने सुनवाई के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूट नंबर तीन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) को अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हिंदू पक्ष की ओर से विवादित स्थल पर कोर्ट कमीशन नियुक्त किए जाने की मांग की गई है। हालांकि, इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में भी विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल है। इसी कानूनी स्थिति को देखते हुए कोर्ट कमीशन नियुक्त करने के मामले में आगे की सुनवाई महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई सुनवाई में विभिन्न पक्षों की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर अदालत ने विचार किया। कुछ का निस्तारण कर दिया गया, जबकि कुछ पर आदेश सुरक्षित रखा गया है। अब 10 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई में मामले की आगे की न्यायिक प्रक्रिया पर नजर रहेगी।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में खराब प्रगति पर मण्डलायुक्त ने जतायी नाराजगी

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उद्योग बंधु की बैठकों में उद्यमियों, व्यापारियों के हित एवं उनके समस्याओं के निस्तारण से सम्बन्धित ही बिन्दु रखा जाए इससे सम्बन्धित यदि कोई समस्याएं हो तो उसे जनपदीय सम्बन्धित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर अवगत कराया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं मुख्य युवा स्वारोजगार में योजना प्राप्त आवेदन के सापेक्ष बैंकों द्वारा ऋण वितरण समय से न किए जाने से तीनों जनपदों की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तीनों जनपदों के प्रबंधक लीड बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय बैंकों से समन्वय स्थापित कर ऋण वितरण करना सुनिश्चित कराएं ताकि छोटे-छोटे उद्यमी अपना उद्यम, व्यापार लगाकर व्यापार को आगे बढ़ा सके। उन्होंने इस सम्बंध में संयुक्त आयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उनकी तरफ से सभी मुख्य विकास अधिकारियों को पत्राचार कर अवगत कराया जाए कि बैंकर्स पर आधारित योजनओं की साप्ताहिक समीक्षा तथा जिलाधिकारी द्वारा मासिक समीक्षा करते हुए ऋण वितरण की प्रगति को बढ़ाएं। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर आधारित एकल मेज व्यवस्था की प्रगति, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण योजना के प्रगति की समीक्षा के अलावा उद्यमियों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना, हनुमान पड़रा औद्योगिक एरिया के सड़कों के चौड़ीकरण, वीएस रोड लोहरा नहर से वीयर निर्माण ईकाई सोनभद्र तक मार्ग के चौड़ीकरण, खाद्य प्रसंस्करण नीति द्वारा जारी मण्डी शुल्क में छूट तथा ब्याज माफी योजना-2026 राज्य कर विभाग पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त व्यापार कर विनोद कुमार खांगड़, समीर अहमद, ओम प्रकाश शुक्ला, उपायुक्त उद्योग मीरजापुर, सोनभद्र व भदोही के अलावा उद्यमियों में आशीष बुधिया, दुर्गा शंकर के तीनों जनपदों के उद्यमी उपस्थित रहें।

आयुक्त ने निर्वाचन से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की

मीरजापुर। आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग विवेक जोशी ने अष्टभुजा निरीक्षण गृह के सभागार में बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, उप पुलिस महानिरीक्ष पूनम, जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी विजेता, नमामि गंगे संगम लाल के अलावा सभी आरओ, ईआरओ उपस्थित रहें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बंधित चल रहे कार्यों एवं जनपद की सामान्य जानकारी व विधानसभावार ईपी रेशियों, जेण्डर रेशियों तथा अन्य कार्यों के बारे पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कानून व्यवस्था के सम्बंध में निर्वाचन आयुक्त को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग सम्पादित कराने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्तर दायित्व है उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान निर्वाचन कार्य में लगे हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है सभी लोग अपने दायित्वों का पारदर्शी व निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें उन्होंने कहा कि मतदाता सूची त्रुटिरहित एवं शुद्ध हो इसके लिए यह प्रयास किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक, मतदाता बनने से छूटने न पाएं। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाविद्यालयों, छात्रावासों कोचिंग संस्थानों एवं भर्ती रैलियों में भी कैम्प लगाकर एवं अभियान चलाकर युवा मतदाताओं से फार्म-6 भरवाते हुए मतदाता सूची में उनका नाम शामिल किया जाए। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को अधिक से अधिक नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक चलाया जाए जिससे अधिक से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया जाए। जेण्डर रेसियों की समीक्षा करते हुए निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिस विधानसभाओं, क्षेत्रों मे जेण्डर रेशियों का प्रतिशत कम पाया जाएं वहां पर विशेष अभियान चलाकर पात्र महिलाओं से फार्म-6 भरवाते हुए उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भी समन्वय बनाकर सहयोग लिया जाए। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि फार्म-8 संशोधन से सम्बंधित कार्यों पर सतत निगरानी बनाये रखे एवं निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देश का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ बीएलओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

मुठभेड़ में एक घायल, चार गिरफ्तार



आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जोलहापुर गांव के पास शुक्रवार की भोर में प्रतिबंधित पशुओं की चोरी और अवैध कटान करने वाले आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस ने घायल समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, दो प्रतिबंधित पशु और एक बछड़ा सकुशल बरामद किया गया।

एसएसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर जीयनपुर पुलिस शुक्रवार की सुबह करीब 4:20 बजे क्षेत्र में रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जोलहापुर के पास कुछ लोग प्रतिबंधित पशुओं को चोरी से पकड़कर उनका वध करने और मांस की बिक्री व परिवहन की तैयारी में हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर दी। पुलिस के अनुसार, खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन आरोपियों ने दोबारा गोली चलाने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की नियंत्रित फायरिंग से सालिम (24) पुत्र इसरार निवासी अशरफपुर के दाहिने पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे और उसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अन्य आरोपियों में नौशाद (53) पुत्र खुर्शीद निवासी चांदपार, सोहराब (22) पुत्र ईसराइल और अदनान (18) पुत्र खालिद निवासी अशरफपुर शामिल हैं। पुलिस ने मौके से दो गाय और एक बछड़े को जीवित बरामद किया। इसके अलावा एक अर्टिगा कार, एक सुपर स्प्लेंडर बाइक, .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए। पशुओं के अवैध कटान में इस्तेमाल होने वाले चापड़, चाकू, लकड़ी के ठीहे, तराजू समेत अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आवारा प्रतिबंधित पशुओं को चिन्हित कर चोरी से पकड़ते थे और सुनसान स्थानों पर ले जाकर उनका वध करते थे। इसके बाद मांस की बिक्री और उपभोग किया जाता था। पुलिस की निगरानी से बचने के लिए वे लगातार अपने ठिकाने बदलते थे और पशुओं के अवशेष नदी-नालों या सिवान में फेंक देते थे अथवा जमीन में गाड़ देते थे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी नौशाद के विरुद्ध पूर्व में भी जीयनपुर और गंभीरपुर थानों में चोरी, मारपीट और अन्य धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट ने पहुंचकर साक्ष्य भी संकलित किए।

एकादशी मनायी, तुलसी जी का हुआ विवाह

जौनपुर। जिले भर में प्रबोधिनी एकादशी परपरागत तरीके से मनायी गयी। इस अवसर पर पूजा पाठ के साथ तुलसी विवाह भी किया गया। हिंदुओं भगवान विष्णु शयनी एकादशी पर सो जाते हैं और प्रबोधिनी एकादशी पर जागते हैं। हरिबोधिनी का व्रत रखने वाले को सुख और मोक्ष मिलता है। इसी



के मनाए जाने वाले जरूरी एकादशी व्रतों में से एक है। इसे देव उठनी एकादशी भी कहते हैं, यह दिन पारंपरिक हिंदू कैलेंडर के कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को पड़ता है । प्रबोधिनी एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इसे लोग पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं। भक्त भगवान विष्णु से उनकी दिव्य कृपा पाने के लिए प्रार्थना करते हैं। इस दिन तुलसी विवाह की शुभ रस्म भी की जाती है और चातुर्मासश का समय - जब भगवान विष्णु अपनी कॉस्मिक नींद में होते हैं, वह भी प्रबोधिनी एकादशी के साथ खत्म होता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, तरह, प्रबोधिनी एकादशी के दिन नहाने और विष्णु के भजन पढ़ने से दिव्य सुख मिलता है। खाने से परहेज करने से उन्हें चंद्रायण-व्रत का फल मिलता है। बलि, दान और वाजपेय के बजाय, वेदों और दूसरी पवित्र किताबों से पढ़ी गई कहानियाँ और स्तोत्र विष्णु को सबसे ज्यादा पसंद हैं।इस दिन भगवान विष्णु के बारे में गाना, सुनना या संगीत बजाना और नाचना भरपूर आशीर्वाद पाने में मदद करता है। इसी तरह, कार्तिक में प्रबोधिनी एकादशी के दिन, भगवान विष्णु की पूजा कई तरह के फलों, कपूर, अगरु और केसर से करनी चाहिए, इससे अपार आशीर्वाद मिलता है।

पत्रकार पर जानलेवा हमला ,12 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

जिला संवाददाता(vol)

मड़िहान, मीरजापुर। जिले में पत्रकार अब खबर छापने से डरने लगा है। संतनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर मुख्य बाजार चौराहे पर दिनदहाड़े एक पत्रकार को बोलेरो से कुचलने की कोशिश की गई।

पत्रकार सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। नामजद तहरीर के बाद भी 12 घंटे बीत गए, लेकिन संतनगर पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया। अब सवाल उठ रहा है, क्या रसूख के आगे कानून व्यवस्था नतमस्तक हो गया है? घायल पत्रकार का नाम सुनील कुमार गोंड है। वो एक दैनिक समाचार पत्र के पटेहरा क्षेत्र से समाचार संकलनकर्ता हैं। तहरीर के मुताबिक, सुनील कुमार गुरुवार को पैदल सामान खरीदने दीपनगर बाजार जा रहे थे। चौराहे के पास पहुंचे तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से अपनी बोलेरो को गलत दिशा में तेजी से पीछे की ओर दौड़ाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुनील सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाकर दीपनगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत को देखते हुए उन्हें आगे रेफर कर दिया।

खबर की रंजिश बनी हमले की वजह?

पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि उन्होंने आरोपी के खिलाफ एक खबर प्रकाशित कराई थी। उसी खबर से नाराज होकर रंजिशन उन पर वाहन चढ़ाकर जान लेने का प्रयास किया गया। आरोपी का नाम सतेंद्र सिंह बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सतेंद्र डग्गामार वाहनों का सरदार है और इलाके में उसका काफी रसूख है।

सीसीटीवी फुटेज हुआ वायरल, फिर भी पुलिस खामोश

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे बोलेरो को बैक करके पत्रकार को टक्कर मारी गई। इसके बावजूद संतनगर पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस का कहना है, तहरीर मिली है, जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी के वाहनों से पहले भी हादसे हो चुके हैं। तब भी हफ्तों बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

पत्रकारों में उबाल धरने की चेतावनी

घटना से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन में भारी आक्रोश है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वो संतनगर थाने पर धरना देंगे। दूसरी ओर सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब नामजद तहरीर है, सीसीटीवी फुटेज है, घायल पत्रकार अस्पताल में है, तो फिर मुकदमा दर्ज करने में देरी क्यों? क्या मुख्यमंत्री के पत्रकार सुरक्षा के दावे और लेडी सिंघम के नाम पर थानों में तैनात थानेदारों की ये कार्यप्रणाली उन दावों की धज्जियां नहीं उड़ा रही? सवाल उठता है कि पत्रकार की सुरक्षा कौन करेगा, अगर थाने में ही न्याय नहीं मिलेगा?

गोवर्धन में देवोत्थान एकादशी पर आस्था का सैलाब, 10 हजार श्रद्धालुओं ने लगायी गिरिराज परिक्रमा

मथुरा। देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार को गोवर्धन की पावन धरा पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रज के विरक्त संत पद्मश्री रमेश बाबा के चित्रपट के सानिध्य में चल रही श्री राधारानी ब्रज यात्रा के पूंछरी पड़ाव के दूसरे दिन करीब दस हजार श्रद्धालुओं ने



एक साथ गिरिराजजी की सात कोस की परिक्रमा लगाई।

हाथों में राधारानी का ध्वज थामे और होठों पर राधे-राधे व श्गिरिराज धरण हम तेरी शर

संक्षेप

सभासद मुक्ता सिंह ने की स्वजनगणना

बाराबंकी। सत्यप्रेमी नगर वार्ड सभासद मुक्ता सिंह के आवास पर नगरपालिका राजस्व निरीक्षक इंद्रजीत सिंह व मोहम्मद फैसल ने सभासद श्रीमती सिंह व उनके पति पूर्व सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू के परिवार की स्व जनगणना करवाते हुये जनगणना ऐप पर लोड करवाया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन कराने का अंतिम मौका 16 दिसंबर तक

श्रावस्ती। विधानसभा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 17 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। इसमें नाम जुड़वाने, कटवाने और संशोधन कराने के लिए 16 दिसंबर 2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार राय ने बताया कि इसके लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन दिनों सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बीएलओ अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर अभिलेखों के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जांच लें। नाम छूटने पर फार्म-6, गलत नाम हटवाने के लिए फार्म-7 और नाम या विवरण में संशोधन के लिए फार्म-8 भरकर बीएलओ को दें। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

यातायात नियमों के प्रति छात्रों और आमजन को किया जागरूक

श्रावस्ती। यातायात माह नवंबर के तहत शुक्रवार को श्रावस्ती पुलिस ने मीट एंड ग्रीट अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में प्रभारी यातायात मो. शमीम ने सिरसिया स्थित श्री त्र्यंबकेश्वर आदर्श इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान पंपलेट वितरित कर राह-वीर योजना और प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत मिलने वाली सहायता के बारे में भी बताया गया। छात्र-छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की सलाह दी गई। साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद सिरसिया बाजार में भी आमजन को पंपलेट बांटकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभियान अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह और क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाया गया।

दंपती से 8.40 लाख की ठगी

बांसी (सिद्धार्थनगर)। जमीन की खरीद-फरोख्त के कारोबार में मोटी कमाई का झांसा देकर एक दंपती से 8 लाख 40 हजार 500 रुपये ठगने का मामला सामने आया है। रकम वापस मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मामले में गोनहाडीह गांव निवासी ममता मिश्रा ने बांसी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार, आरोपी ने जमीन के कारोबार में अच्छा मुनाफा दिलाने का भरोसा देकर दंपती से उक्त रकम ली थी। काफी समय बीतने के बाद जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर बांसी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बांसी में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार

बांसी (सिद्धार्थनगर)। बांसी क्षेत्र में बिना डिग्री कथित रूप से चिकित्सा कार्य कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों और मानकों को दरकिनार कर संचालित निजी अस्पतालों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि मरीजों के इलाज और जांच के नाम पर हजारों रुपये की वसूली की जा रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी के बावजूद ऐसे संस्थानों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

इससे आम जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। आखिर इन कथित अवैध गतिविधियों के लिए जिम्मेदार कौन है और स्वास्थ्य विभाग कब निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करेगा? जनहित को देखते हुए क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

हर जरूरतमंद का बनेगा आयुष्मान कार्ड

सीएम ने जनता दर्शन में 150 लोगों की समस्याएं सुनीं

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता का अनुरोध लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार उपचार कराने में पूरी मदद करेगी। इसके लिए हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा और इसके बाद भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि बीमारी की स्थिति में उनका निर्बाध उपचार हो सके।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में, महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ करीब 150 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे चिंता न करें, सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में जमीन कब्जा करने से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में विधिसंगत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रातःकाल महायोगी गुरु गोरखनाथ और अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से रोटी व गुड़ खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। उन्होंने भोलू नामके बछड़े और छुटकी नाम की बछिया को आवाज देकर अपने पास बुलाया और उन्हें खूब दुलारा। गोशाला में रोटी-गुड़ खिलाने के दौरान गोवंश, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य पाकर उनके और निकट आने के लिए भावविह्वल अंदाज में उतावले होने लगे। इस पर मुख्यमंत्री ने प्यार से उन्हें समझाया, अपनी जगह पर ही रहो नहीं तो चोट लग जाएगी।

विद्यार्थियों के बीच जाकर सेल्फी ली सीएम योगी ने

गोरखपुर। टैबलेट वितरण समारोह में मंच पर जाने से पहले मुख्यमंत्री विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। उन्हें अपने नजदीक देखकर विद्यार्थी उत्साहित हो गए और ताली बजाकर मुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने हाथ हिला कर सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन स्वीकार किया और उनके बीच जाकर मोबाइल फोन से सेल्फी ली। कार्यक्रम के अंत में भी मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के बीच जाकर सेल्फी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी के हाथों आकाश तिवारी, अनिकेत दुबे, पलक कुमारी, राशि सिंह, नाजिया परवीन, एकता कुमारी, अरीबा खान, अर्चिता द्विवेदी, सौम्या सिंह, दिव्यांजलि पाठक, गणेश पांडेय, शुभम यादव, अभिनव सिंह, आशीष, जया राव, अभिषेक शर्मा, अनामिका सिंह, सोनिया प्रजापति, नितेश चौहान व सुंदरी कुमारी को टैबलेट मिला।

नवागत बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने संभाला चरगांवा ब्लॉक का कार्यभार

चरगांवा, गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के चरगांवा ब्लॉक के नवागत खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) दिनेश कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। ब्लॉक पहुंचने पर सहायक विकास अधिकारी गण, ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत अधिकारी गण (ग्राम पंचायत सचिव) एवं ब्लॉक कर्मियों ने बुके (पुष्प गुच्छ) भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत बीडीओ ने ब्लॉककर्मियो के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया। नवागत खंड विकास अधिकारी श्री सिंह ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं आवास, वृद्धा पेंशन, सहित अन्य विकास की योजनाओं के जमीनी स्थिति की जानकारी लेने के उपरान्त पारदर्शिता के साथ पात्र अभ्यर्थियों तक योजनाओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए शासन के मंशा अनुरूप अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतीश चतुवेर्दी, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) उपेंद्र कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) पुरुषोत्तम सिंह, सहित ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत अधिकारी गण (ग्राम पंचायत सचिव गण) वकील कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, ऋषि कुमार सिंह, श्रीमती नेहा गुप्ता, प्रीति अग्रहरी, अमित कुमार श्रीवास्तव, अनिकेत श्रीवास्तव, रुचि नायक, मत्स्य राज, मनोज कुमार आदित्य मिश्रा सहित एन आर पी जयवंत उपस्थित रहें।

महामंत्र का जाप मन मे करना चाहिए मंच से नही जितेन्द्र दुबे

गोला, गोरखपुर। मनुष्य को सात्विक आहार लेना चाहिए जिससे उसका तन व मन शुद्ध रहे तभी उसे किसी मंत्र का जप करना चाहिए अन्यथा उसके मंत्र का जप करना ब्यर्थ हो जाता है। क्षेत्र के सिसई गाँव में यजमान रामाज्ञा मिश्र व श्रीमती किशोरी देवी के घर चल रहे सप्तदिवसी श्रीमद्भागवत कथा के पाँचवे दिवस कथा ब्यास जितेन्द्र दुबे महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने महामंत्र का जप मन मे करना चाहिए कभी भी इसे मंच से नही करना चाहिए।आगे कहा कि सन्यासी को किसी का निन्दा नही करना चाहिए न ही किसी का बुराई करना चाहिए।अगर वह ऐसा करता है तो वह सन्त नही है। उन्होंने कहा कि हरि कथा जहा भी हो वहा अवश्य जाना चाहिए और ध्यान पूर्वक उसका श्रवण करना चाहिए तभी भगवान की सच्ची भक्ति सफल होती है।

विनम्र कार्यशैली से शिक्षकों का विश्वास जीतेंगे: बीईओ विनयशील मिश्रा



बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी ब्लॉक के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विनयशील मिश्रा का शुक्रवार, 20 नवंबर 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों ने बुके भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला संरक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी एवं ब्लॉक अध्यक्ष नंदीश्वर यादव के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला संरक्षक ने कहा कि विनयशील मिश्रा अपने नाम के अनुरूप विनम्रता और सहजता के साथ शिक्षकों के हित में कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विभागीय कार्यों में अधिकारी को संगठन का पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर पर ही करने और संगठन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने की अपेक्षा जताई। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विनयशील मिश्रा ने शिक्षक संघ के प्रति आभार जताते हुए आश्वस्त किया कि उनके कार्यकाल में शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। किसी भी समस्या के सामने आने पर आपसी संवाद और संगठन के सहयोग से उसका समाधान किया जाएगा। बीईओ के सकारात्मक आश्वासन से शिक्षकों में उत्साह दिखा। कार्यक्रम में राम अभिलाष त्रिपाठी, मोजिबुर्रहमान, इफ्तेखारुन निशा सहित तमाम शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, क्रॉस मुकदमा दर्ज



गोल्हौरा सिद्धार्थनगर। जिले के थाना गोल्हौरा क्षेत्र के डड़वाघाट गांव में शुक्रवार सुबह खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने के बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल 13 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, प्रथम पक्ष के नंदकिशोर पुत्र रमापति ने आरोप लगाया कि 20 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे मेड़ काटने के विवाद में शिवकुमार उर्फ राहुल द्विवेदी, रामविलास, संगीता और इंदू ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष की संगीता देवी पत्नी शैलेश द्विवेदी ने भी विपक्षियों पर एकराय होकर गाली-गलौज और मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनकी तहरीर पर नंदकिशोर समेत नौ लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के क्रॉस मुकदमों की विवेचना उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बेहतर शैक्षिक माहौल बनाना प्राथमिकता : बीईओ



जोगिया (सिद्धार्थनगर)। बीआरसी जोगिया के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। विद्यालयों की शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी के सहयोग और सकारात्मक समन्वय से कार्य किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद शिक्षकों ने बुके एवं अन्य भेंट देकर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। बीईओ के सकारात्मक विचारों और सहयोगात्मक कार्यशैली के भरोसे से शिक्षकों में उत्साह दिखाई दिया। उनके आगमन से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार और शिक्षकों की समस्याओं के प्रभावी समाधान की उम्मीद जगी है।

एसएसपी ने किया सोहांस में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन



उसका बाजार (सिद्धार्थनगर)। उसका बाजार थाना क्षेत्र के सोहांस में नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुक्रवार दोपहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत एसएसपी ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए जनसुरक्षा, कानून व्यवस्था और पुलिस की जिम्मेदारियों के प्रति सजग एवं संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई पुलिस चौकी के शुरू होने से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहे सीएम योगी : सूर्य प्रताप शाही

गोरखपुर। समारोह में प्रदेश सरकार के कृषि एवं कृषि शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण के जरिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ सीएम योगी युवाओं को सक्षम और दक्ष बनाने का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि पहले की सरकार में युवाओं के हाथों में जहां कट्टा दिया जाता था, वहीं आज भाजपा की मोदी-योगी सरकार में टैबलेट दिया जा रहा है। वर्तमान में भाजपा और 2017 के पहले की सरकार में फर्क साफ दिखता है। भाजपा की सरकार यह जानती है यह युवा ही देश के भविष्य हैं और उनको समय के हिसाब से ज्ञान से अपडेट रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार में बिना भेदभाव सबको योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यहां किसी की जाति पूछकर टैबलेट का वितरण नहीं हो रहा है, पात्रता के अनुसार सबको यह उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत की प्रशासक साधना सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. रतनपाल सिंह, ध्रुव त्रिपाठी, विधायकगण फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, सरवन कुमार निषाद, सभाकुंवर, मनीष जायसवाल, पीएन पाठक, मोहन वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रेम सागर पटेल, जय मंगल कनौजिया, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

101 फीट ऊंची धर्म ध्वजा स्थापना समारोह श्रद्धा समर्पण के साथ संपन्न



पाटन, उन्नाव। जन-जन की आस्था, सामूहिक सहभागिता एवं सनातन सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक माँ चंडिका धाम, बक्सर में देवोत्थानी एकादशी के पावन अवसर पर 20 नवंबर 2026 को ऐतिहासिक शतक नींव पूजन एवं 101 फीट ऊँची भव्य धर्म ध्वजा स्थापना समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, अपितु समाज की सामूहिक शक्ति, सांस्कृतिक स्वाभिमान, संगठन भाव एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के प्रति जनमानस के अटूट संकल्प का जीवंत प्रतीक बना। जन-जन के एक-एक रुपये एवं एक मुट्ठी अक्षत के श्रद्धापूर्ण अंशदान से निर्मित इस ऐतिहासिक आयोजन ने सामाजिक समरसता, लोक सहभागिता एवं सामूहिक चेतना का अनुपम संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय, पूर्व प्रांत प्रचारक, अवध एवं कानपुर प्रांत तथा इतिहास संकलन के सह संगठन मंत्री, पूर्व वरिष्ठ प्रचारक वीरेंद्र, भारतीय मजदूर संघ के राजेश सिंह सेंगर, नीरज गौतम, गौ सेवा आयोग एवं अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या, विवेकानंद भारत भारती के संगठन मंत्री महिरद ध्वज, ओम शंकर त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य, आचार्य दीपक राजे, भास्करानंद सरस्वती, वरिष्ठ स्वयंसेवक पूत सिंह, अजीत त्रिवेदी एवं विवेक मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माँ चंडिका के चरणों में शीश नवाकर धर्म ध्वजा स्थापना के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। संपूर्ण धाम भक्तिमय वातावरण, जयघोष एवं वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। समारोह ने यह संदेश दिया कि जब समाज संगठित होकर किसी पवित्र उद्देश्य के लिए संकल्पित होता है, तब जनशक्ति असंभव को भी संभव बना देती है। मां चंडिका धाम की 101 फीट ऊँची धर्म ध्वजा आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, एकात्मता, सांस्कृतिक गौरव एवं राष्ट्रभाव का प्रेरणास्रोत बनेगी।

ट्रामा सेंटर में डॉक्टर के न मिलने पर तीमारदारों ने किया हंगामा

उन्नाव (वीओएल)। जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में मरीजों को डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण इधर-उधर भटकना पड़ता है, इतना ही नही इलाज के लिए घंटो इंतजार भी करना पड़ता है। ट्रामा सेंटर में रोजाना हड्डी और जोड़ों के दर्द सहित हड्डी संबंधी अन्य परेशानियों से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन समय से उपचार न मिलने से मरीजों और उनके साथ आए तीमारदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है शुक्रवार दोपहर 12 बजे डॉक्टर न मिलने पर एक मरीज के साथ आए तीमारदार ने हंगामा करना शुरू कर दिया, जिससे वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों और तीमारदार के बीच काफी देर तक कहासुनी होती रही। यह देख वहां खड़े अन्य मरीजों ने भी समय से डॉक्टर न मिलने की बात बताई। ट्रामा सेंटर में पांच हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के बावजूद मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। वहीं तैनात डॉक्टरों से जानकारी करने पर राउंड या इमरजेंसी का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं। ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों के ओपीडी में न बैठने की जानकारी जब सीएमएस डॉ. सुनील कुमार शुक्ला से की गई तो उन्होंने डॉक्टर को फोन कर तुरंत ओपीडी भेजा।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर सेवा सम्मान समारोह आयोजित



पुरवा (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के चामियानी में लौह पुरुष एवं देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को प्रीमियम बैंक्वेट लॉन एंड हॉल में सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सैनिक अनिल कुमार वर्मा के संयोजन में किया गया समारोह का उद्देश्य सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं आदर्शों को याद करना रहा इस अवसर पर चामियानी गांव सहित आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजकिशोर वर्मा, अमिताभ पटेल, गजेंद्र सिंह अध्यापक, मुन्ना बजाज, प्रधानसंघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अमित त्रिवेदी, आशीष कुमार सिंह, आयोजक समिति के अध्यक्ष रामशंकर बाबू, रामपाल मास्टर, शिवमोहन मास्टर, विजय सिंह, दीपक पटेल, विनीत पटेल, सरला सिंह, दिनेश प्रताप, संजय पटेल, बबलू सिंह, गुड्डन सिंह, बसंतू पटेल, जीतू कुशवाहा, भीमशंकर फौजी, अजय शर्मा, रामनरेश अमीन एवं बैजनाथ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र के साथ पुस्तक व प्रतीक स्वरूप सरदार पटेल जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक गजेंद्र सिंह ने किया। उनके संचालन की उपस्थित लोगों ने सराहना की। समारोह में सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया।

पीटीओ ने किये 19 ओवरस्पीडिंग, 5 सीटबेल्ट, 6 बिना हेलमेट के चालान



बाराबंकी। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 से 30 नवम्बर तक परिवहन विभाग द्वारा सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत लखनऊ-अयोध्या हाइवे, राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ओवरस्पीडिंग, हेलमेट-सीटबेल्ट के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही कर वाहन चालको को नियमो का पाठ पढ़ाया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सहित विभिन्न मार्गो पर आज शुक्रवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने इंटरसेप्टर वाहन में लगे स्पीड कैमरों व लेजर गन से 19 ओवरस्पीडिंग तथा 5 सीटबेल्ट व 6 बिना हेलमेट के चालान किये। इस दौरान चालको को हेलमेट व सीटबेल्ट पहनने के फायदे बताये। तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, ट्रिपल राइडिग न करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों का संचालन प्रारम्भ



बाराबंकी। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 के दृष्टिगत उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण कर स्वयं मॉक वोट डालकर ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली को समझा। तथा प्रदर्शन के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्मिकों को प्रदर्शन केन्द्र पर आने वाले प्रत्येक मतदाता को ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी सरल एवं स्पष्ट तरीके से देने हेतु निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि वे अपने निकटस्थ ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र पर पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली को समझें और इस जागरूकता कार्यक्रम का लाभ उठाएं। जागरूक एवं सहभागी मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र का आधार हैं। इन प्रदर्शन केन्द्रों के माध्यम से मतदाताओं में मतदान प्रक्रिया के प्रति विश्वास एवं जागरूकता बढ़ाने के साथ आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद के सभी निर्धारित ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित रहेंगे। केन्द्रों पर आने वाले मतदाताओं की संख्या एवं प्रदर्शन के दौरान ईवीएम में रिकॉर्ड किए गए मतों का विवरण निर्धारित रजिस्टर में अंकित किया जाएगा।

चोरी की बाइक बरामद, 1 शातिर चोर गिरफ्तार



बाराबंकी। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मु0अ0सं0 755/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त इसरार पुत्र लखन नट निवासी ग्राम मौहारा थाना जहांगीराबाद को चोरी की 1 अदद मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेण्डर यू0पी 41 एएल 0326 बरामद करते हुये गिरफ्तार कर जेल भेजा। तथा फरार सह-अभियुक्त सौरभ उर्फ बब्लू गौतम की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अस्पताल चैकी प्रभारी उ0नि0 पप्पू सिंह यादव, हे0का0 हरेन्द्र बहादुर सिंह, का0 पवन सिंह परमार मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को दी संविधान की जानकारी



श्रावस्ती। अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा में शुक्रवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रथम के निर्देशन तथा प्राधिकरण की सचिव अनुप्रिया के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और संविधान के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी। अधिवक्ता जगदंबा त्रिपाठी ने समानता के अधिकार, संविधान के महत्व और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ज्योति प्रकाश पांडे, उप प्राचार्य डॉ. महेंद्र भारती, रवि कुमार, अन्य शिक्षकगण, वरिष्ठ लिपिक दयाराम, पीएलवी आदित्य कुमार, गायत्री पांडे सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझाने के लिए प्रदर्शन केंद्र स्थापित



श्रावस्ती। आगामी निर्वाचन के मद्देनजर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की

संक्षेप

अरविंद मेनन एआईएफएफ अध्यक्ष पद की दौड़ में

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद मेनन ने शुक्रवार को एआईएफएफ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की घोषणा की और कहा कि भारतीय फुटबॉल के पुनरोत्थान के लिये उनका फोकस जमीनी स्तर पर विकास पर रहेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) कार्यकारी समिति के चुनाव 20 दिसंबर को होने हैं। 2016 तक मध्यप्रदेश भाजपा के महासचिव (संगठन) रहे मेनन ने कहा कि उन्होंने कई प्रदेश संघों के प्रतिनिधियों और सीनियर अधिकारियों से मशविरे के बाद यह फैसला किया है। उन्होंने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा , मैने एआईएफएफ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का फैसला किया है। नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना दिसंबर के पहले सप्ताह में आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा , मैने कई प्रदेश ईकाइयों और सीनियर अधिकारियों से बात करने के बाद यह फैसला किया है। एआईएफएफ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल भी शीर्ष पद के दावेदारों में हैं हालांकि उन्होंने अभी तक इसका ऐलान नहीं किया है। निवर्तमान अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भी अभी तस्वीर स्पष्ट नहीं की है। वाराणसी के रहने वाले मलयाली मेनन दिसंबर 2024 में दूसरी बार उप्र फुटबॉल संघ के अध्यक्ष बने। उन्होंने कहा , अगर मैं चुना गया तो भारतीय फुटबॉल के सभी हितधारकों को साथ लेकर चलूंगा।

मतदान का अधिकार नहीं मिलने से नाराज बीएफआई अध्यक्ष

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अध्यक्ष अजय सिंह ने को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के चुनाव में महासंघ को मतदान का अधिकार नहीं दिए जाने पर निराशा जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के स्पष्ट निर्देश के बावजूद बीएफआई का नाम मतदाता सूची से हटाना अनुचित है। सिंह ने कहा कि बीएफआई को 2025 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था और आईओए से सवाल किया कि ऐसा क्या बदल गया कि अब महासंघ को मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने बीएफआई के मतदान अधिकार बहाल करने की मांग भी की। सिंह ने कहा, 2026 में मुक्केबाजी भारत का सबसे सफल खेल रहा है और हमारे मुक्केबाजों ने देश के लिए जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उन पर हमें गर्व है। इसके बावजूद बीएफआई को आईओए के चुनाव में मत देने का अधिकार नहीं मिलना बेहद अनुचित और निराशाजनक है। 2025 में हमारा नाम मतदाता सूची में था। आईओए को हमें बताना चाहिए कि तब से ऐसा क्या बदल गया और किस आधार पर हमारा नाम हटाया गया।

यूपी ने चंडीगढ़ को हराया, झारखंड व बंगाल भी जीते

एजेंसी

मुंबई। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के तीन विकेट और आर्यन जुयाल की बेहतरीन पारी की मदद से उत्तर प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में चंडीगढ को 30 रन से हराया जबकि झारखंड ने कर्नाटक को सात विकेट से मात दी। बंगाल ने मिजोरम को 93 रन से हराया।

यह चार मैचों में उप्र की दूसरी जीत थी और अब वह आठ अंक के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। चंडीगढ आठ टीमों के समूह में सातवें स्थान पर है। जीत के लिये 191 रन के लक्ष्य के जवाब में चंडीगढ आठ विकेट पर 160 रन ही बना सका।

भुवनेश्वर ने मनन वोहरा (12) को सस्ते में आउट करने के बाद 19वें ओवर की चौथी और पांचवीं गेंद पर भागमेंदर लाठेर और चिरागवीर ढींढसा को



पवेलियन भेजा। इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज जुयाल ने 28 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से उत्तर प्रदेश को सात विकेट पर 190 रन तक पहुंचाया। एक अन्य मैच में गत चैम्पियन झारखंड ने कर्नाटक को सात विकेट से हराया। कर्नाटक अब तालिका में चौथे और झारखंड पांचवें स्थान पर है। कर्नाटक के लिये मनीष पांडे ने 34 रन बनाये। कर्नाटक ने नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में झारखंड ने पांच गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। विराट सिंह ने 34 गेंद में नाबाद 60 और कप्तान अनुकूल रॉय ने 38 गेंद में नाबाद 54 रन बनाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 110 रन की नाबाद साझेदारी की। वहीं बंगाल ने करण लाल और अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों की मदद से दो विकेट पर 196 रन बनाये। जवाब में मिजोरम की टीम 18 . 2 ओवर में 103 रन पर आउट हो गई। लाल ने 41 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन बनाये जबकि पोरेल ने 30 गेंद में 52 रन की पारी खेली।

शाकिर गांधी ने 27 गेंद में नाबाद 42 और रिषभ चौधरी ने 22 गेंद में नाबाद 33 रन बनाये। मिजोरम की टीम कभी भी लक्ष्य का पीछा करती हुई नजर नहीं आई। उसके लिये चिन्मय सुतार ने 43 गेंद में 61 रन बनाये लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला। बंगाल के लिये रिषभ चौधरी ने चार और करण लाल ने तीन विकेट लिये।

गायकवाड़ ने फॉर्म में वापसी के संकेत दिए, आंध्र और केरल भी जीते

मोहाली। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 44 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए और उनकी इस पारी की मदद से महाराष्ट्र ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में असम पर पांच विकेट से जीत दर्ज की। विकेटकीपर बल्लेबाज रूषिकेश सोनावणे 54 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि गायकवाड़ ने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को संभाले रखा। महाराष्ट्र ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 173 रन बनाकर जीत हासिल की। सोनावणे और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी कर महाराष्ट्र को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इसके बाद गायकवाड़ ने मोर्चा संभाला जबकि सिद्धेश वीर (नाबाद 18) और अर्शिन कुलकर्णी (13) ने अंत में उपयोगी योगदान दिया। इससे पहले असम के कप्तान डेनिश दास ने 31 गेंद में चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 61 रन की तूफानी पारी खेली।

शिबशंकर रॉय ने 31 रन बनाए जिससे असम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 172 रन बनाए। महाराष्ट्र के लिए रामकृष्ण घोष सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 41 रन देकर चार विकेट लिए जबकि विवेक शेलार ने 30 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। वहीं न्यू चंडीगढ़ में खेले गए ग्रुप सी के एक अन्य मुकाबले में आंध्र ने मध्य प्रदेश को 70 रन से करारी शिकस्त दी। आंध्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 186 रन बनाए।

रिकी भुई ने 57 रन की पारी खेली जबकि शेख रशीद ने 51 रन का योगदान दिया। भारत के तेज गेंदबाज आवेश खान मध्य प्रदेश के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 47 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश की टीम लय हासिल नहीं कर सकी और 18.1 ओवर में 116 रन पर सिमट गई।

आंध्र की ओर से सत्यनारायण राजू ने 14 रन देकर चार विकेट लिए। केएस नरसिम्हा राजू ने 32 रन देकर दो और बैलापुडी यशवंत ने 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मोहाली में खेले गए ग्रुप सी के एक अन्य मुकाबले में केरल ने त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। केरल ने 122 रन का लक्ष्य महज 13 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। सलमान निजार 51 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रोहन कुन्नुमल ने 38 रन का योगदान दिया। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर त्रिपुरा ने श्रीदाम पॉल के 41 रन की मदद से नौ विकेट पर 121 रन बनाए। कप्तान मणिशंकर मुरासिंह 31 रन बनाकर नाबाद रहे। दानवीर अजय सिंह ने 20 रन का योगदान दिया।

वहीं बारिश के कारण ग्रुप डी के चारों मुकाबले एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिए गए। इससे हैदराबाद और गोवा, उत्तराखंड और ओडिशा, गुजरात और छत्तीसगढ़ तथा विदर्भ और मुंबई के बीच होने वाले मुकाबले नहीं खेले जा सके।

भारतीय दृष्टिबाधित किकेट टीम ने किया समारोह का बहिष्कार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय दृष्टिबाधित किकेट टीम ने शुक्रवार को ढाका में पुरूष एशिया कप पुरस्कार वितरण समारोह का बहिष्कार किया जब फाइनल एक भी गेंद फेंके बिना बारिश में धुलने के बाद पाकिस्तान को विजेता घोषित किया गया। भारतीय दृष्टिबाधित किकेट संघ (सीएबीआई) ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया। पाकिस्तान को नेट रनरेट के आधार पर विजेता घोषित किया गया जबकि सीएबीआई का कहना था कि दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाना चाहिये था। सीएबीआई महासचिव शैलेंद्र यादव ने एक बयान में कहा , मैं बहुत निरश हूं और जिस तरीके से पाकिस्तान ने खुद को दृष्टिबाधित किकेट एशिया कप फाइनल में एक भी गेंद फेंके बिना विजेता घोषित कर लिया, उसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। उन्होंने कहा , जब बारिश के कारण फाइनल में एक गेंद भी नहीं डाली जा सकी तो विश्व दृष्टिबाधित किकेट परिषद की तकनीकी समिति के फैसले और टूर्नामेंट के नियमों के आधार पर मसले का हल निकाला जाना चाहिये था। इसके लिये रिजर्व दिन या दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित करना विकल्प हो सकता था। सीएबीआई ने आरोप लगाया कि डब्ल्यूबीसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान दृष्टिबाधित किकेट परिषद के अध्यक्ष सुल्तान शाह ने भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित करने के तकनीकी समिति के फैसले को अनसुना करके पाकिस्तान को चैम्पियन घोषित किया।

कोरिया के खिलाफ जीत से दबदबा कायम रखना चाहेगा भारत

एजेंसी

भोपाल। भारतीय टीम की निगाहें शनिवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के अपने दूसरे राउंड रॉबिन मुकाबले में जीत की लय जारी रखते हुए महाद्वीप में अपना दबदबा बरकरार रखने पर लगी होंगी। गत चैंपियन और तीन बार खिताब जीत चुकी भारतीय टीम ने बृहस्पतिवार को छह टीमों के इस टूर्नामेंट में मलेशिया को 4-। से हराकर शानदार शुरुआत की। भारत ने 2016, 2023 और 2024 में इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। भारत और तीन बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे सफल टीमें हैं। कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई और मुख्य कोच शॉर्ड मारिन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम 2026



महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद इस टूर्नामेंट में उतरी है जिससे उसने लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए भी अपनी जगह पक्की की थी।

मारिन और उनकी टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल टीम में नए खिलाड़ियों को मौका देने और बेंच स्ट्रेंथ मजबूत करने के लिए कर रहे हैं। इसी रणनीति के तहत अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और डिफेंडर इशिका चौधरी को आराम दिया गया है जबकि गोलकीपर बीचू देवी और बंसारी सोलंकी को रोटेट किया जा रहा है। भारतीय टीम ने मलेशिया के खिलाफ पहले मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। जूनियर स्तर से आगे बढ़कर सीनियर टीम में जगह बनाने वाली डिफेंडर पूजा साहू ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मारिन ने पदार्पण मैच में गोल करने वाली पूजा की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने (पूजा) अपने पहले ही मैच में पहला गोल किया और अच्छा प्रदर्शन किया। वह भविष्य की एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित हो सकती हैं।

चयनकर्ता और टीम प्रबंधन ही फैसला लेने के लिये सबसे उपयुक्त : कपिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम से बाहर रखने को लेकर चल रहे विवाद के बीच महान किकेटर कपिल देव ने शुक्रवार को इस तेज गेंदबाज का बचाव करते हुए कहा कि निजी तौर पर उन्हें सिराज पसंद है लेकिन यह भी कहा कि उनकी राय मायने नहीं रखती क्योंकि टीम चयन चयनकर्ताओं, कप्तान और टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी है।



कपिल ने फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा, मैं उसे पसंद करता हूं। लेकिन मेरी राय मायने नहीं रखती। चयनकर्ताओं, कप्तान, टीम प्रबंधन को टीम चुननी है। बीसीसीआई की क्या योजना है, यह मायने रखता है। विश्व कप 1983 के विजेता कप्तान ने कहा , इस बारे में चयनकर्ताओं से पूछा जाना चाहिये। मैं कोई नहीं हूं और मेरे जैसे लोगों को टिप्पणी भी नहीं करनी चाहिये। जिन लोगों पर चयन की जिम्मेदारी है, उन्हें जवाब देना चाहिये। वे अपना काम बखूबी कर रहे हैं और सभी को खुश नहीं रखा जा सकता।

कपिल ने कोच गौतम गंभीर के प्रदर्शन पर भी टिप्पणी से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा , हर किसी की राय अलग हो सकती है तो ऐसा करने का कोई फायदा नहीं है। आप एक व्यवस्था की आलोचना नहीं कर सकते। भारतीय किकेट अच्छा कर रहा है और यही मायने रखता है।

जम्मू कश्मीर ने बिहार को हराया पंजाब ने तमिलनाडु को मात दी

एजेंसी

इंदौर। युधवीर सिंह की शानदार पारी के दम पर जम्मू कश्मीर ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में बिहार को नौ रन से हराया जबकि पंजाब ने तमिलनाडु पर पांच रन से जीत दर्ज की। युधवीर ने नौ गेंद में चार चौकों की मदद से नाबाद 36 रन बनाये।

जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर छह विकेट पर 190 रन का स्कोर खड़ा किया। अब्दुल समद ने 26 गेंद में 42 रन बनाये। कवलप्रीत सिंह (33) और कप्तान शुभम खजूरिया (27) ने उपयोगी पारियां खेली। बिहार की टीम आठ विकेट पर 181 रन ही बना सकी। अल्तमीश अशरफ ने 36 गेंद में 50 और आशीष कुमार ने 27 गेंद में 46 रन बनाये। एक अन्य मैच में पंजाब ने तमिलनाडु को पांच रन से हराया। पंजाब के पांच विकेट पर 165 रन के जवाब में तमिलनाडु ने नौ विकेट पर 160 रन बनाये। पंजाब के लिये रमनदीप सिंह ने 23 गेंद में 36 और सनवीर सिंह ने 21 गेंद में 34 रन बनाये। वहीं सुखदीप सिंह ने सात गेंद में नाबाद 20 रन बनाये। तमिलनाडु के लिये मनिमारन सिद्धार्थ ने तीन और आर राजकुमार ने दो विकेट चटकाये। जवाब में तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरूआत की और बालासुब्रमण्यम सचिन ने 42 गेंद में 70 रन की पारी खेली। मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाज हालांकि अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। पंजाब के लिये कार्तिक चड्ढा ने तीन जबकि सुखदीप और कृष भगत ने दो दो विकेट लिये। एक अन्य मैच में सौराष्ट्र ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया। दिल्ली ने नौ विकेट पर 152 रन बनाये और यह लक्ष्य सौराष्ट्र ने दो ओवर बाकी रहते हासिल कर लिया।

क्लीन स्पोर्ट्स इंडिया के पूर्व समन्वयक राव ने आईओए चुनाव में आईओसी पर्यवेक्षक की मांग की

नयी दिल्ली। क्लीन स्पोर्ट्स इंडिया के पूर्व समन्वयक बीवीपी राव ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री को पत्र लिखकर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के चुनाव में सरकार के हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव के लिये आईओसी पर्यवेक्षक नियुक्त करने की मांग की है। राव ने 18 नवंबर को लिचो पत्र में आरोप लगाया कि खेल मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों के दबाव में कई उम्मीदवारों ने एथलीट आयोग और उत्कृष्ट योज्ञता वाले खिलाड़ियों (एसओएम) श्रेणी से नाम वापिस ले लिया जिससे सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। राव ने दावा किया कि उन्हें नाम वापिस लेने वाले कई पूर्व खिलाड़ियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा , इन हालात में मैं आपसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिये आईओसी पर्यवेक्षक नियुक्त करने का अनुरोध करता हूं। खेल प्रशासन में पूर्व खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए राव ने कहा , दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में खेल प्रतिभाओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित करके भविष्य के नेताओं के रूप में तैयार किया जाना चाहिये।

हार्दिक के आने से टीम हर लिहाज से मजबूत हुई : पोंटिंग

नयी दिल्ली। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि हरफनमौला हार्दिक पंड्या के आने से पंजाब किंग्स को अपनी सभी कमजोरियों को दूर करने में मदद मिली है जिससे के फ्रेंचाइजी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 चरण से पहले संतुलित ऑलराउंड टीम बन गई है।

पंड्या मुंबई इंडियंस से तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बदले ट्रेड (अदला बदली) के जरिए पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं। पोंटिंग ने जियोस्टार से बातचीत में कहा, मैंने हमेशा इस बात का ध्यान रखा है कि अगले साल होने वाली मेगा नीलामी से पहले तीन साल के इस चक्र में हमारी टीम के ज्यादातर खिलाड़ी एक साथ बने रहें। इसलिए हमने आईपीएल 2027 से पहले छह खिलाड़ियों को रिलीज करने और 19 खिलाड़ियों को बरकरार रखने का फैसला किया है। पोंटिंग ने बताया कि 18 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स से जुड़े पंड्या ने टीम को किस तरह मजबूती दी है। उन्होंने कहा, हमने ट्रेड के जरिए हार्दिक पंड्या को टीम में शामिल किया है और अर्शदीप सिंह को दूसरी टीम में भेजा है। अब हमारे पास एक बेहद संतुलित टीम है। हमारी टीम में कितने ऑलराउंडर हैं, इसको लेकर काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, पंड्या के आने के साथ हमारे पास काफी सारे ऑलराउंडर मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अजमतुल्लाह उमरजई, (सूर्यांश) शेडगे, शशांक सिंह और कूपर कोनोली जैसे खिलाड़ी भी टीम में मौजूद हैं। हालांकि इससे हमें काफी फायदा होगा।

स्पिन गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर हों या तेज गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर, हमने लगभग हर विभाग को कवर कर लिया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने शिमरोन हेटमायर को रिलीज करने का फैसला करने के बारे में बात करते हुए कहा, वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी की बल्लेबाजी क्रम में अलग स्थान पर खेलने की इच्छा थी। उन्होंने कहा, हमें हेट्टी (हेटमायर) को रिलीज करना पड़ा। पिछले डेढ़ साल से हेट्टी की इच्छा किसी दूसरे बल्लेबाजी क्रम पर खेलने की रही है। इसमें कोई शक नहीं कि वह अब भी एक शानदार खिलाड़ी हैं। संगकारा ने कहा, लेकिन नीलामी में अपनी जरूरत के मुताबिक खिलाड़ियों को खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा जुटाना और टीम को जरूरी लचीलापन देना भी अहम था। इसलिए यह फैसला लेना जरूरी हो गया था। हम ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहते थे। यह हमारे लिए काफी मुश्किल फैसला था।

पेज एक का शेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र

प्रमाण-पत्र देंगे। इनमें दिव्यांग श्रेणी के प्रशिक्षार्थी और उन कठिन तकनीकी कार्यों (ट्रेड) में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएं भी शामिल होंगी, जिनमें आमतौर पर महिलाओं की भागीदारी कम होती है। इसके मुताबिक, मंच पर सम्मानित होने वालों में उत्तर प्रदेश के शाहबाज खान (इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, राजकीय आईटीओटी, अलीगंज, लखनऊ) और संध्या देवी (सूचना प्रौद्योगिकी, एनएसटीआई महिला, नोएडा) भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इनके अलावा तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के प्रशिक्षार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अनुसार, समारोह का आयोजन 5,500 लोगों की क्षमता वाले जर्मन हैंगर में होगा। इस दौरान आईटीआई प्रशिक्षार्थियों की सफलता की कहानियों पर एक वीडियो भी दिखाया जाएगा और ड्रोन, रोबोटिक्स एवं पेंट्स उद्योग में काम कर रहे आईटीआई के पूर्व प्रशिक्षार्थियों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी

तीन बेटियां हैं। आदित्यनाथ, चारों बेटों में दूसरे स्थान पर हैं। आदित्यनाथ शाम को अपने पैतृक गांव पहुंचे और अपनी मां के अंतिम दर्शन किए। इसका एक चित्र साझा करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मां, ओम शांति। सावित्री देवी की अंत्येष्टि शनिवार सुबह हरिद्वार में गंगा तट पर होगी जिसमें आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। स्थानीय ग्रामीण और परिवार के करीबी जी.सी. बडोला ने कहा कि सावित्री देवी लंबे समय से बीमार थीं और उनकी स्मृति भी कम हो रही थी जिसके कारण वह केवल अपने परिवारजनों को ही पहचान पा रही थीं। उनके निधन पर प्रदेश के राज्यपाल डॉ ढालसिंह बिसेन तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक जताया है। योगी के बड़े भाई मानवेंद्र सिंह बिष्ट और सबसे छोटे भाई महेंद्र सिंह बिष्ट गांव के निकट बिथ्याणी महाविद्यालय में कार्यरत हैं जबकि एक अन्य छोटे भाई शैलेंद्र मोहन बिष्ट भारतीय सेना के गढ़वाल राइफल में ऑर्डिनरी कैप्टन हैं। योगी की एक बहन पुष्पा चौधरी दिल्ली में तथा दूसरी बहन कौशल्या देवी कोटद्वार में रहती हैं जबकि तीसरी बहन शशि पायल ऋषिकेश के निकट स्थित प्रसिद्ध नीलकंठ मंदिर के पास रहकर अपना व्यवसाय करती हैं। उत्तराखंड के राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने योगी आदित्यनाथ की मां के निधन पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आदित्यनाथ की मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और इसे अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार बताया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा मां का स्नेह, आशीर्वाद और ममता जीवन की सबसे अनमोल पूंजी होती है। उनका जाना परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

नशे के

गई है, जहां बेटियां रात दो बजे भी बेखौफ घर लौटती हैं, क्योंकि बेटी को छेड़ने वालों के लिए जेल या जहन्नुम ही एकमात्र जगह है। उन्होंने युवाओं से 2047 के विकसित भारत का नेतृत्व करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने आकाश तिवारी, अनिकेत दुबे, पलक कुमारी, राशि सिंह, नाजिया परवीन, एकता कुमारी, अरीबा खान, अर्चिता द्विवेदी, सौम्या सिंह, दिव्यांजलि पाठक, गणेश पांडे, शुभम यादव, अभिनव सिंह, आशीष यादव, जया राव, अभिषेक शर्मा, अनुराधा पटेल, आकांक्षा पांडे, अहमद रजा, अनामिका सिंह, सोनिया प्रजापति, नितेश चौहान और सुंदरी कुमारी को अपने हाथों से टैबलेट प्रदान किए। केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि दूसरे चरण में 25 लाख युवाओं को टैबलेट देने का लक्ष्य है। युवा इसका उपयोग मनोरंजन के बजाय पढ़ाई, कौशल विकास व मतदाता पंजीकरण में करें तथा नशे से दूर रहें। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया और मुख्यमंत्री के डिजिटल यूपी के संकल्प से प्रदेश बीमारू से उत्तम प्रदेश बन रहा है।

बर्ड फ्लू की

पर सवाल उठाने वालों को भारत की उपलब्धियां देखनी चाहिए। चौहान ने कहा दुनिया आज के आत्मनिर्भर और विकसित भारत को देखे। देश के सामर्थ्य को कमतर आंकने का पाप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले इस वैक्सीन का लोकार्पण दिल्ली से करने की योजना थी, लेकिन उन्होंने इसे भोपाल में ही राष्ट्र को समर्पित करने का निर्णय लिया, क्योंकि यहां के वैज्ञानिकों ने दिन-रात मेहनत कर इसे विकसित किया है। चौहान ने पशुपालन क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि पशु किसानों के लिए चलते-फिरते एटीएम की तरह हैं और खेती के साथ नियमित आमदनी का जरिया भी हैं। उन्होंने कहा कि पशुपालन का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 14 प्रतिशत और पोल्ट्री क्षेत्र का एक प्रतिशत योगदान है। मंत्री ने बताया कि खुरपका-मुंहपका रोग से देश को सालाना औसतन 22,000 करोड़ रुपये, लंपी त्वचा रोग से 20,000 करोड़ रुपये, ब्रुसेलोसिस से 9,212 करोड़ रुपये और पीपीआर से 4,683 करोड़ रुपये का नुकसान होता था। इन बीमारियों से कुल मिलाकर करीब 56,000 करोड़ रुपये का सालाना नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सस्ती स्वदेशी वैक्सीन से छोटे मुर्गीपालकों को भी अपने पक्षियों को संक्रमण से बचाने में मदद मिलेगी। चौहान के कहा कि भारत में बर्ड फ्लू का पहला प्रकोप 2006 में महाराष्ट्र के नवापुर में सामने आया था, जहां करीब 10 लाख मुर्गियां मरी थीं।

सुप्रीम कोर्ट

जाए। शीर्ष अदालत ने कहा, नतीजतन, संबंधित कर्मचारियों की नियुक्ति के शुरुआती स्रोत या स्वरूप का इस्तेमाल उन्हें उन सेवा और सेवानिवृत्ति लाभों से वंचित करने के लिए नहीं किया जा सकता, जो एक नियमित कर्मचारी के तौर पर उन्हें मिलने चाहिए। फैसले में कहा गया कि उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक समीक्षा की अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए दोनों कानूनों को संविधान के अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित किया है। इस फैसले से लोक निर्माण, सिंचाई और भूजल समेत राज्य के विभिन्न विभागों के पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। इन कर्मचारियों ने नियमित होने से पहले कई वर्षों तक सेवा दी थी, लेकिन पेंशन तय करते समय उनकी शुरुआती सेवा अवधि को शामिल नहीं किया गया था। पीठ ने 2019 के अपने महत्वपूर्ण फैसले प्रेम सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य को दोहराते हुए कहा कि एक बार कर्मचारी की सेवा नियमित हो जाने और उसे नियमित प्रतिष्ठान में शामिल कर लिए जाने के बाद सेवा एवं सेवानिवृत्ति संबंधी लाभ तय करते समय उसकी शुरुआती नियुक्ति की प्रकृति के आधार पर कोई भेद नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार पिछली तारीख से कानून बनाकर कर्मचारी की शुरुआती नियुक्ति की स्थिति को फिर से आधार नहीं बना सकती और उसे उन पेंशन लाभों से वंचित नहीं कर सकती, जो नियमित कर्मचारियों को मिलते हैं। अदालत ने कहा कि ऐसी सेवा को पिछली तारीख से पेंशन की गणना से बाहर रखने को केवल नयी कानूनी परिभाषाएं लागू करके या पेंशन से वंचित करने वाले पुराने आदेशों को वैध ठहराकर उचित नहीं ठहराया जा सकता। फैसले में कहा गया कि केवल नयी वैधानिक परिभाषाएं लागू करके या पेंशन से वंचित करने वाले पुराने आदेशों को वैध ठहराकर ऐसी सेवा को पिछली तारीख से बाहर नहीं किया जा सकता। यह विवाद तब पैदा हुआ जब उच्चतम न्यायालय ने प्रेम सिंह मामले में दो सितंबर, 2019 के अपने फैसले में यह कहा कि कार्य-आधारित प्रतिष्ठान में की गई सेवा को पेंशन के लिए पात्र सेवा के रूप में गिना जाना चाहिए। उस समय अदालत ने उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्ति लाभ नियमावली, 1961 के नियम 3(8) के प्रावधानों की सीमित व्याख्या करते हुए निर्देश दिया था कि पात्र कर्मचारियों को पेंशन संबंधी लाभ दिए जाएं। हालांकि, इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 2020 में एक अध्यादेश जारी किया और बाद में 2021 का विधिमान्यकरण अधिनियम बनाया, जिसके जरिए अर्हक सेवा से जुड़े नियमों में पिछली तारीख से बदलाव किया गया।

दिल्ली पर

आम जनता द्वारा ड्रोन, पैराग्लाइडर, एयरो-मॉडल आदि मानव रहित विमान प्रणालियों (यूएएस) का उपयोग प्रतिबंधित है, क्योंकि यह विमानन सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है और इससे आतंकवादी हवाई हमले का गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा होता है। आदेश में कहा गया कि सरकारी और सार्वजनिक संपत्ति के साथ-साथ मानव जीवन की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय है, जिसके कारण ऐसे उपकरणों के संचालन को रोकने के लिए तत्काल निवारक उपायों की आवश्यकता है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए मीणा ने आईजीआई हवाई अड्डा उपमंडल के क्षेत्र में 60 दिनों तक किसी भी तरह के ड्रोन या मानवरहित विमान प्रणाली के उड़ाने पर रोक लगा दी है। आदेश में कहा गया कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत कार्वाई की जाएगी।

यूपी में नकली

काउंटर-टू-काउंटर बिक्री के बजाय फर्जी बिलिंग, दवाओं के भंडारण और अवैध वितरण के लिए किया जा रहा था। मामले की शुरूआत अमरोहा के चौधरपुर स्थित मैसर्स आरबी मेडिकल स्टोर से 12 जून 2026 को लिए गए माक्सीफीट-सीवी 625 टैबलेट के नमूने की जांच से हुई। दवा को राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला, लखनऊ भेजा गया था। जांच में नमूना नकली पाया गया। इसके बाद वास्तविक निमार्ता मैसर्स पोलिस्टर पावर इंडस्ट्रीज और मार्केटर मैसर्स हेल्थप्राइड से भी बैच की पुष्टि कराई गई। दोनों कंपनियों ने संबंधित बैच को नकली बताया। इसके बाद विभाग ने सप्लाई चेन की जांच शुरू की। पड़ताल में मुरादाबाद की मैसर्स जेड आर मेडिकल के माध्यम से मुरादाबाद और अमरोहा की मैसर्स एरिबा फार

टेलीमेडिसिन के महत्व पर दिया जाये जोर

मुर्मू ने युवा चिकित्सकों से नैतिकता, करुणा, मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाये रखने का आग्रह किया



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवा चिकित्सकों से पेशेवर नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाये रखने और स्वास्थ्य सेवाओं में करुणा, संवेदनशीलता तथा मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का शुक्रवार को आग्रह किया। यहां अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान (एबीवीआईएमएस) और डॉ. राममनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने चिकित्सा की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सकों से दूरदराज और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में योगदान देने का आह्वान किया।

उन्होंने पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भारत में आए बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महानगरों से आगे बढ़कर प्राथमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्रों के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा का भी विस्तार हुआ है। मुर्मू ने कहा कि देशभर में लगभग 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हो रहे हैं, जिससे लोगों की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ी है। उन्होंने भौगोलिक दूरियों की बाधाओं को दूर करने और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा परामर्श पहुंचाने में टेलीमेडिसिन के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अनुरूप भारत की स्वास्थ्य सेवाओं का जोर अब बीमारियों की रोकथाम पर हो गया है। उन्होंने मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और विभिन्न प्रकार के कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों की समय रहते जांच, पहचान और उपचार के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देशभर में बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाना जरूरी है, ताकि बीमारियों की शुरुआती चरण में पहचान की जा सके और समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवाओं में वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे अस्पताल में भर्ती होने पर खर्च का वित्तीय बोझ कम करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल रही है। उन्होंने आयुष्मान वय वंदना योजना का भी उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। राष्ट्रपति ने चिकित्सा की पारंपरिक पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। मुर्मू ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ आयुर्वेद और योग को बढ़ावा देने के प्रयासों से देश में स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति समग्र दृष्टिकोण को मजबूती मिली है। उन्होंने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आयुष सेवाओं को आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के साथ उपलब्ध कराने तथा संयुक्त अनुसंधान पर बढ़ते जोर का उल्लेख किया। उन्होंने अनुसंधान को आगे बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करने में आयुष मंत्रालय तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र के माध्यम से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय सहयोग का भी उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने उपाधि प्राप्त करने वाले चिकित्सा पेशेवरों को संबोधित करते हुए उनसे अपने कार्यक्षेत्र में व्यावसायिक नैतिकता, संवेदनशीलता और करुणा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है, जब संस्थाएं जवाबदेह हों और असहमति का सम्मान किया जाये: उपराष्ट्रपति



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र तब फलता-फूलता है, जब संस्थाएं जवाबदेह बनी रहती हैं, असहमति का सम्मान किया जाता है और नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने अधिकारों का इस्तेमाल तथा कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

राधाकृष्णन ने इस बात पर भी जोर दिया कि संवैधानिक मूल्यों को रोजमर्रा के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यहां एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद संविधान को गणतंत्र का नैतिक दिशा-सूचक बताया। राधाकृष्णन ने कहा कि कर्तव्यों को भी अधिकारों के समान ही महत्व दिया जाना चाहिए, क्योंकि जिम्मेदारी के साथ उनका निर्वहन सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने लोकतंत्र को एक ऐसी शासन व्यवस्था के रूप में परिभाषित किया था, जो बिना रक्तपात के लोगों के आर्थिक और सामाजिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाती है। राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की उपलब्धियां संवैधानिक आकांक्षाओं की पूर्ति को दर्शाती हैं। उन्होंने लगभग 50 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर निकलने, चार करोड़ पक्के मकानों के निर्माण और जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नल से पानी की आपूर्ति 82 प्रतिशत से अधिक होने का जिक्र करते हुए इन घटनाक्रमों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मौन क्रांति बताया। राधाकृष्णन ने राष्ट्र-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को रेखांकित करते हुए संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों के योगदान को याद किया और कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी पहल के जरिये उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है तथा देश का भविष्य तय करने में महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इसमें गरिमा, आजीविका, स्वास्थ्य, आवास, निजता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण भी शामिल हो गये हैं।

संक्षेप

बॉब ग्रीन प्लग का शुभारंभ

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों, बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तथा संबंधित सुविधाओं की स्थापना एवं विस्तार को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष फायनांस योजना बॉब ग्रीन प्लग के शुभारंभ की घोषणा की। रुपये 10 लाख से अधिक और रुपये 5 करोड़ तक के फायनांस की सुविधा के साथ इस योजना का उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के बढ़ते ईको सिस्टम को सहयोग प्रदान करना, स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देना तथा संवहनीय फायनांस के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। पीएम ई-ड्राइव जैसी सरकारी पहलों तथा उपभोक्ताओं द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से ईवी चार्जिंग एवं बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

चूपा चूप्स बबल गम स्टिक्स लॉन्च

नई दिल्ली। परफेटी वैन मेले इंडिया के मशहूर कन्फेक्शनरी ब्रांड चूपा चूप्स ने 'चूपा चूप्स बबल गम स्टिक्स' के लॉन्च के साथ भारत की बबल गम श्रेणी में अपने प्रवेश की घोषणा की है। दो रोमांचक स्वादों– फ्रूट्स और कोला लेमन में उपलब्ध, यह नई पेशकश बड़े बुलबुलों और अधिक नरम चबाने के साथ एक मजेदार और स्वाद से भरपूर बबल गम अनुभव देने के लिए डिजाइन की गई है। रुपये 10 की कीमत पर, चूपा चूप्स बबल गम स्टिक्स अब देश भर के रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं।

बाइक टैक्सी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का रैपिडो ने किया स्वागत

नई दिल्ली। रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) ने आज कर्नाटक बाइक टैक्सी मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और इसे भारत में बाइक टैक्सी श्रेणी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। यह फैसला उस श्रेणी के लिए एक बड़ा कदम है, जो लाखों यात्रियों और कैप्टनों को सेवा देती है।

साथ ही, इससे राज्यों को स्पष्ट और व्यावहारिक बाइक टैक्सी नीतियां बनाने के लिए एक मजबूत आधार भी मिलेगा। बाइक टैक्सी मामले में कर्नाटक राज्य द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले का स्वागत करते हैं। इससे कर्नाटक में बाइक टैक्सी श्रेणी को लेकर जरूरी स्पष्टता आई है और यह भारत में इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। पिछले कुछ वर्षों में बाइक टैक्सी ने अपनी उपयोगिता साबित की है। इसने यात्रियों को भीड़भाड़ वाले शहरों में आसानी से आने-जाने में मदद की है, फर्स्ट- और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को मजबूत किया है और कैप्टनों के लिए कमाई के लचीले अवसर पैदा किए हैं। यह फैसला जमीनी स्तर पर इस श्रेणी की मौजूदा भूमिका को मान्यता देता है।

विदेशी मुद्रा भंडार 14.20 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 14.20 अरब डॉलर घटकर 705.34 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.49 अरब डॉलर बढ़कर 719.55 अरब डॉलर हो गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में 785.71 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बैंकों को रिकॉर्ड 133 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा मिलने से भंडार में यह वृद्धि हुई थी। हालांकि,



इसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 13 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.9 अरब डॉलर घटकर 583.45 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर भी शामिल होता है।

सोना 5200 रुपये टूटकर 1.29 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। सोना और चांदी में बिकवाली का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 5200 रुपये टूटकर 129300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वैश्विक बाजारों में लगातार बिकवाली से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर बनी हुई है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार नौवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 5200 रुपये टूटकर 129300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रहा। बृहस्पतिवार को इसका भाव 134500 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

कीव पर रूसी हमले में तीन लोगों की मौत, नौ घायल

कीव। रूस ने रातभर कीव में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किये, जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गये। इन हमलों में पुलों और परिवहन संबंधी बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। स्थानीय प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ये हमले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस चेतावनी के कुछ घंटे बाद हुए, जिसमें उन्होंने इस सप्ताह कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र को रूस की मुख्य भूमि से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण केर्च पुल पर यूक्रेन के तीन हवाई हमलों का जवाब देने की बात कही थी। कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने बताया कि हमले में राजधानी के चार जिले प्रभावित हुए। इसके कारण बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई। ऊर्जा प्रदाता कंपनी डीटीईके ने कहा कि हमलों के बाद पेचेर्स्की, सोलोमियांस्की, होलोसिवस्की, निप्रोवस्की और दार्नित्स्की जिलों के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। प्रशासन ने एक बयान में कहा कि ओबोलोंस्की और होलोसिवस्की जिलों में गैर-आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा, जबकि पोडिल्स्की और दार्नित्स्की जिलों में परिवहन एवं लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया।

सैमसंग ने वन यूआई 9.5 बीटा प्रोग्राम शुरू किया

नई दिल्ली। सैमसंग ने अपना वन यूआई 9.5 बीटा प्रोग्राम शुरू कर दिया है। इससे यूजर्स को आधिकारिक लॉन्च से पहले वन यूआई 9.5 की शुरूआती झलक देखने को मिल रही है। वन यूआई 9.5 बीटा में पहले से ज्यादा सटीक कैमरा कंट्रोल्स, सेहत से जुड़ी पर्सनलाइज्ड जानकारी, बेहतर एक्सेसिबिलिटी फीचर्स और रोजमर्रा के इस्तेमाल में प्राइवेसी के लिए ज्यादा मजबूत सुरक्षा दी गई है।

प्रो और प्रो वीडियो मोड को और बेहतर बनाया गया है, जिससे क्रिएटर्स के हाथ में ज्यादा बारीक सेटिंग्स आ गई हैं। सैमसंग हेल्थ भी अब ज्यादा पर्सनल हो गया है। इसमें डायरी लिखने के लिए माइंड नोट और दवा के रिमाइंडर व रिकॉर्ड के लिए मेडिकेशन्स जैसे फीचर्स जुड़े हैं। फ्लोटिंग शॉर्टकट्स जरूरी कंट्रोल्स को हाथ की पहुंच में रखते हैं। नोटिफिकेशन पैनल में हियरिंग एड कंट्रोल्स के सुधार से गैलेक्सी डिवाइस का इस्तेमाल सबके लिए और आसान हुआ है। वहीं ऐप लॉक अलग-अलग ऐप्स को लॉक करके रोजमर्रा के इस्तेमाल को ज्यादा सुरक्षित बनाता है। वन यूआई 9.5 बीटा प्रोग्राम आज से जर्मनी, भारत, कोरिया, पोलैंड, यूके और अमेरिका सहित चुनिंदा देशों में गैलेक्सी एस 26 सीरीज के यूजर्स के लिए शुरू हो गया है। योग्य यूजर्स सैमसंग मेम्बर्स ऐप के जरिए इस बीटा प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सेंसेक्स में 898 अंकों की उछाल

मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को जोरदार तेजी रही। बैंक शेयरों में खरीदारी, विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से सेंसेक्स 898 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,800 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 897.96 अंक यानी 1.08 प्रतिशत चढ़कर 83,919.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1016.21 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 84,037.96 अंक पर पहुंच



गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 286.30 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,800.60 अंक पर बंद हुआ। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.59 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही।

रुपया 65 पैसे मजबूत

नयी दिल्ली। रुपया में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 65 पैसे मजबूत होकर 92.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी पूंजी के लगातार प्रवाह और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच रुपया सात महीने से अधिक समय बाद पहली बार 93 प्रति डॉलर के स्तर से ऊपर रहा। रुपये में मजबूती का कारण कमजोर अमेरिकी मुद्रा और अमेरिका, ताइवान तथा दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में कृत्रिम मेधा से जुड़े शेयर के कमजोर पड़ने के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में लगातार निवेश है।

बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 10.9 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। कोयला, लौह अयस्क, बिजली और सीमेंट के बेहतर प्रदर्शन के कारण देश के प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर में 10.9 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले यानी 2025 के इसी महीने में यह वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2026 में प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। अक्टूबर में लौह अयस्क का उत्पादन 26.4 प्रतिशत, बिजली उत्पादन 21.6 प्रतिशत, कोयला उत्पादन 23.1 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 15.4 प्रतिशत बढ़ा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान इन नौ क्षेत्रों के उत्पादन में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

टोयोटा व वाराणसी स्मार्ट सिटी ने एमओयू किया

वाराणसी। टोयोटा ने आज वाराणसी में सड़क सुरक्षा प्रवर्तन के लिए मौजूदा ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के साथ एकीकृत 20 महत्वपूर्ण ट्रैफिक जंक्शनों पर सर्विलांस कैमरों की आपूर्ति और स्थापना हेतु वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। वाराणसी को यातायात जाम और सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हर वर्ष लाखों आगंतुकों के आगमन, पैदल यात्रियों और वाहनों की भारी आवाजाही के कारण स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट समाधानों की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है।

इंटरटेनमेंट...

रामायण ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1547.15 करोड़ कमाये



नयी दिल्ली। अभिनेता रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश अभिनीत फिल्म रामायण ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर।,500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। यह फिल्म पांच नवंबर को रिलीज हुई थी, जो प्राचीन महाकाव्य रामायण पर आधारित दो भागों वाली फिल्म शृंखला की पहली कड़ी है।

इसमें कपूर ने भगवान राम, साई पल्लवी ने सीता और यश ने रावण की भूमिका निभाई है। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज हुई है। फिल्मों की बॉक्स ऑफिस कमाई के आंकड़े देने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में।,547.15 करोड़ रुपये की कमाई की है। वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसका कुल कारोबार।,032.15 करोड़ रुपये रहा। फिल्म की कहानी भगवान राम के वनवास, रावण द्वारा सीता के हरण और अच्छाई व बुराई की ताकतों के बीच हुए युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता संगीतकार हंस जिमर और ए आर रहमान ने तैयार किया है जबकि टेरी नोटरी और गाय नॉरिस एक्शन टीम का हिस्सा हैं। इसका निर्माण नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है। फिल्म से जुड़े अन्य कलाकारों में सनी देओल, अनुपम खेर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय, आदिनाथ कोठारे, अरुण गोविल, कुणाल कपूर, इंदिरा कृष्णन और लारा दत्ता आदि हैं।

जी टीवी के लक्ष्मी निवास में गश्मीर महाजनी की धमाकेदार वापसी

मुंबई। कुछ कहानियां अपने गहरे जज्बात, अपनों के लिए किए गए त्याग और परिवार के रिश्तों की मजबूती से सीधे दिल में उतर जाती हैं। जी टीवी का शो लक्ष्मी निवास भी अपनी शुरूआत से ही मिडिल क्लास परिवार के सपनों, उम्मीदों और रिश्तों के उतार चढ़ाव को बेहद खूबसूरती से पर्दे पर उतार रहा है। जिंदगी की छोटी बड़ी उलझनों और किरदारों के संघर्षों को कहानी का हिस्सा बनाते हुए इस शो ने दर्शकों के बीच अपनी खास जगह बनाई है। यही वजह है कि इसके किरदारों की खुशियां और मुश्किलें अब दर्शकों के अपने घर की कहानी जैसी लगने लगी हैं। पिछले कुछ हफ्तों से दर्शक राधिका (अक्षिता मुद्गल) और वीर (राघव तिवारी) की जिंदगी में आए बड़े उथल पुथल को करीब से देख रहे हैं। दरअसल, राधिका के पूर्व मंगेतर आदित्य (गश्मीर महाजनी) का एक भयानक हादसा हो गया था। हादसे के बाद सभी को लगा कि आदित्य की मौत हो चुकी है। ऐसे में राधिका और वीर ने उसकी छोटी बेटी निय्या की परवरिश की जिम्मेदारी संभाल ली। दूसरी ओर, इसी हादसे को लेकर वीर भी गंभीर कानूनी मुश्किलों में फंस गया, जिससे दर्शकों के मन में यह सवाल बना रहा कि आखिर सच सामने आएगा भी या नहीं। गश्मीर महाजनी आदित्य के रूप में धमाकेदार वापसी करने जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आदित्य उस जानलेवा हादसे में बच तो गया था, लेकिन उसकी याददाश्त पूरी तरह जा चुकी है।

सचिन पांडे ने पेश की दुनिया की ठाँय-ठाँय

मुंबई। ठुकरा के मेरा प्यार और उसके दूसरे सीजन के बाद, क्रिएटर सचिन पांडे ने दुनिया की ठाँय ठाँय के रूप में एक और सफल व बेहतरीन सीरीज अपने नाम दर्ज की है। बॉम्बे शो स्टूडियोज की यह सीरीज रोमांस, सियासी रंजिश और बदले की भावना को साथ में पेश करने वाली एक ऐसी कहानी है, जो यह दिखाती है कि कैसे एक धोखा दो लोगों की ज़िंदगियों का रुख पूरी तरह बदल सकता है।

इस सीरीज की परिकल्पना और निर्माण पांडे ने किया है, निर्देशन सुमित चावला का है और इसे लिखा है नितिन केसवानी ने। ऋषभ जायसवाल और दीपाली शर्मा स्टारर यह एमएक्स ओरिजिनल 22 अक्टूबर से प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर एंड्रॉइड ऐप पर मुफ्त में स्ट्रीम हो रही है। राजनीतिक सरगर्मी से भरे शहर शक्तिपुर की पृष्ठभूमि पर बनी दुनिया की ठाँय-ठाँय विकास नामक होनहार युवा की कहानी है, जो एक युवा शूटर है और भारत के लिए ओलंपिक खेलने का सपना संजोता है। उसकी ज़िंदगी में एक अनापेक्षित मोड़ तब आता है जब उसे एक रसूखदार नेता की बेटी वैष्णवी से इश्क हो जाता है। रोमांस से शुरू हुई यह कहानी जल्द ही उसे ऐसी दुनिया में खींच लाती है जहाँ सत्ता और खानदानी वफादारी ही प्यार की कीमत तय करती हैं। वैष्णवी को बचाने के लिए सब कुछ दाँव पर लगाने के बाद, विकास सलाखों के पीछे पहुँच जाता है। लेकिन अदालत में विकास के खिलाफ वैष्णवी की गवाही उसका भरोसा तोड़ देती है और यहीं से उसके बदलने की शुरूआत होती है। पाँच साल बाद वे दोनों एक बार फिर मिलते हैं, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। विकास अब खौफनाक विक्की भैया बन चुका है, जबकि वैष्णवी एक आईपीएस ऑफिसर है, जिसके पास उसे कानून के कटघरे में खड़ा करने की जिम्मेदारी है। पांडे के लिए, यह सीरीज ऐसी कहानियों के सफर को आगे बढ़ाती है जो जज्बाती रिश्तों और हिंदी भाषी परिवेश के संघर्षों पर टिकी हैं। धवल ठाकुर और संचिता बसु स्टारर ठुकरा के मेरा प्यार के जरिए उन्होंने ऐसी प्रेम कहानी दिखाई थी जिसमें जाति, वर्ग और परिवार के दबाव की वजह से दरार आ जाती है। इसके दूसरे सीजन ने उस दायरे को और बढ़ाया, जिसमें मुख्य किरदारों को प्यार, अपराधबोध और राजनीतिक सत्ता की खींचतान में गहराई से उतरते दिखाया गया। दुनिया की ठाँय-ठाँय इस जॉनर में एक नया टकराव लेकर आती है। इसके केंद्र में दो ऐसे पुराने प्रेमी हैं जिनके रिश्ते की यादें उनके आज के वजूद से बिल्कुल मेल नहीं खातीं। यह तनाव उनके अनसुलझे रिश्ते से पैदा होता है, साथ ही कानून के दो अलग-अलग छोर पर उनके खड़े होने से और भी गहरा होता जाता है।

सचिन पांडे ने अपनी इस नई सफलता के साथ बॉम्बे शो स्टूडियोज की पहचान को और भी ज्यादा मजबूत किया है।

तीन तिगाड़ा अब हिंदी जी 5 पर उपलब्ध

नई दिल्ली। प्यार, सपने और जिंदगी शायद ही कभी हमारी सोच के मुताबिक चलते हैं। युवा प्रेम, महत्वाकांक्षाओं और जिंदगी के अनपेक्षित मोड़ों को एक साथ पेश करने वाली तीन तिगाड़ा अब हिंदी जी 5 पर उपलब्ध है।

संगीत और क्रिकेट की दुनिया की पृष्ठभूमि पर बनी यह कहानी दो युवाओं के जीवन पर आधारित है, जो प्यार और अपने सपनों को पूरा करने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

लेकिन अचानक उनके सामने एक ऐसी स्थिति आ जाती है, जो उनकी जिंदगी बदल देती है और भविष्य को लेकर उनकी अब तक की सारी सोच को चुनौती देती है। इस सीरीज में प्रसन्ना बिष्ट, दानेश रजवी, अर्चिका अरोड़ा, समर्थ मेहता और ग्रुशा कपूर अहम भूमिकाओं में हैं। तीन तिगाड़ा का निर्माण स्ट्रीटलैंप मीडिया एंटरटेनमेंट एलएलपी और आई स्क्रीम ड्रीम्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। इस सीरीज की कहानी के केंद्र में अस्मानी और मनन हैं, जिनकी भूमिका क्रमशः प्रसन्ना बिष्ट और दानेश रजवी ने निभाई है। दोनों अपने रिश्ते के साथ-साथ अपने-अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं।

इसी बीच अचानक अस्मानी के गर्भवती होने की खबर उनकी जिंदगी बदल देती है और उनकी प्रेम कहानी एक ऐसे मोड़ पर पहुंच जाती है, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। एक तरफ उनके सपने और रिश्ता हैं, तो दूसरी तरफ उन पर आई नई जिम्मेदारियां।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com